


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-31 अंक : 99 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) आषाढ कृ.10/11 2083 शुक्रवार, 10 जुलाई-2026

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद ※ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये


### मानसून ने पूरे देश को कवर किया

नई दिल्ली, 9 जुलाई (एजेंसियां)। मानसून ने गुरुवार को पूरे देश को कवर कर लिया है। आमतौर पर यह 8 जुलाई को देश का पूरा हिस्सा कवर कर लेता है, लेकिन इस बार एक दिन लेट है। मानसून के कारण सभी राज्यों में बारिश का दौर जारी है। यूपी में गुरुवार सुबह से नोएडा, मथुरा, मेरठ, बुलंदशहर समेत 50 शहरों में तेज बारिश हो रही है। नोएडा में सड़कों पर एक से दो फीट तक पानी भर गया। वहीं, गाजियाबाद में 10 फीट सड़क धंस गई। इसमें कार और बाइक समा गई। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में नालूपानी और यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर लैंडस्लाइड हुआ। वहीं, टिहरी में बुधवार को एनएच-707ए पर दुकानों के पास लैंडस्लाइड में एक मकान गिर गया।

## पीएम ने मेलबर्न में 30 हजार भारतीयों को संबोधित किया

# भारत को यूरेनियम सप्लाई करेगा ऑस्ट्रेलिया

### परमाणु ऊर्जा और हथियारों के लिए जरूरी; मोदी ऑस्ट्रेलियन पीएम से बोले-हम आपसे सीख रहे



मेलबर्न, 9 जुलाई (एजेंसियां)। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच गुरुवार को यूरेनियम डील पर मुहर लग गई है। मेलबर्न में पीएम मोदी और ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बनीज ने मीटिंग के बाद जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, स्पेस और महत्वपूर्ण खनिज (क्रिटिकल मिनरल्स) समेत कई क्षेत्र में समझौतों की घोषणा की।

मोदी ने कहा- भारत और ऑस्ट्रेलिया मिलकर क्रिटिकल मिनरल्स कॉरिडोर भी विकसित करेंगे। कोकोस (कीलिंग) द्वीप पर स्पेस ट्रैकिंग टर्मिनल बनाया जाएगा, जिससे भारत के गगनयान मिशन को मदद मिलेगी। भारत अभी 4 देशों से यूरेनियम खरीदता है। ऑस्ट्रेलिया पांचवां है। यूरेनियम परमाणु उर्जा और बम दोनों के लिए जरूरी है।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वार्ता के बाद दोनों पीएम मोदी और पीएम अल्बनीज ने संयुक्त बयान जारी किया। मोदी ने 16 साल के बच्चों को सोशल मीडिया बैन करने के मामले में ऑस्ट्रेलिया की तारीफ की। इसके बाद मेलबोर्न में 30 हजार भारतीयों को संबोधित किया। रिश्तों को क्रिकेट से जोड़ा: पीएम मोदी ने कहा- दोनों देशों का रिश्ता क्रिकेट जैसा है। हमारी मुलाकातें क्रिकेट की तरह होती हैं। एजेंडे में वनडे जैसा फोकस है, फैसले टी-20 की तरह तेजी से होते हैं और हमारी साझेदारी टेस्ट मैच की तरह लंबी और मजबूत है। पीएम अल्बनीज ने कहा- आज हमने 2015 के भारत-ऑस्ट्रेलिया परमाणु सहयोग समझौते के तहत भारत को यूरेनियम निर्यात की व्यवस्था पर साइन किए हैं। हम दोनों देशों के रिश्तों को और गहरा बनाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। दोनों देशों ने ऑस्ट्रेलिया-भारत साइबर, क्रिटिकल टेक्नोलॉजी और सप्लाई चेन पार्टनरशिप शुरू करने पर सहमति जताई है। इसके तहत दोनों देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर, साइबर सिक्योरिटी और डिजिटल रेजिलिएंस जैसे क्षेत्रों में एकसाथ रिसर्च करेंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत में दो लाख से ज्यादा रजिस्टर्ड स्टार्ट्सअप हैं। डिफेंस और स्पेस जैसे सेक्टर में भी सैकड़ों स्टार्टअप्स काम कर रहे हैं। आज ऑस्ट्रेलिया में हजारों भारतीय स्टूडेंट्स पढ़ रहे हैं। साथ ही ऑस्ट्रेलियन संस्थाएं भारत में भी अपने इंस्टीट्यूट्स खोल रही हैं।

मोदी ने कहा कि आज भारत में डिजी लॉकर के 70 करोड़ से ज्यादा यूजर हैं। इनमें 850 करोड़ से ज्यादा डॉक्यूमेंट सेव हैं। करोड़ों भारतीयों के पास एक सेक्योर हेल्थ डिजी लॉकर भी है। इससे इलाज की व्यवस्था और सुधर रही है। एक जमाने में आप सभी ने पासपोर्ट से जुड़ी परेशानियां भी सहीं होगी। महीनों लगते थे, लेकिन आज कुछ ही दिनों में पासपोर्ट मिल जाता है। पिछले महीने वेनेजुएला में विनाशकारी भूकंप आया। हमने दूरी कितनी है यह देखा नहीं। हमने वेनेजुएला की पीड़ा को अपनी पीड़ा समझा। हमने एक्स्पर्ट मेडिकल टीम भेजी। कोरोना काल की यादें भी हमारे मन में ताजा है।

### मेलबर्न वालों से मिलने का इंतजार था : पीएम मोदी

मेलबर्न, 9 जुलाई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारतीय समुदाय को संबोधित करने से पहले मेलबर्न के मार्वल स्टेडियम में 30,000 से अधिक लोग जुट चुके हैं। यह ऑस्ट्रेलिया में किसी भी विश्व नेता के लिए आयोजित अब तक की सबसे बड़ी सभाओं में से एक मानी जा रही है। 'मेलबर्न मीट्स मोदी' नाम से आयोजित इस कार्यक्रम में भारतीय समुदाय का अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। पूरा स्टेडियम 'मोदी, मोदी' और 'भारत माता की जय' के नारों से गूंज उठा। बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया और हर तरफ उत्साह का माहौल दिखाई दिया।


**मार्वल स्टेडियम में आखिर कैसा था माहौल :**

मेलबर्न का प्रसिद्ध मार्वल स्टेडियम भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई समुदाय की भारी मौजूदगी से पूरी तरह गुलजार नजर आया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, संगीत और देशभक्ति से ओत-प्रोत नारों ने माहौल को और भी ऊर्जावान बना दिया। हजारों लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंच पर आने का बेसब्री से इंतजार करते रहे। पूरे स्टेडियम में भारत का तिरंगा और ऑस्ट्रेलिया का राष्ट्रीय ध्वज एक साथ लहराते दिखाई दिए। यह नजारा दोनों देशों के बीच मजबूत होते रिश्तों और भारतीय समुदाय के भारत से गहरे भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक बन गया। प्रधानमंत्री के संबोधन से पहले भारतीय समुदाय के कई सदस्यों ने अपनी खुशी और उत्साह साझा किया।

एक सदस्य ने कहा कि सचमुच, मेलबर्न के दिल में आज इतिहास बन रहा है। एक अन्य व्यक्ति ने कहा, मैं आज बेहद उत्साहित हूं और मोदी जी को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। 'मेलबर्न मीट्स मोदी' हमारे लिए बेहद खास अवसर है। एक और अन्य सदस्य ने कहा, मैं नरेंद्र मोदी का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं।

> ई20 पेट्रोल को लेकर गडकरी ने कहा

## 'माइलेज पर मामूली असर, इंजन पर नहीं'




नई दिल्ली, 9 जुलाई (एजेंसियां)। वाहनों में पेट्रोल के साथ ज्यादा इथेनॉल मिलाने को लेकर बहस जारी है। इस बीच, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि इथेनॉल की ऊर्जा क्षमता पेट्रोल से कम होती है। इसलिए जैसे-जैसे पेट्रोल में इथेनॉल की मात्रा बढ़ती है, वैसे-वैसे गाड़ी का औसत माइलेज थोड़ा कम हो सकता है।

लेकिन ज्यादातर मामलों में इसका असर बहुत कम होगा। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, कि सोशल मीडिया पर ई20 पेट्रोल से वाहनों के खराब होने की जो बातें सामने आ रही हैं, उन्हें बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है। उनके मुताबिक, यह एक सुनियोजित दुष्प्रचार है।

गडकरी ने कहा कि ई20 मिश्रण (20 प्रतिशत इथेनॉल और 80 प्रतिशत पेट्रोल) को पूरे देश में लागू करने से पहले पुणे स्थित ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एआरएआई) और वाहन बनाने वाली कंपनियों ने कई तरह के परीक्षण किए थे। सभी जरूरी मंजूरी मिलने के बाद ही इसे लागू किया गया। पुराने वाहनों के कुछ छोटे पुर्जों पर थोड़ा असर पड़ सकता है। इसे देखते हुए वाहन कंपनियों को निर्देश दिया गया है कि सर्विस के दौरान वे ऐसे पुर्जों को बदल दें। गडकरी ने कहा, मुझे एक भी ऐसी गाड़ी दिखाइए जो ई20 पेट्रोल की वजह से खराब हुई हो। सोशल मीडिया पर जो बातें फैलाई जा रही हैं, वे एक सुनियोजित दुष्प्रचार का हिस्सा हैं।

**माइलेज को लेकर गडकरी ने क्या कहा :**

माइलेज के बारे में गडकरी ने कहा, देखिए, दो बातें हैं। पहली, इथेनॉल और पेट्रोल की ऊर्जा क्षमता में अंतर है, यह सच है। लेकिन माइलेज इस बात पर भी निर्भर करता है कि वाहन किन परिस्थितियों में चलाया जा रहा है। दिल्ली और मुंबई जैसे शहरों में ट्रैफिक के कारण गाड़ियां अक्सर कम गियर में चलती हैं।

## ममता को कोर्ट से राहत : पार्टी के तीनों खातों से पैसा निकाल सकेगी टीएमसी



कोलकाता, 9 जुलाई (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की राजनीति में गुरुवार को दो बड़े घटनाक्रम सामने आए। एक ओर कलकत्ता हाईकोर्ट ने जहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की गुट वाले तृणमूल कांग्रेस को पार्टी के फ्रीज किए गए तीन बैंक खातों के संचालन के लिए एक विशेष अधिकारी नियुक्त कर दिया, वहीं दूसरी ओर अदालत ने पूर्व मंत्री अरूप विश्वास पर अदालत परिसर में कथित अंडे फेंकने की घटना पर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि आरोपियों की सार्वजनिक बेइज्जती और उन पर अंडे फेंकने जैसी प्रवृत्ति पर रोक लगनी चाहिए। जस्टिस सौगत भट्टाचार्य ने रिटायर्ड जज जस्टिस सुब्रत तालुकदार को 30 सितंबर तक विशेष अधिकारी नियुक्त किया। अदालत ने तय किया कि उनकी निगरानी में ही टीएमसी अपने फ्रीज किए गए बैंक खातों का सीमित इस्तेमाल कर सकेगी।

बिल्कुल नहीं। अदालत ने साफ कर दिया कि खातों से सिर्फ पार्टी के रोजमर्रा के संचालन और कानूनी मामलों से जुड़े खर्च ही किए जा सकेंगे। कोर्ट ने स्पष्ट कहा, स्पेशल ऑफिसर किसी भी अन्य बड़े या छोटे खर्च की अनुमति नहीं देंगे। हालांकि राज्य सरकार ने कानूनी खर्चों के लिए रकम निकालने का विरोध किया, लेकिन अदालत ने इसकी भी इजाजत दे दी।

## अमेरिका में तेलंगाना के इंजीनियर ने पत्नी की हत्या की

### भारत में रह रही गर्लफ्रेंड को शव की फोटो भेजी जमानत के लिए 47 करोड़ देने होंगे

वॉशिंगटन डीसी/हैदराबाद, 9 जुलाई (एजेंसियां)। अमेरिका में एक भारतीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर को पत्नी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का आरोप है कि उसने पत्नी का गला घोंटकर हत्या की। अगले दिन उसके शव की फोटो भारत में रहने वाली गर्लफ्रेंड को भेजी। करीब 9 महीने तक चली जांच के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। फिलहाल वह हिरासत में है। उसे जमानत के लिए 50 लाख डॉलर यानी करीब 47 करोड़ रुपये चुकाने होंगे। दोषी साबित होने पर उसे उम्रकैद की सजा हो सकती है। आरोपी की पहचान 30 साल के अविनाश नार्ने के रूप में हुई है। वह तेलंगाना का रहने वाला है। वह अमेरिका में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। उसकी शादी 5 जून 2025 को 27 साल की राजिता सब्बिनेनी से हुई थी।

27 अक्टूबर 2025 को अविनाश ने पुलिस को फोन कर कहा कि उसकी पत्नी बाथरूम में बंद है और दरवाजा नहीं खोल रही। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो राजिता का शव अंदर मिला। उसने दावा किया कि वह करीब 40 मिनट के लिए घर से बाहर गया था और लौटने पर पत्नी बाथरूम में बंद मिली। जांच के दौरान पुलिस ने अपार्टमेंट के स्मार्ट लॉक और सिक्योरिटी सिस्टम का डेटा खंगाला। इससे पता चला कि अविनाश के बाहर रहने के दौरान फ्लैट में कोई दूसरा व्यक्ति घर में नहीं आया। इसके बाद पुलिस ने किसी बाहरी व्यक्ति के हत्या करने की आशंका खारिज कर दी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सामने आया कि राजिता की मौत गला घोंटने से दम घुटने के कारण हुई थी। इसके बाद मामले को हत्या मानकर जांच आगे बढ़ाई गई। जांच में पता चला कि अविनाश का भारत में रहने वाली एक महिला से कई साल से प्रेम संबंध था। इसी दौरान उसने राजिता से अरेंज मैरिज की। पुलिस के मुताबिक उसकी गर्लफ्रेंड शादी में भी शामिल हुई थी। शादी के बाद भी दोनों लगातार संपर्क में रहे। हत्या वाले दिन अविनाश ने गर्लफ्रेंड से कम से कम चार बार बात की थी। पूछताछ में उसने यह भी स्वीकार किया कि पत्नी की मौत के अगले दिन उसने राजिता के शव की तस्वीर उसे भेजी थी। पुलिस को जांच में राजिता और अविनाश के बीच हुई चैट भी मिली। इनमें राजिता ने कई बार पति के बनाए ड्रिंक का स्वाद कड़वा होने की शिकायत की थी। मौत वाले दिन उसने मैसेज कर कहा था कि पति की बनाई स्मूदी का स्वाद दवा और कफ सिरप जैसा लग रहा है। पुलिस के घर पहुंचने पर अविनाश ने कहा था कि उसकी पत्नी की तबीयत ठीक नहीं थी, हो सकता है कि कफ सिरप पीने के बाद वह बाथरूम में गिर गई हो।

## ईरान पर तीसरी बार अमेरिकी हमला

**बंदर अब्बास तबाह, जॉर्डन, कुवैत और बहरीन में भी धमाके**

तेहरान, 9 जुलाई (एजेंसियां)। अमेरिका ने गुरुवार शाम को एक बार फिर ईरान पर हवाई हमले किए हैं। इस बार ईरान की पोर्ट सिटी बंदर अब्बास को निशाना बनाया गया है। बंदर अब्बास से कई धमाकों की खबरें हैं। बताया जा रहा है कि अमेरिकी हमलों में ईरानी सेना और आईआरजीसी से जुड़े मिलिट्री इंफ्रास्ट्रक्टर को निशाना बनाया गया है।

इसके जवाब में ईरान ने अमेरिका के सहयोगी अरब देशों जॉर्डन, बहरीन और कुवैत पर हवाई हमले किए हैं। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, होर्मुज स्ट्रेट पर बसे ईरानी पोर्ट सिटी बंदर अब्बास में और धमाके सुने गए हैं। एजेंसी ने इन हमलों में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं दी है। हालांकि, प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया है कि धमाकों वाली जगहों के काले धुएं के गुबार उठते नजर आए हैं। बंदर अब्बास ईरान के होर्मोज्गान प्रांत की राजधानी है और फारस की खाड़ी के नजदीक स्थित है।

## '4 अगस्त तक कार्रवाई नहीं की तो शीर्ष अधिकारियों की खैर नहीं'

### जमीनी सर्वे के लिए स्पेशल टीम बनाने का निर्देश




नई दिल्ली, 9 जुलाई (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने देश भर में गैर-कानूनी और असुरक्षित इमारतों और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए दिल्ली, गुरुग्राम, लखनऊ, पटना और तमिलनाडु के नगर निगम अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने इन अधिकारियों से उन जर्जर इमारतों को गिराने या खाली कराने के लिए की गई कार्रवाई की स्टेट्स रिपोर्ट मांगी है, जिनसे आपदा का खतरा हो सकता है।

हाल ही में साकेत और मालवीय नगर में इमारत गिरने की घटना व लखनऊ के अलीगंज में आग लगने की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे कोर्ट के 20 मई के निर्देशों के पालन में की गई कार्रवाई की जानकारी बेंच के सामने रखें।

**जमीनी सर्वे के लिए स्पेशल टीम बनाने का दिया निर्देश :**

सुप्रीम कोर्ट ने साकेत, मालवीय नगर और लाजपत नगर का तय समय-सीमा के अंदर जमीनी सर्वे करने के लिए आईआईटी दिल्ली के दो सीनियर प्रोफेसर और दो ड्राफ्ट्समैन वाली एक स्पेशल टीम (कमेटी) बनाने को कहा। इस टीम के साथ दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के अधिकारी भी होंगे। इसी तरह का सर्वे सरोजिनी नगर में भी किया जाएगा, जो नई दिल्ली नगर परिषद (एनडीएमसी) के अधिकारी क्षेत्र में आता है।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस काम में कोई लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए और कमेटी को एक सच्ची रिपोर्ट सौंपनी चाहिए। बेंच ने कहा, हम यह साफ करते हैं कि कमेटी की ओर से सच्ची रिपोर्ट देने में कोई लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। अगर हमें इस पर शक हुआ तो रिपोर्ट की सच्चाई जानने के लिए इस कोर्ट से एक स्पेशल टीम भेजी जा सकती है। कोर्ट ने यह चेतावनी देते हुए कहा कि अगर नगर निगम और विकास प्राधिकरण के कमिश्नर, सीईओ और दूसरे जिम्मेदार अधिकारी अगली तारीख तक की गई कार्रवाई की रिपोर्ट रिकार्ड पर नहीं रखते या कोर्ट के निर्देशों का पालन नहीं करते तो, उनके खिलाफ संज्ञान लेते हुए अवमानना की कार्रवाई शुरू की जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, यह कोर्ट सीधे तौर पर जिम्मेदार अधिकारियों यानी ऐसी नगर पालिकाओं या संबंधित विकास प्राधिकरण के कमिश्नर या सीईओ के खिलाफ 'सुओ मोटो' अवमानना की कार्रवाई शुरू कर सकता है।

कोर्ट ने आगे चेतावनी दी कि यदि अगली तारीख पर यह पाया गया कि पहले दिए गए निर्देशों और तोड़फोड़ के आदेशों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई है, तो संबंधित अथॉरिटी के मुख्य कार्यकारी प्रमुखों की सीधी जिम्मेदारी तय की जाएगी। कोर्ट ने कहा, हम यह स्पष्ट कर रहे हैं कि अगर अगली तारीख पर हमें पता चला कि कोई कार्रवाई नहीं की गई है तो सीधे तौर पर हम उस अथॉरिटी के सीईओ की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

बेंच ने एमिकस (कोर्ट की ओर से नियुक्त वकील) की इस बात से सहमति जताई कि अथॉरिटीज अपनी साख बचाने वाला रवैया अपना रही हैं, वे इमारत गिरने या आग लगने की घटनाओं के बाद सिर्फ बिल्डरों को गिरफ्तार करती हैं, लेकिन अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई न करने के लिए जिम्मेदार अपने ही अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं करती।

## आईएसआई की नई साजिश : ब्रिटेन और कनाडा में भारतीयों पर हमले कर सकते हैं खालिस्तान समर्थक एजेंसियां अलर्ट




नई दिल्ली, 9 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय खुफिया एजेंसियों ने ब्रिटेन और कनाडा में रह रहे भारतीय समुदाय की सुरक्षा को लेकर गंभीर चेतावनी जारी की है। खुफिया सूचनाओं के अनुसार, पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और खालिस्तानी समर्थक भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थक माने जाने वाले लोगों पर हमलों की साजिश रच रहे हैं।

खुफिया अधिकारियों के अनुसार, हाल के वर्षों में ब्रिटेन और कनाडा में भारतीय समुदाय के खिलाफ कथित तौर पर खालिस्तान समर्थक तत्वों द्वारा घृणा अपराध और हिंसक घटनाओं में बढ़ोतरी देखी गई है। पहले जहां ऐसी घटनाएं छिटपुट होती थीं, वहीं अब आशंका है कि इन्हें अधिक संगठित तरीके से अंजाम दिया जा सकता है। इन संभावित हमलों को रोकने के लिए भारतीय सुरक्षा एजेंसियां पश्चिमी देशों की सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय बनाकर काम कर रही हैं।

**क्या कहना है कि खुफिया अधिकारियों का :**

इंटेलिजेंस ब्यूरो के एक अधिकारी ने बताया कि खालिस्तान आंदोलन को समर्थन देने वाली आईएसआई ने यूरोप में सक्रिय अपने नेटवर्क को ब्रिटेन और कनाडा में भारतीय समुदाय के खिलाफ गतिविधियां तेज करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारी के अनुसार, अब इन घटनाओं को एक सुनियोजित अभियान के तहत अंजाम दिए जाने की आशंका है। अधिकारी ने कहा, आईएसआई भारतीय समुदाय के खिलाफ सिलसिलेवार और समन्वित हमलों की योजना बना रही है। इन तत्वों द्वारा लोगों को भारत समर्थक या प्रधानमंत्री मोदी का समर्थक बताकर निशाना बनाया जा सकता है और इसी बहाने ऐसे हमलों को अंजाम देने की तैयारी है। अधिकारी के मुताबिक, आईएसआई की रणनीति में यह बदलाव खालिस्तान आंदोलन को गति नहीं मिलने से पैदा हुई निराशा का परिणाम है।

उन्होंने यह भी कहा कि निशाने पर केवल भारतीय समुदाय ही नहीं होगा, बल्कि खालिस्तान से जुड़े मामलों की जांच और कार्रवाई करने वाली भारतीय एजेंसियों को भी लक्ष्य बनाने की योजना बनाई जा रही है।

एक अन्य अधिकारी ने बताया कि हिंसक वारदातों को अंजाम देने के लिए आईएसआई अपने गैंगस्टर नेटवर्क का इस्तेमाल कर सकती है। इसके लिए यूरोप और भारत में सक्रिय मॉड्यल को सक्रिय करने के निर्देश दिए गए हैं। भारत में स्थानीय गैंगस्टरों के जरिए हमलों को अंजाम देने की योजना बनाई गई है।

## तेलंगाना हाईकोर्ट ने केंद्रीय मंत्री बंडी संजय कुमार के बेटे को दी जमानत, पॉक्सो मामले में है आरोपी



हैदराबाद, 9 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना हाई कोर्ट ने गुरुवार को केंद्रीय राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार के बेटे बंडी भागीरथ को पॉक्सो मामले में सशर्त जमानत दे दी है। हाई कोर्ट ने पॉक्सो मामले में बंडी भागीरथ को रेगुलर जमानत दे दी है। इसके लिए उन्हें 1 लाख रुपये और दो जमानतदार देने होंगे, साथ ही कुछ अन्य शर्तें भी पूरी करनी होंगी। कोर्ट ने आरोपी को यह भी निर्देश दिया कि वह गवाहों को प्रभावित न करे और न ही जांच में कोई दखल दे।

**चेर्लापल्ली सेंट्रल जेल से बंडी भागीरथ होगा रिहा :**

बंडी भागीरथ अभी चेर्लापल्ली सेंट्रल जेल में बंद हैं, कोर्ट से जमानत मिलने के बाद अब उसे रिहा किया जाएगा। बंडी भागीरथ के खिलाफ पेट बशीरबाद पुलिस थाने में पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था।

इससे पहले तेलंगाना हाईकोर्ट ने 15 मई की रात को बंडी भागीरथ को गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा देने से इनकार कर दिया था। बंडी भागीरथ के वकील एस निरंजन रेड्डी ने दलील दी थी कि पुलिस को उसे गिरफ्तार न करने का निर्देश दिया जाए और अंतरिम अवधि के दौरान उन पर कड़ी शर्तें लगाई जाएं। हालांकि, दो घंटे से अधिक चली सुनवाई के अंत में, जस्टिस टी माधवी देवी ने कहा, मैंने पीड़ित का बयान सरसरी तौर पर पढ़ा है, हालांकि विस्तार से नहीं और इस स्तर पर मैं कोई अंतरिम आदेश देने के पक्ष में नहीं हूं।

जानकारी दे दें कि बंडी भागीरथ पर अक्टूबर और दिसंबर 2025 के बीच एक 17 वर्षीय लड़की से यौन उत्पीड़न करने का आरोप है। बताया जाता है कि दोनों की मुलाकात जून 2025 में दोस्तों के जरिए हुई थी। 8 मई 2026 को पेटबशीरबाद पुलिस थाने में दर्ज कराई गई शिकायत में लड़की की मां ने आरोप लगाया कि बंडी भागीरथ ने बार-बार उनकी बेटी के साथ यौन शोषण किया और उसे ब्लैकमेल भी किया। शिकायत के अनुसार, उसने कथित तौर पर उसे अलग-थलग कर दिया और उसकी एकेडमिक करियर संबंधी फैसलों पर भी वह निर्णय लेने लगा।

**पुलिस ने दर्ज किया मामला :**

पुलिस ने शुरू में बंडी भागीरथ के खिलाफ किसी महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला करने या आपराधिक बल का प्रयोग करने और यौन उत्पीड़न के साथ-साथ पॉक्सो एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। बाद में, लड़की का बयान दर्ज करने के बाद पुलिस ने पॉक्सो अधिनियम के तहत गंभीर यौन उत्पीड़न का आरोप भी जोड़ दिया। तेलंगाना में सत्ताधारी कांग्रेस और दो प्रमुख विपक्षी दल भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और भाजपा के बीच राजनीतिक टकराव तेज हो गया।

## भारी बारिश के बीच लगे भूकंप के झटके, आधी रात कई जिलों में कांपी धरती

मुंबई, 9 जुलाई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के मराठवाड़ा इलाके के नांदेड़, हिंगोली और परभणी जिलों में गुरुवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। इन झटकों के बाद लोग अपने घरों से बाहर भाग गए। हालांकि अभी तक किसी नुकसान की खबर नहीं है। एक अधिकारी ने बताया कि ये झटके रात 1.37 बजे से 3.23 बजे के बीच महसूस किए गए और रिक्टर स्केल पर इनकी तीव्रता 3.6 से 4.6 के बीच मापी गई। बताया जा रहा है कि दो घंटे से कम समय के अंतराल पर करीब 4 बार झटके महसूस हुए।

शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक, पहला झटका रात करीब 1:37 बजे आया। सिरली-पांगरा शिंदे गांव के पास आए इस भूकंप से लोगों की नींद खुल गई और घबराहट में सभी बाहर भाग गए। इसका केंद्र जमीन से करीब 10 किलोमीटर नीचे था। दूसरा झटका रात 2:15 बजे ककड़धाबा गांव के पास महसूस हुआ। इसकी तीव्रता 3.6 दर्ज की गई। इसके ठीक दो मिनट बाद रात 2:17 बजे का तीसरा झटका और 3:23 बजे चौथा झटका महसूस हुआ। इसके पहले इसी साल अप्रैल में भी हिंगोली इलाके में 4.7 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।

# महाराष्ट्र में डॉक्टर को थप्पड़ मारने वाला शिवसेना पार्षद गिरफ्तार

### 3 साथी भी पकड़े गए; डॉक्टर ने इस्तीफा दिया, कहा- डर से शहर छोड़ा





ठाणे, 9 जुलाई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के ठाणे में हॉस्पिटल के डॉक्टरों से मारपीट के मामले में शिवसेना (शिंदे गुट) के पार्षद रमेश म्हात्रे को बुधवार की देर रात गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके तीन साथियों को भी पकड़ा गया है। वहीं, एक डॉक्टर ने नौकरी से इस्तीफा देकर ठाणे छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि यहां डर का माहौल है। अब कभी वापस नहीं लौटूंगा। घटना सोमवार को कल्याण-डोंबिवली नगर निगम (केडीएमसी) के शास्त्री नगर अस्पताल की है। अस्पताल के एनआईसीयू में कोई बेड खाली नहीं था। इसलिए डॉक्टर सृष्टि बाविस्कर और डॉ. वैभव सालुंखे ने नवजात के परिजनों को दूसरे अस्पताल में भर्ती कराने की सलाह दी। परिजन इससे नाराज हो गए। उन्होंने शिवसेना पार्षद रमेश म्हात्रे को अस्पताल बुला लिया। वह अपने तीन साथियों के साथ अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ से मारपीट की।

पीड़ित डॉक्टर ने मीडिया से कहा, ' मैं घटना के बाद खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा हूं। इसलिए मैंने इस्तीफा दे दिया है और ठाणे छोड़ दिया है। डॉक्टर ने कहा, 'यहां बहुत डर का माहौल है। गुंडे नजर रख रहे हैं। दूसरे डॉक्टर काम करना चाहें तो करें, लेकिन मैं अब कभी ठाणे वापस नहीं लौटूंगा।' राज्य के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने गुरुवार को कहा कि डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने आरोपी पार्षद को फटकार लगाई है। उन्होंने कहा कि महिला डॉक्टर पर हाथ उठाना गलत है और शिवसेना इस घटना का समर्थन नहीं करती।

मामले में किसी तरह का राजनीतिक हस्तक्षेप भी नहीं किया गया। कल्याण से सांसद श्रीकांत शिंदे समेत शिवसेना के कई नेताओं और विपक्ष ने घटना की आलोचना की है। ठाणे सांसद नरेश म्हास्के ने बताया कि पार्टी ने आरोपी पार्षद को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# टीईटी नियमों पर कार्रवाई न करने के लिए जगन ने आंध्र सरकार की आलोचना की



कडपा, 9 जुलाई (एजेंसियां)। वाईएसआरसीपी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने राज्य सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि सरकार अनिवार्य शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) नियमों से परेशान एक लाख से ज़्यादा स्कूल शिक्षकों की शिकायतों को नज़रअंदाज़ कर रही है। एक्स पर एक पोस्ट में, जगन ने सरकार के इस रवैये को अनुचित बताया और मुख्यमंत्री एन। चंद्रबाबू नायडू से मांग की कि वे केंद्र सरकार से बात करके 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों को इस नियम से छूट दिलाने के लिए दखल दें। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इस नियम को पिछली तारीख से लागू करने के कारण अनुभवी शिक्षक बहुत परेशान हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि 20 से 25 साल का अनुभव रखने वाले विषय शिक्षकों के लिए कई विषयों वाली परीक्षा पास करना और उसमें 60 प्रतिशत अंक लाना ज़रूरी क्यों है।

जगन ने कहा, इन शिक्षकों को नौकरी तब मिली थी जब उन्होंने कठिन 'डिस्ट्रिक्ट सिलेक्शन कमेटी' (डीएससी) प्रतियोगी परीक्षा पास की थी। उन्होंने कहा, जब उनकी भर्ती के समय टीईटी नहीं था, तो अब इसे लागू करना गलत है। चूंकि 'शिक्षा का अधिकार अधिनियम' (शिक्षा का अधिकार अधिनियम) में 2011 से टीईटी अनिवार्य किया गया था, इसलिए कानून लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों को इससे छूट देना पूरी तरह से सही और उचित है।

# तिरुपति में शादी के विवाद में खूनी खेल

### सुलह कराने गए 2 रिश्तेदारों की चाकुओं से गोदकर हत्या

तिरुपति, 9 जुलाई (एजेंसियां)। आंध्र प्रदेश के तिरुपति में पद्मावती कल्याण मंडपम के पास दो लोगों की हत्या से हड़कंप मच गया है। यह घटना तब हुई जब रिश्तेदार एक शादी की तैयारी कर रहे थे। इस वारदात से वहां मौजूद सभी लोग सदमे और डर में आ गए। एक व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, जबकि दूसरे की मौत अस्पताल ले जाते समय हुई। खबरों के मुताबिक, ये हत्याएं शादी को लेकर हुए विवाद की वजह से हुईं। पीड़ितों में से एक मुनिरत्नम रेड्डी थे।

उनकी मौत मौके पर ही हो गई। दूसरे पीड़ित सुब्बा रेड्डी गंभीर रूप से घायल हो गए और रुइया अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई। पद्मावती कल्याण मंडपम के पास की सड़कें खून से सनी हुई थीं।

ईस्ट डीएसपी भक्तवत्सलम, सीआई श्रीनिवासुलु, वेस्ट सीआई रामकृष्ण और उनकी टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू की। चश्मदीदों ने बताया कि तीन लोगों ने अंधाधुंध चाकू से हमला किया और फिर भाग गए। घटना का एक वीडियो, जिसे वहां मौजूद एक व्यक्ति ने रिकॉर्ड किया था, वायरल हो रहा है। हमला करने वाले यरपेडु मंडल के जंगलपल्ली के रहने वाले सुनील और उसके दो रिश्तेदार थे।

# एनआईए ने टेरर लिंक मामलों में आंध्र प्रदेश में तीन जगहों पर तलाशी ली





विजयवाड़ा, 9 जुलाई (एजेंसियां)। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए ) के अधिकारियों ने विजयवाड़ा में टेरर लिंक के एक कथित मामले की जांच के तहत तलाशी अभियान चलाया। एनआईए की छापेमारी सुबह करीब 5 बजे शुरू हुई और कोथापेट पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आने वाले विंचीपेटा, भवानीपुरम और महंतीपुरम इलाकों में दिन भर जारी रही। एनआईए ने विंचीपेटा में गांधी बोम्मा सेंटर के पास एक घर और संदिग्धों से जुड़ी अन्य जगहों पर तलाशी ली। खबर है कि एनआईए की तीन खास टीमों ने दस्तावेजों, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और डिजिटल सबूतों की जांच की, जिनके इस मामले से जुड़े होने का शक है। इन छापों का मकसद उन तीन मुख्य आरोपियों के साथियों की पहचान करना है जिन्हें इस साल विजयवाड़ा में गिरफ्तार किया गया था। विंचीपेटा के रहने वाले ड्राइवर मोहम्मद रहमतुल्ला शरीफ को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए जिहादी कंटेंट को बढ़ावा देते हुए पाया गया था और कोथापेट पुलिस ने 22 मार्च को उसे गिरफ्तार किया था।

जांच में पता चला कि उसने भवानीपुरम के मोहम्मद दानिश और महंतीपुरम के मिर्जा सोहेल के साथ मिलकर आतंकवादी गतिविधियों की योजना बनाई थी। बाद में, यह मामला एनआईए को सौंप दिया गया। जांचकर्ता अब यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या आरोपियों के आंध्र प्रदेश या देश के अन्य हिस्सों में कोई साथी थे और इस कथित नेटवर्क का दायरा कितना बड़ा है। अधिकारियों का मानना है कि विजयवाड़ा में हालिया तलाशी से अहम सुराग मिल सकते हैं और चल रही जांच में और कड़ियों का पता लगाने में मदद मिल सकती है। इस बीच, एनआईए ने बताया कि आईएसआईएस और एक्यूआईएस आतंकवादी संगठनों की विचारधारा को बढ़ावा देकर लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार के खिलाफ हिंसक जिहाद के जरिए भारत में इस्लामिक स्टेट स्थापित करने के मकसद से ऑनलाइन टेरर रेडिकलाइजेशन (कट्टरपंथ) के एक मामले में विभिन्न टीमों ने देश भर में तलाशी अभियान चलाया। मामला संख्या आरसी-01/2026/एनआईए/वीएसकेपी की चल रही जांच के तहत, एनआईए की टीमों ने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, राजस्थान, गुजरात और दिल्ली केंद्र शासित प्रदेश में लगभग 20 जगहों पर एक साथ छापेमारी की। एनआईए की प्रेस रिलीज़ के अनुसार, तलाशी के दौरान कई डिजिटल डिवाइस ज़ब्त किए गए। रेडिकलाइज़ेशन (कट्टरपंथ) की साज़िश के बारे में और सुराग पाने के लिए इन डिवाइस की फॉरेंसिक जांच की जाएगी।

याद दिला दें कि इस मामले में अब तक 11 आरोपी और एक नाबालिग को गिरफ़्तार किया जा चुका है। एनआईए ने इस साल मई में विजयवाड़ा पुलिस से यह केस अपने हाथ में लिया था। विजयवाड़ा पुलिस ने मार्च में यह केस दर्ज किया था और मुख्य आरोपी रहमतुल्लाह के घर पर तलाशी ली थी। इस दौरान प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों एक्यूआईएस (अल-कायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट) और आईएसआईएस (इस्लामिक स्टेट) से जुड़ी आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई थी।

## उत्तर कन्नड जिला में भीषण हादसा ट्रक और क्रूजर के बीच टक्कर में 6 लोगों की मौत, 3 घायल

बेंगलूरू, 9 जुलाई (एजेंसियां)। कर्नाटक के उत्तर कन्नडा जिला से दर्दनाक हादसे की खबर सामने आ रही है। यहां एक सड़क हादसे (ट्रक और क्रूजर कार के बीच टक्कर) में 6 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, हादसे में 3 लोग घायल बताए जा रहे हैं। इस हादसे ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। दरअसल, ये पूरी घटना उत्तर कन्नडा जिले में यल्लापुरा तालुका के अराबैल घाट पर सामने आई है। यहां एक ट्रक और क्रूजर कार के बीच भीषण टक्कर हुई, जिसमें 6 लोगों की मौत हो गई है।

जानकारी के अनुसार, धारवाड़ से अंकोला की ओर एक क्रूजर गाड़ी में कुल 9 लोग यात्रा कर रहे थे। वे रात धर्मस्थला और चिकमगलूर की यात्रा पर निकले थे। लेकिन, जब वे अराबैल घाट के बालगर इलाके में पहुंचे, तो क्रूजर और सामने से आ रहे ट्रक (केए 22 एए 1008) के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि इस हादसे में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

## पति से झगड़े के बाद शिकायत करने थाने गई महिला को पुलिस वाले से प्यार हो गया! अब वह उससे शादी करने को तैयार है? मामला एसपी तक पहुंचा

ओंगोल, 9 जुलाई (एजेंसियां)। महिला का अपने पति से झगड़ा चल रहा था। परेशान होकर वह शिकायत दर्ज कराने पुलिस स्टेशन गई। वहां तैनात पुलिस अधिकारी को उससे प्यार हो गया और उसने महिला को दूसरी शादी का प्रस्ताव दिया। महिला भी इसके लिए मान गई। शादी के 14 साल बाद वह दोबारा शादी करके अपनी ज़िंदगी बसाना चाहती है। अब वह महिला गुंटूर एसपी ऑफिस पहुंची है। वह एसपी से गुहार लगा रही है कि उसे उस पुलिस अधिकारी के साथ अपनी तस्वीरें और वीडियो दिखाए जाएं और उसे न्याय मिले। मामले की पूरी जानकारी। पीड़िता की शादी 2004 में हुई थी। उसके दो बच्चे भी हैं। शुरुआत में पति के साथ अनबन के कारण उसे काफी परेशानी हुई। जब उत्पीड़न बढ़ गया, तो वह ओंगोल के वन टाउन पुलिस स्टेशन गई और अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। उस समय, उस स्टेशन पर एसएसआई के तौर पर काम कर रहे रामुलु नायक मामले की जांच कर रहे थे। इसी दौरान वे महिला से रोज़ाना बात करने लगे और उनकी जान-पहचान बढ़ गई।

## शिर्डी में साईं बाबा के वीआईपी दर्शन की फीस हुई 300, संशोधित शुल्क जल्द लागू हो जाएगा



शिर्डी, 9 जुलाई (एजेंसियां)। श्री साईं बाबा संस्थान ने वीआईपी प्रोटोकॉल दर्शन से जुड़ा महत्वपूर्ण फैसला लिया है। संस्थान ने प्रोटोकॉल दर्शन पास की फीस में 100 रुपये की बढ़ोतरी कर दी है। अब इस विशेष दर्शन सुविधा का लाभ लेने के लिए श्रद्धालुओं को प्रति व्यक्ति 300 रुपये का भुगतान करना होगा। पहले यह शुल्क 200 रुपये था।

नई दरें तकनीकी प्रक्रिया पूरी होने के बाद बुधवार दोपहर से लागू की जा रही हैं। साईं संस्थान प्रतिदिन निर्धारित समय पर श्रद्धालुओं के लिए विशेष ब्रेक दर्शन की व्यवस्था करता है। यह सुविधा सुबह, दोपहर और रात के तीन अलग-अलग स्लॉट में उपलब्ध रहती है। इसके माध्यम से श्रद्धालु सामान्य कतार की तुलना में कम समय में दर्शन कर सकते हैं। संस्थान के सामने लंबे समय से यह मुद्दा उठ रहा था कि सामान्य सशुल्क दर्शन और वीआईपी प्रोटोकॉल दर्शन, दोनों का शुल्क समान होने के कारण विशेष सुविधा का अलग महत्व नहीं रह जाता है।

संस्थान ने केवल वीआईपी प्रोटोकॉल दर्शन पास की फीस बढ़ाने का निर्णय लिया है, जबकि सामान्य सशुल्क दर्शन की व्यवस्था में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया गया है। नए निर्णय के बाद वीआईपी प्रोटोकॉल दर्शन कराने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को 300 रुपये का भुगतान करना होगा।

संस्थान का कहना है कि आवश्यक तकनीकी औपचारिकताएं पूरी होते ही संशोधित शुल्क प्रभावी हो जाएगा। इसके बाद सभी नए प्रोटोकॉल पास बढ़ी हुई दर पर जारी किए जाएंगे। हर दिन हजारों श्रद्धालु शिर्डी पहुंचकर साईं बाबा के दर्शन करते हैं। इनमें से बड़ी संख्या ऐसे श्रद्धालुओं की होती है, जो समय की बचत के लिए सशुल्क प्रोटोकॉल दर्शन का विकल्प चुनते हैं।



## बैंक मैनेजर ने पूरे परिवार के साथ खाया जहर, पिता-पुत्री की मौत; क्लेश बना वजह

पटियाला, 9 जुलाई (एजेंसियां)। पटियाला की ऑफिसर कॉलोनी में एक परिवार ने जहर खा लिया। गंभीर हालत में सभी को राजिंदरा अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान पिता और पुत्री की मौत हो गई है। मृतक की पहचान विकास बातिश और उनकी बेटी ख्वाहिश के तौर पर हुई है। जबकि विकास की पत्नी तमन्ना और बेटा कनव गंभीर हैं। विकास बैंक मैनेजर था। डीसीपी संजीव सिंगला के मुताबिक तमन्ना के बयान लिए जा रहे हैं जिसके आधार पर मामले में आगे कार्रवाई की जाएगी। डीएसपी ने बताया कि पैसों के लेनदेन को लेकर परिवार में कोई विवाद चल रहा था।

# यूजीसी-नीट पेपर लीक विवाद

### कांग्रेस ने प्रधान के इस्तीफ़े और एनटीए को भंग करने की मांग की





नई दिल्ली, 9 जुलाई (एजेंसियां)। कांग्रेस ने गुरुवार को यूजीसी-नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ियों को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफ़े और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को भंग करने की मांग की। विपक्षी पार्टी का यह बयान उन रिपोर्टों के बाद आया है जिनमें कहा गया है कि 30 जून को यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन-नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट (यूजीसी-नीट ) के सोशियोलॉजी पेपर में शामिल हुए कई उम्मीदवारों ने आरोप लगाया कि परीक्षा का पेपर लीक हो गया था। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि इन आरोपों ने परीक्षा प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

उन्होंने कहा कि मई 2026 में यूजीसी-नीट परीक्षा के पेपर लीक होने के कुछ दिनों बाद, 'मंत्री प्रधान' ने घोषणा की थी कि अगले साल से नीट परीक्षा कंप्यूटर-आधारित टेस्ट (सीबीटी) के ज़रिए आयोजित की जाएगी। इसका मतलब यह था कि पेन-और-पेपर परीक्षा के विपरीत, सीबीटी पेपर लीक नहीं हो सकता। अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि इस साल यूजीसी-नीट सोशियोलॉजी परीक्षा भी सीबीटी होने के बावजूद लीक हो गई है।

इससे पहले हमने देखा था कि यूजीसी-नीट इंग्लिश परीक्षा में सवाल बिना किसी बदलाव के पुराने पेपरों से सीधे उठा लिए गए थे, रमेश ने एक्स पर कहा। असल बात यह है कि परीक्षा का फ़ॉर्मेट चाहे जो भी हो, पेपर लीक और गड़बड़ियाँ हो रही हैं क्योंकि मोदी सरकार का शिक्षा मंत्रालय कमज़ोर पड़ गया है और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए ) जानबूझकर अक्षम और नाकाम बना दी गई है। मंत्री प्रधान को इस्तीफ़ा देना चाहिए और एनटीए को भंग कर देना चाहिए, उन्होंने कहा। एक दिन पहले, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी कथित गड़बड़ियों को लेकर सरकार की आलोचना की थी और कहा था कि बार-बार हो रहे घोटाले यह दिखाते हैं कि सरकार छात्रों के हितों की रक्षा करने में नाकाम रही है। पिछले हफ़्ते हुई यूजीसी-नीट परीक्षा को लेकर सामने आए गंभीर आरोप बेहद चौंकाने वाले हैं।

# आंध्र प्रदेश में कोरोना से व्यक्ति की मौत

### 4 दिन इलाज चला, दोनों फेफड़े खराब हो गए थे दो जिलों में 5 पॉजिटिव केस मिले





अमरावती, 9 जुलाई (एजेंसियां)। आंध्र प्रदेश के कडप्पा में 46 साल के एक व्यक्ति की कोविड-19 से मौत हो गई। व्यक्ति को पिछले महीने 24 जून को वेल्लोर के सीएमसी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जांच में उसे निमोनिया पाया गया। कोविड की आशंका पर 26 जून को टेस्ट किया गया, जिसमें रिपोर्ट पॉजिटिव आई। जांच में पता चला कि उसके दोनों फेफड़े गंभीर रूप से संक्रमित होकर निमोनिया की चपेट में आ गए थे।

इलाज के दौरान 28 जून को उसकी मौत हो गई। जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रवि बाबू ने बताया कि मृतक शराब पीता था। उसे सांस फूलने और खांसी की शिकायत के बाद अस्पताल लाया गया था। व्यक्ति की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने इलाके में सैनिटाइजेशन शुरू कर दिया है।

मृतक के संपर्क में आए लोगों की पहचान कर उनकी ट्रेसिंग भी की जा रही है। राज्यभर में कराई गई समीक्षा में कडप्पा और तिरुपति जिलों में कोविड के 5 नए पॉजिटिव मामले और सामने आए हैं। मेडिकल एजुकेशन डायरेक्टर (डीएमई) ने राज्य के प्रमुख सरकारी अस्पतालों के अधीक्षकों को पत्र लिखकर कोविड की स्थिति पर लगातार नजर रखने के निर्देश दिए हैं। अस्पतालों में आइसोलेशन बेड, आईसीयू बेड, ऑक्सीजन, वेंटिलेटर, दवाइयों, रैपिड टेस्ट किट, एंबुलेंस

## रुशिकोंडा मामले में जवाब दाखिल करें: एचसी ने आंध्र सरकार से कहा

विशाखापत्तनम, 9 जुलाई (एजेंसियां)। हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को एक याचिका पर जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। इस याचिका में विशाखापत्तनम की रुशिकोंडा पहाड़ी पर बनी इमारतों को लीज पर देने से सरकार को रोकने की मांग की गई है। चीफ जस्टिस लिसा गिल और जस्टिस चल्ला गुना रंजन की बेंच ने मामले की सुनवाई अगले महीने तक के लिए टाल दी। यह निर्देश रुशिकोंडा प्रोजेक्ट से जुड़ी लंबित जनहित याचिका (पीआईएल) में पूर्व जन सेना पार्षद पीथला मूर्ति यादव द्वारा दायर एक अंतरिम अर्जी पर सुनवाई के दौरान दिया गया। याचिकाकर्ता ने सरकार को इमारतों को किसी निजी संस्था को लीज पर देने से रोकने का आदेश देने की मांग की थी।

राज्य की ओर से पेश सरकारी विशेष वकील सिंगमनेनी प्रणति ने कोर्ट को बताया कि अभी तक किसी को भी इमारतें लीज पर नहीं दी गई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने हाल ही में 'एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट' (ईओयू) जारी किया है, जिसमें पर्यटन के लिए सुविधाएं विकसित करने में रुचि रखने वाली एजेंसियों से प्रस्ताव मांगे गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रस्तावों का मूल्यांकन करने के बाद कैबिनेट की उप-समिति उचित निर्णय लेगी।

### धाम में वीआईपी दर्शन के लिए 1100 रुपये लेने पर विवाद

# सीईओ ने कहा-भीड़ बढ़ने पर की गई थी व्यवस्था





**गोपेश्वर (चमोली), 9 जुलाई (एजेंसियां)।**

बदरीनाथ धाम में अब वीआईपी दर्शन के लिए 1100 रुपये लिए जाने का नया विवाद सामने आया है। आरोप है कि धाम में बिना बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के प्रस्ताव के श्रद्धालुओं से प्रति व्यक्ति 1100 रुपये लेकर बैक डोर से दर्शन कराए गए।

इस मामले में सीईओ का कहना है कि भीड़ बढ़ने पर यह व्यवस्था की गई थी और इसके लिए रसीद भी दी जाती है। प्रतिवर्ष मई और जून माह में भगवान बदरीनाथ के दर्शनों के लिए यात्रियों की संख्या बढ़ जाती है।

इसी दौरान कुछ श्रद्धालुओं को रकम लेकर वीआईपी दर्शन कराए गए। बताया जा रहा है कि जून माह के अंतिम सप्ताह से यह व्यवस्था शुल्क लेकर संचालित की गई। जबकि बीकेटीसी उपाध्यक्ष का कहना कि बीकेटीसी एक्ट के तहत किसी भी शुल्क को लागू करने के लिए समिति की मंजूरी आवश्यक है। विवाद के केंद्र में वैयक्तिक सहायक प्रमोद नौटियाल का नाम भी सामने आ रहा है।

आरोप है कि प्रोटोकॉल व्यवस्था संभालने के दौरान उसने वीआईपी दर्शन के लिए शुल्क आधारित व्यवस्था लागू कराई। मामले की शिकायत होने के बाद अब इस राशि के ऑडिट की बात कही जा रही है, जिससे यह स्पष्ट हो सकेगा कि कुल कितनी धनराशि एकत्र हुई और उसका उपयोग किस उद्देश्य में किया गया। बीकेटीसी के सीईओ सोहन सिंह रांगड़ ने बताया कि बदरीनाथ धाम में श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होने के कारण 1100 रुपये में दर्शन कराने की तात्कालिक व्यवस्था की गई थी।

धनराशि का पूरा रिकॉर्ड समिति के पास है। इधर, बीकेटीसी के उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती का कहना है कि वीआईपी दर्शन पर शुल्क लगाने संबंधी कोई प्रस्ताव समिति की बैठक में पारित नहीं हुआ था। वहीं समिति के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि बिना बोर्ड की मंजूरी कोई शुल्क वसूलना एक्ट की भावना के विपरीत माना जाएगा।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

सुविचार: ध्यान देने की कमी से त्रुटियाँ होती हैं वह तनाव पैदा होता है



## देश में 23 एम्स की स्थापना की दिशा में काम : जेपी नड्डा

> केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने एम्स बीबीनगर का दौरा किया
> स्वास्थ्य क्षेत्र में पिछले दशक में हुआ बड़ा बदलाव



हैदराबाद, 9 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में देश के स्वास्थ्य क्षेत्र और स्वास्थ्य आधारभूत ढांचे में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया है।

एम्स बीबीनगर के दौरे के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 20वीं सदी में देश में केवल दिल्ली में एक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान था। वर्ष 2004 से 2014 के बीच केवल एक और एम्स रायबरेली में स्थापित किया गया। लेकिन वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में बड़ा विस्तार हुआ और देश में 19 नए एम्स स्थापित किए गए। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित 23 एम्स में से 18 संस्थान तैयार होकर कार्य कर रहे हैं, जबकि शेष संस्थानों में निर्माण कार्य विभिन्न चरणों में जारी है। उन्होंने कहा कि देश में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए 1 लाख 85 हजार आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित किए गए हैं, जो देश की 140 करोड़ आबादी को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ रहे हैं। जेपी नड्डा ने कहा कि देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 370 से बढ़कर 820 हो गई है। इससे चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता में बड़ा सुधार हुआ है। एम्सनगर के बीबीनगर संबंध में उन्होंने कहा कि इसकी स्वीकृति जून 2022 में दी गई थी और केवल चार वर्षों के भीतर यह संस्थान पूरी तरह सक्रिय होकर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है। इसके लिए 1,110 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। वर्तमान में यहां 132 संकाय सदस्य कार्यरत हैं और नौ विशेषज्ञ विभागों में सेवाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि एम्स बीबीनगर में सभी प्रमुख विशेषज्ञ विभागों की बाह्य रोगी सेवाएं शुरू हो चुकी हैं। यहां प्रतिदिन लगभग 1,800 मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। अस्पताल में भर्ती मरीजों के उपचार, आपातकालीन सेवाओं के साथ-साथ सीटी स्कैन और एमआरआई जैसी आधुनिक जांच सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एम्स बीबीनगर में डिजिटल परामर्श और टेलीमेडिसिन सेवाएं भी शुरू की गई हैं। इसके माध्यम से अब तक लगभग 1 लाख 56 हजार लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और आयुष्मान योजना के अंतर्गत भी सेवाएं दी जा रही हैं। जेपी नड्डा ने कहा कि तृतीयक और सुपर स्पेशियलिटी स्वास्थ्य संस्थानों को केवल उपचार केंद्र नहीं बल्कि शोध केंद्र के रूप में भी विकसित करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि एम्स बीबीनगर के संकाय सदस्यों ने अब तक 1,156 शोध प्रकाशन किए हैं, जिससे यह संस्थान

### ऑनलाइन फॉर्म वालों से कागजी प्रति नहीं मांगे, निर्वाचन अधिकारी ने जारी किए निर्देश

हैदराबाद, 9 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत ऑनलाइन गणना प्रपत्र जमा करने वाले मतदाताओं से अब कागजी प्रपत्र जमा कराने पर जोर नहीं दिया जाएगा। इस संबंध में तेलंगाना के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सी. सुदर्शन रेड्डी पहले ही सभी बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) को स्पष्ट निर्देश जारी कर चुके हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने 7 जुलाई को जारी आदेश में कहा था कि यदि किसी मतदाता ने ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी कर दी है, तो उससे भौतिक गणना प्रपत्र की मांग नहीं की जानी चाहिए। इसके बावजूद कुछ मतदान केंद्रों पर बीएलओ कागजी प्रपत्र स्वीकार करते रहे।

कुछ बीएलओ का कहना है कि वे मतदाताओं से कागजी प्रपत्र मांग नहीं रहे हैं, बल्कि भविष्य में किसी प्रकार की शंका होने पर रिकॉर्ड के लिए उन्हें स्वीकार कर रहे हैं। वहीं, कई मतदाताओं ने शिकायत की कि ऑनलाइन फॉर्म जमा करने के बाद उन्हें न तो पावती मिली और न ही एसएमएस, इसलिए उन्होंने एहतियात के तौर पर कागजी प्रपत्र भी जमा कर दिया। बीएलओ ने स्पष्ट किया कि यदि ऑनलाइन गणना प्रपत्र सही जानकारी के साथ भरा गया है तो पोर्टल उसे स्वीकार कर लेता है और प्रक्रिया पूरी मानी जाती है।

## संविदा कर्मचारियों को न्यूनतम मजदूरी से वंचित किया जा रहा है : कविता



हैदराबाद, 9 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना रक्षा सेना (टीआरएस) की अध्यक्ष कलवाकुंतला कविता ने गुरुवार को राज्य सरकार से सिंगारेणी कंपनी को लंबित बकाया राशि का तत्काल भुगतान करने और उसके कर्मचारियों के लिए बेहतर कल्याणकारी उपायों को सुनिश्चित करने की मांग की।

भद्राद्री कोत्तागुडेम जिले में पीवीके-5 भूमिगत खदान का दौरा करने के बाद श्रमिकों को संबोधित करते हुए, उन्होंने सिंगारेणी कर्मचारियों के लिए एक चिकित्सा बोर्ड की स्थापना की मांग को लेकर इस महीने की 20 तारीख से गोदावरीखानी में भूख हड़ताल की घोषणा की। उन्होंने कोठागुडेम विधायक कुनामनेनी संबाशिवा राव से विधानसभा में चार श्रम संहिताओं के खिलाफ प्रस्ताव पारित कराने का भी आग्रह किया। संविदा कर्मचारियों को न्यूनतम मजदूरी से वंचित किए जाने का आरोप लगाते हुए, कविता ने कहा कि एचएमएस श्रमिकों के अधिकारों के लिए लड़ना जारी रखेगा।

बीआरएस पर तीखा हमला बोलते हुए उन्होंने पार्टी पर अपनी राजनीतिक गतिविधियों की मीडिया कवरेज को रोकने का आरोप लगाया और पार्टी में उनकी वापसी की अटकलों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, 'जब तक मैं जीवित हूं, मैं कभी भी बीआरएस में दोबारा शामिल नहीं होऊंगी।' कविता ने यह भी आरोप लगाया कि बीआरएस 'तेलंगाना रक्षा सेना' नाम रद्द करवाने की कोशिश कर रही है। दरअसल, 'तेलंगाना रक्षा सेना' नाम चुनाव आयोग द्वारा सुझाए गए नामों में से एक था और उनकी पार्टी ने इसे नहीं चुना था। उन्होंने आरोप लगाया कि बीआरएस नाम वापस लेने की कोशिश कर रही है, लेकिन उन्होंने विश्वास जताया कि न्याय की जीत होगी। उन्होंने कहा, 'नाम गौण है; सबसे महत्वपूर्ण है जनता का समर्थन और आशीर्वाद।' इस अवसर पर उन्होंने बीआरएस पार्टी के वित्त की जांच की मांग करते हुए आरोप लगाया कि पार्टी का 1,400 करोड़ रुपये का बैंक बैलेंस लेन-देन के माध्यम से जमा किया गया था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केटी रामाराव ने हाल ही में 188 करोड़ रुपये में एक अंग्रेजी अखबार खरीदा था, हालांकि उन्होंने इस दावे के समर्थन में कोई सबूत पेश नहीं किया।

### अभिनेता राहुल रामकृष्ण ने कक्षा में वापसी की, अंबेडकर ओपन यूनिवर्सिटी में दाखिला लिया

हैदराबाद, 9 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। फिल्म अभिनेता राहुल रामकृष्ण 'भारत अने नेनु और आरआरआर' में अपनी भूमिका के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने इंजीनियरिंग की पढ़ाई छोड़ने के बाद औपचारिक शिक्षा में वापसी करते हुए डॉ. बी.आर. अंबेडकर ओपन यूनिवर्सिटी में बैचलर ऑफ आर्ट्स (बीए) कार्यक्रम में दाखिला लिया है। राहुल प्रवेश संबंधी औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए गुरुवार को विश्वविद्यालय गए और बाद में कुलपति प्रोफेसर घंटा चक्रपाणि से मिले, जिन्होंने उन्हें बधाई दी और पाठ्यक्रम की पुस्तकें भेंट कीं। इस अवसर पर बोलते हुए राहुल ने कहा कि ओपन यूनिवर्सिटी उन लोगों के लिए एक बहुमूल्य अवसर प्रदान करती है जो आर्थिक तंगी या अन्य व्यक्तिगत परिस्थितियों के कारण उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाते। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यक्ति को धन या प्रसिद्धि की परवाह किए बिना स्थायी सम्मान और पहचान दिलाती है।

## शिक्षण संस्थानों के बंद के समर्थन में वामपंथी छात्र संगठनों ने निकाली रैली

हैदराबाद, 9 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। राज्यभर में शुक्रवार को केजी से पीजी तक शैक्षणिक संस्थानों के बंद के आह्वान के समर्थन में वामपंथी छात्र संगठनों ने गुरुवार को हैदराबाद में रैली निकाली। एसएफआई, एआईएसएफ, पीडीएसयू, एआईडीएसओ, एआईएफडीएस, एआईएसबी और एआईपीएसयू सहित विभिन्न छात्र संगठनों ने वाई-जंक्शन से नारायणगुड़ा चौराहे तक रैली आयोजित की।

रैली को संबोधित करते हुए छात्र नेताओं ने कांग्रेस सरकार पर शिक्षा क्षेत्र की उपेक्षा का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य में शिक्षा मंत्री की नियुक्ति नहीं होना, शुल्क प्रतिपूर्ति और छात्रवृत्ति में देरी, सरकारी स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं की कमी तथा निजी शिक्षण संस्थानों पर प्रभावी नियंत्रण का अभाव गंभीर समस्याएं हैं। एआईएसएफ के राज्य सचिव पुट्टा लक्ष्मण, एसएफआई के राज्य सचिव टी. नागराजू, पीडीएसयू के राज्य सचिव एस. अनिल, पीडीएसयू के राज्य अध्यक्ष पोदापंगी नागराजू, सचिव पी. महेश, एआईएफडीएस के राज्य अध्यक्ष पल्ले मुरली और एआईडीएसओ के राज्य नेता नागराजू ने कहा कि सरकार को शिक्षा क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए। छात्र नेताओं ने कथित रूप से 23 हजार सरकारी स्कूलों को बंद करने और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू करने का विरोध किया।

उन्होंने मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी पर आरोप लगाया कि वह स्कूल बंद करने और राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने के मामले में भाजपा की नीतियों का अनुसरण कर रहे हैं। छात्र संगठनों ने सरकारी स्कूलों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने, अतिरिक्त कक्षाओं के निर्माण, लंबित छात्र शुल्क प्रतिपूर्ति और अन्य बकाया राशि का समय पर भुगतान करने की मांग की। उन्होंने छात्रों, अभिभावकों और आम जनता से शुक्रवार के शिक्षा बंद को सफल बनाने की अपील की। रैली में एसएफआई के राज्य उपाध्यक्ष दामेरा किरण, के. अशोक रेड्डी, राज्य समिति सदस्य लेनिन, जे. रमेश, एआईएसएफ और पीडीएसयू के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

## दक्षिण मध्य रेलवे महाप्रबंधक ने चार रेलवे स्टेशनों का किया निरीक्षण

> फुट ओवर ब्रिज, प्लेटफॉर्म और यात्री सुविधा का जायजा लिया



हैदराबाद, 9 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक संजय कुमार शीवास्तव ने गुरुवार को सिकंदराबाद मंडल के शंकरपल्ली, नागलापल्ली, हाईटेक सिटी और काचीगुड़ा रेलवे स्टेशनों का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सिकंदराबाद—शंकरपल्ली रेलखंड के बीच पीछे की खिड़की से निरीक्षण कर रेल सुरक्षा और आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान सिकंदराबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक डॉ. आर. गोपालकृष्णन तथा मुख्यालय एवं मंडल के अन्य वरिष्ठ रेलवे अधिकारी उपस्थित रहे। महाप्रबंधक ने सबसे पहले सिकंदराबाद से शंकरपल्ली के बीच रेलखंड का निरीक्षण किया। उन्होंने सिग्नल व्यवस्था, रेल पटरियों की स्थिति, रेलखंड की गति सीमा सहित अन्य सुरक्षा पहलुओं की समीक्षा की। इस दौरान नागलापल्ली और शंकरपल्ली स्टेशनों के बीच स्थित एक छोटे पुल का भी निरीक्षण किया गया। शंकरपल्ली रेलवे स्टेशन के निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने यात्रियों को उपलब्ध सुविधाओं, यात्री प्रतीक्षालय, अन्य व्यवस्थाओं और स्टेशन पुनर्विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने चल रहे विकास कार्यों को निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए। इसके बाद नागलापल्ली रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते हुए उन्होंने यात्री सुविधाओं, फुट ओवर ब्रिज, स्टेशन परिसर, भवन, नवनिर्मित रैंप तथा आसपास के समपार फाटक की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। महाप्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत लगभग 26 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकसित किए जा रहे हाईटेक सिटी रेलवे स्टेशन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन की आधुनिक वास्तुकला, यात्री सुविधाओं, 12 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज, प्लेटफॉर्म और परिसर का निरीक्षण किया। साथ ही स्टेशन मास्टर कक्ष में सिग्नल प्रणाली और सुरक्षा उपकरणों की भी जांच की। बाद में संजय कुमार शीवास्तव ने काचीगुड़ा रेलवे स्टेशन का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान हैदराबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक संतोष कुमार वर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर यात्री सुविधाओं, फुट ओवर ब्रिज तथा स्टेशन परिसर के दूसरे प्रवेश द्वार (गोलनाका की ओर) का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने अधिकारियों के साथ काचीगुड़ा स्टेशन के उन्नयन और भविष्य की विकास योजनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और रेलवे सुरक्षा मानकों को बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

### सांसद वामसी ने अनाज खरीद में देरी को लेकर किशन रेड्डी पर निशाना साधा

हैदराबाद, 9 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। पेद्दापल्ली के सांसद गद्दाम वामसी कृष्णा ने गुरुवार को केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी पर तीखा हमला बोलते हुए केंद्र पर पिछले छह महीनों में बार-बार अनुरोध किए जाने के बावजूद तेलंगाना में भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के माध्यम से अनाज की खरीद बढ़ाने के मामले में विलंबित प्रतिक्रिया का आरोप लगाया। वामसी कृष्णा ने एक प्रेस विज्ञप्ति में आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने दो साल तक किसानों की चिंताओं को नजरअंदाज किया और कांग्रेस के लगातार दबाव के बाद ही कार्रवाई की। उन्होंने किशन रेड्डी के 'विरोधाभासी रुख' पर सवाल उठाया, जिसमें एक तरफ वे खराब खरीद के लिए तेलंगाना सरकार को दोषी ठहरा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी को पत्र लिखकर खरीद को बढ़ाकर 35 लाख मीट्रिक टन करने की मांग कर रहे हैं।

## आठ दिवसीय जीएसटी प्रमाणन पाठ्यक्रम शुरू

हैदराबाद, 9 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। फेडरेशन ऑफ तेलंगाना चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफटीसीसीआई) ने गुरुवार को फेडरेशन हाउस में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) पर आठ दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर तेलंगाना राज्य की जीएसटी अतिरिक्त आयुक्त एस. जया कामेश्वरी ने बदलते कर परिदृश्य के बीच निरंतर सीखने का आह्वान किया। एफटीसीसीआई की अप्रत्यक्ष कर समिति द्वारा आयोजित इस पाठ्यक्रम में उद्योग, वित्त, कराधान और अनुपालन क्षेत्रों से 60 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया है। यह पाठ्यक्रम 31 जुलाई तक शुक्रवार और शनिवार को आठ सत्रों में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए जया कामेश्वरी ने कहा कि जीएसटी कानून लगातार विकसित हो रहे हैं, इसलिए कर अधिकारियों और पेशेवरों दोनों के लिए निरंतर कौशल विकास आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जीएसटी अधिकारियों की भूमिका केवल कर संग्रह तक ही सीमित नहीं है, बल्कि अनुपालन में आसानी और कानून के सुचारू कार्यान्वयन को सुनिश्चित करना भी है। उन्होंने भविष्य के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को शामिल करने का सुझाव दिया, क्योंकि जीएसटी अधिकारियों की बढ़ती संख्या दक्षता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए एआई उपकरणों का उपयोग कर रही है। उन्होंने कहा, 'आज स्थिति बदल गई है। जीएसटी कानून लगातार विकसित हो रहा है, और हम सभी को अपनी जिम्मेदारियों को प्रभावी ढंग से निभाने के लिए नवीनतम घटनाक्रमों से अवगत रहना चाहिए।' एफटीसीसीआई के अध्यक्ष रवि कुमार ने कहा कि जीएसटी ने पिछले नौ वर्षों में भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को बदल दिया है और बदलते नियमों के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए आजीवन सीखने के महत्व पर जोर दिया। एफटीसीसीआई की अप्रत्यक्ष कर समिति के अध्यक्ष इरशाद अहमद ने इस कार्यक्रम को तेलंगाना में किसी उद्योग मंडल द्वारा पेश किए जाने वाले सबसे व्यापक जीएसटी प्रमाणन पाठ्यक्रमों में से एक बताया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के.के. माहेश्वरी ने धन्यवाद प्रस्ताव पेश करते हुए इस बात पर प्रकाश डाला कि जीएसटी संग्रह प्रत्यक्ष कर राजस्व के तुलनीय स्तर तक बढ़ गया है, जो अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था के बढ़ते महत्व को दर्शाता है। यह सर्टिफिकेट कोर्स 31 जुलाई को समाप्त होगा, जिसमें उद्योग विशेषज्ञों द्वारा जीएसटी कानून, अनुपालन, प्रक्रियाओं और उभरते घटनाक्रमों को कवर करने वाले सत्र आयोजित किए जाएंगे।


## CLASSIFIEDS

### CHANGE OF NAME

I, Kankipati Prameela, Daughter of No. 1273890N, Ex GNR, Late, Kankipati Venkatesu, R/o, Dist: East Godavari, Andhra Pradesh, changed my name from Kankipati Prameela to Tigiripalli Prameela, vide Affidavit No. BU 316284 dt. 08.07.2026, before Spl Judicial Magistrate at L B Nagar.

I, G Bhagyalaxmi, Widow and Daughter of JC 191017N, Ex-Nb Sub,Late, Goure Peddi Krishna Murthy, R/o, Dist: Warangal, Telangana, changed my name from G Bhagyalaxmi to Sangineni Bhagya Laxmi, vide Affidavit No.BU 316295 dt. 08.07.2026, before Spl Judicial Magistrate, at L B Nagar.

I, B Mary Swarupa Rani, W/o, No. 14525980, Ex-NK, Late, Boddu Abraham, R/o, Dist: Medchal-Malkajgiri, Telangana, changed my name from B Mary Swarupa Rani to Boddu Mary Swaroopa Rani, vide Affidavit No. BU 316296 dt. 08.07.2026, before Spl Judicial Magistrate, at L B Nagar.

I, Babu Lal, Father of No. 14682353X, NK, Suresh Kumar Suman, R/o, Dist: Kota, Rajasthan, changed my name from Babu Lal to Babulal, vide Affidavit No. 467546 dt. 07.07.2026, before Medchal-Malkajgiri Court, Telangana.

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।


## सीएम आज रैतू भरोसा की अंतिम 1,009 करोड़ रुपये की किस्त जारी करेंगे : भट्टी



हैदराबाद, 9 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने घोषणा की कि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी, मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ, शुक्रवार को रैतू भरोसा योजना के तहत 1,009 करोड़ रुपये की अंतिम किस्त सीधे किसानों के बैंक खातों में जारी करेंगे। चिंताकानी मंडल में जगन्नाधपुरम-मथकेपल्ली क्रॉस रोड पर आयोजित होने वाली 'रैतू आशीर्वाद सभा' की व्यवस्था का निरीक्षण करने के बाद, भट्टी विक्रमार्क ने गुरुवार को लाचगुडेम रैतू वेदिका में एक मीडिया सम्मेलन को संबोधित किया।

इस अवसर पर बोलते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि रैतू भरोसा योजना के तहत मात्र नौ दिनों में किसानों को रिकॉर्ड 8,759 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। उन्होंने घोषणा की, शुक्रवार को 'रैतू आशीर्वाद सभा' के दौरान मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और कैबिनेट सहयोगियों की उपस्थिति में किसानों के बैंक खातों में सीधे 1,009 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए जाएंगे। इसके साथ ही, इस सीजन के लिए कुल 9,000 करोड़ रुपये केवल नौ दिनों के भीतर जारी किए जा चुके होंगे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य कृषि को एक उत्सव बनाना है, जिसके लिए राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले कृषि समुदाय को निवेश सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि जहां पिछली बीआरएस सरकार ने दस वर्षों में 72,000 करोड़ रुपये खर्च किए, वहीं कांग्रेस सरकार ने रायथु भरोसा योजना के तहत केवल ढाई वर्षों में 35,839 करोड़ रुपये जारी किए हैं। भट्टी विक्रमार्क ने आगे बताया कि इसी अवधि के दौरान सरकार ने रायथु भरोसा, कृषि ऋण माफी, फसल बोनस, फसल बीमा, फसल हानि मुआवजा, कृषि विद्युत सब्सिडी, कृषि यंत्रीकरण, आत्मीय भरोसा, इंदिराम्मा योजना, सिंचाई परियोजनाओं और विभिन्न अन्य कल्याणकारी कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों के लिए कुल 1,67,877 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

## निजामाबाद क्षेत्र को मिलेगी माल परिवहन की नई सुविधा : सांसद अरविंद

हैदराबाद, 8 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। निजामाबाद के सांसद अरविंद धर्मापुरी ने गुरुवार को तेलंगाना के जनकंपेट मालगोदाम को राष्ट्र को समर्पित किया।

इस अवसर पर हैदराबाद मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक डी.एस. रामाराव, दक्षिण मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ए. श्रीधर, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनिरुद्ध पामर, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) पी.टी.वी. दुर्गा प्रसाद तथा रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए सांसद अरविंद धर्मापुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तेलंगाना के रेल नेटवर्क में आधारभूत संरचना तथा यात्री सुविधाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 की तुलना में राज्य के लिए रेल बजट में 20 गुना से अधिक वृद्धि हुई है और वित्तीय वर्ष 2026-27 में यह बढ़कर 5,454 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। पिछले 12 वर्षों में 340 किलोमीटर नई रेल लाइन, 562 किलोमीटर दोहरी, तीसरी और चौथी रेल लाइन बिछाई गई है। मनोहराबाद-सिद्दीपेट रेलखंड को छोड़कर राज्य के संपूर्ण रेल नेटवर्क का विद्युतीकरण पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि तेलंगाना में विभिन्न रेल परियोजनाओं पर वर्तमान में लगभग 42,000 करोड़ रुपये की लागत से कार्य चल रहा है। सांसद ने कहा कि जनकंपेट स्टेशन पर निर्मित नया मालगोदाम क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे स्थानीय उत्पादों का देश के विभिन्न हिस्सों तक तेज़ और सुगम परिवहन संभव होगा, जिससे किसानों, व्यापारियों, उद्योगों और कारोबारी समुदाय को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि लगभग 9 करोड़ रुपये की लागत से विकसित इस मालगोदाम से निजामाबाद क्षेत्र में माल ढुलाई की क्षमता का विस्तार होगा। वर्तमान में यहां से मुख्य रूप से चावल, मक्का और ज्वार की लदान की जा रही है, जबकि उर्वरक और सीमेंट की उतराई होती है। भविष्य में यहां से मालगाड़ियों के संचालन और विभिन्न वस्तुओं की ढुलाई में और वृद्धि की व्यापक संभावनाएं हैं। अरविंद धर्मापुरी ने बताया कि क्षेत्र में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 58 करोड़ रुपये की लागत से निजामाबाद रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास, कवच 4.0 सुरक्षा प्रणाली का कार्यान्वयन, स्टेशन यार्ड का आधुनिकीकरण तथा निजामाबाद संसदीय क्षेत्र में तीन सड़क ऊपरी पुलों का निर्माण जैसे अनेक विकास कार्य भी किए जा रहे हैं। इससे पहले हैदराबाद मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक डी.एस. रामाराव ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि हैदराबाद मंडल रेलवे क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि जनकंपेट मालगोदाम से दक्षिण मध्य रेलवे की माल ढुलाई क्षमता बढ़ेगी और स्थानीय व्यापारियों को बड़ा लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि मालगोदाम में सड़क वाहनों की सुगम आवाजाही के लिए विशाल परिसंचरण क्षेत्र तथा मुख्य मार्ग से बेहतर संपर्क मार्ग विकसित किए गए हैं। दक्षिण मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ए. श्रीधर ने कहा कि जनकंपेट मालगोदाम के शुरू होने से क्षेत्र की माल परिवहन अवसंरचना और मजबूत होगी तथा मालगाड़ियों का संचालन अधिक सुचारु ढंग से हो सकेगा।

उन्होंने बताया कि यहां आधुनिक लदान मंच, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और सुगम संपर्क मार्ग उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही हमाल कक्ष और व्यापारी कक्ष के निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहे हैं। समारोह के अंत में सांसद अरविंद धर्मापुरी और रेलवे अधिकारियों ने मालगोदाम परिसर में हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधारोपण भी किया।

### जनकंपेट मालगोदाम राष्ट्र को समर्पित




IN THE COURT OF THE HON'BLE IX CHIEF JUDGE, CCC, HYD
A.S.NO. 126 OF 2025

Between:
Yadesh Shukla .... Appellant / Plaintiff
AND
Mr. Mahesh Sharma .... Respondents

NOTICE/SUMMONS

To
1. Mr.Mahesh Sharma, S/o. Bhanwarlal Sharma, Aged: Major; Occ: Partner of Sharma Chit Fund, R/o. H.No. 21-6-315, Opp: Rani Satiji Temple,Ghansibazar, Hyderabad.
2. Shri Bhanwarlal Sharma, S/o. Not known to the plaintiff, (died) Aged: Major; Occ: Partner of Sharma Chit Fund; R/o. H.No.21-6-375, Opp: Rani Satiji Temple, Ghansi bazar, Hyderabad.
3. Smt. Chukki Bai, W/o. Shri Bhanwarlal Sharma, Aged: 68 years, Occ: Partner of Sharma Chit Fund, R/o H.No.21-6-315, Opp: Rani Satiji Temple, Ghansi Bazar, Hyderabad.
4. Mrs. Nirmala Sharma, W/o. Mahesh Sharma, Aged: Major; Occ: Partner of Sharma Chit Fund, R/o. H,No. 21-6-315, Opp: Rani Satiji Temple, Ghansi Bazar, Hyderabad.
5. Mr. Rajesh Sharma, S/o. Bhanwarlal Sharma, Aged: 30 years, Occ: Business, R/o. H.No.21-6-315, Opp: Rani Satiji Temple, Ghansi Bazar, Hyderabad.
.... RESPONDENTS

Please take Notice/Summon that the above named Petitioner have filed the above Referred Appeal against the Respondents and the same is posted on 04-08-2026 for your Appearance. This Hon'ble Court is directed you to appear personally or through your Advocate on 04-08-2026 at 10.30 AM before this Court, if you failed to appear on that day the necessary orders will be passed in your absence.

(BY ORDER OF THE COURT)
COUNSEL FOR PETITIONERS
HARI KRISHNA, SAI KUMAR THOTA, SAI KRISHNA
Advocates, Nallakunta, Hyderabad, TG.
CELL: 9849753387

## हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे दोषी की रिहाई पर हाई कोर्ट सख्त, सरकार से मांगा जवाब

प्रयागराज, 9 जुलाई (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा पाए एक दोषी को केवल पांच वर्ष 10 माह 18 दिन जेल में रहने के बाद रिहा किए जाने पर कड़ा रुख अपनाया है। अदालत ने राज्य सरकार से पूछा है कि इतने गंभीर अपराध में दोषी को समयपूर्व रिहाई किस आधार और किन मानदंडों के तहत दी गई। मामले में प्रमुख सचिव (गृह) को व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर जवाब देने का निर्देश दिया गया है। न्यायमूर्ति अजय भनोत और न्यायमूर्ति दिवेश चंद्र सामंत की खंडपीठ ने कानपुर निवासी शैलेंद्र सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। याची के अधिवक्ता वशिष्ठ नारायण त्रिपाठी ने बताया कि हत्या के मुख्य अभियुक्त जय देव सिंह को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 और 148 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी, लेकिन उसे महज करीब साढ़े पांच वर्ष जेल में रहने के बाद ही रिहा कर दिया गया। हाई कोर्ट ने टिप्पणी की कि प्रथमदृष्टया यह मामला गंभीर चिंता का विषय है। अदालत ने कहा कि आजीवन कारावास का सामान्य अर्थ जीवनभर कारावास होता है और समयपूर्व रिहाई के लिए स्पष्ट, पारदर्शी तथा विधिसम्मत मानदंड होना आवश्यक है।

## 'वोट के लिए विचार बदल देते हैं'

# अविमुक्तेश्वरानंद से मिलने के बाद अखिलेश यादव का बीजेपी पर हमला



शंकराचार्य से मिले सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव

लखनऊ, 9 जुलाई (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आज सुबह-सुबह राजधानी लखनऊ में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से मिलने पहुंचे और उनका आशीर्वाद लिया। शंकराचार्य गोविष्टि यात्रा लेकर लखनऊ पश्चिम पहुंचे हैं। जिसके बाद सपा मुखिया ने आज उनसे मुलाकात की है। राम मंदिर चढ़ावा चोरी विवाद के बीच इस काफी अहम माना जा रहा है। शंकराचार्या से मुलाकात के बाद सपा मुखिया ने पत्रकारों से भी बात की और कहा कि मैं अभी पूजनीय शंकराचार्य जी से मिलकर आ रहा हूं, वो सैंकड़ों गए थे और वो पूरे प्रदेश में 30 स्थानों पर गए। वह गौ माता को लेकर बहुत चिंतित हैं और रास्ता निकाल रहे हैं किसी भी तरह से राष्ट्रीय सम्मान गो माता का मिल जाए। बीजेपी पर निशाना साधते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि ये अलग बात है कि जो आज की सरकार है भारतीय जनता पार्टी के लोग, अपने स्वार्थ में अलग-अलग अपने विचारों और सिद्धांतों को बदलते रहते हैं। बीजेपी के लोग वोट के लिए अपने विचार बदल देते हैं और ये समय ऐसा है कि हर चीज रिकॉर्ड पर है। हम सब देख सकते हैं और समझ सकते हैं। राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले पर सपा मुखिया ने कहा कि हमें सांचा नहीं ढांचा बदलना चाहिए, जिन पर भी जिम्मेदारी थी और जिन्होंने भी जिम्मेदारी दी थी। इस घटना से पूरी दुनिया के सनातनी चिंतित हैं। अयोध्या में भगवान राम ने जो मर्यादा दी थी इन्होंने तोड़ मरोड़कर क्या काम किया? इन्होंने महापाप किया है।

**दान चोरी मामले को लेकर साधा निशाना**

सपा मुखिया ने सवाल उठाते हुए कहा कि छोटों पर कार्रवाई करना, जिन्होंने जिम्मेदारी दी जिन पर जिम्मेदारी थी उन पर क्या कार्रवाई की गई? एक बड़े नेता है बीजेपी के उन पर आरोप था कि चंदा लेने के लिए पर्ची छपवा लिया। 980 बार हमें फोन किया 90 प्रतिशत लोग जो मंदिर में थे इनके सीडीआर चेक किया जाए तो भाजपा में भगदड़ शुरू हो जाएगी। दान चोरी मामले पर गठित एसआईटी की टीम को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि एसआईटी में एक सदस्य हैं जिन पर 420 का मुकदमा है। ये लड़ाई बड़ी है, ये लड़ाई दिल्ली और लखनऊ की लड़ाई है। सौंचा नहीं पूरा ढांचा बदलना चाहिए। इस घटना से सनातनी दुखी है गौ माता की रक्षा करने वाले दुखी हैं। सीएम अयोध्या जा रहे तो अच्छी बात है, इतनी बार गए तो चोरी नहीं पकड़ गए। भाजपा ऐसी संस्कृति न लाये कि कोई विपक्ष में आये तो ऐसा व्यवहार हो।

**शंकराचार्य ने भी उठाए सवाल**

वहीं शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने भी राम मंदिर दान चोरी को लेकर सरकार पर निशाना साधा और कहा कि अगर वहां घोटाला किया है तो मुख्यमंत्री क्या कार्रवाई कर रहे हैं? वो कह रहे हैं कि कार्रवाई होगी। कार्रवाई तो होगी ही लेकिन, जब तुम मुख्यमंत्री नहीं रहोगे, नया सीएम आएगा वो कड़ी कार्रवाई करेगा। वो बिलकुल सही कह रहे हैं।

## पहली बार कार्रवाई, कफ सिरप तस्करी में गिरफ्तार आरोपी एक साल तक जेल में रहेंगे

गाजियाबाद, 9 जुलाई (एजेंसियां)। प्रतिबंधित कफ सिरप की तस्करी के मामले में जेल में बंद दो भाई विभोर राणा और विशाल सिंह के खिलाफ पुलिस ने पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इस पर शासन ने भी मुहर लगा दी है। नए नियम के तहत दोनों आरोपियों को एक साल तक जेल में बिताना होगा। इस दौरान उन्हें जमानत नहीं मिलेगी। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राजकरन नैय्यर ने बताया की नवंबर 2025 में मछली गोदाम में छापेमारी कर 1150 पेटी कोडिनयुक्त कफ सिरप बरामद किया गया था। इस मामले में आठ तस्करों को गिरफ्तार किया गया था। सहारनपुर के शास्त्रीनगर निवासी विभोर राणा और विशाल सिंह लखनऊ जेल में बंद हैं।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने बताया कि इनके नाम नंदग्राम क्षेत्र में की गई कार्रवाई में प्रकाश में आए थे। इन पर करीब 150 करोड़ के अवैध सिंडिकेट चलाने का आरोप है। फर्जी कंपनियों के जरिये कफ सिरफ की खरीद-फरोख्त इसे बिहार, पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश तक नशे के रूप में अवैध रूप से तस्करी करते थे। विभोर राणा और विशाल सिंह इस तस्करी का मास्टरमाइंड हैं।

## राज्यमंत्री की टिप्पणी से गरमाई सियासत

### अखिलेश यादव पर साधा निशाना तो विपक्ष ने जताया विरोध



चंदौली, 9 जुलाई (एजेंसियां)। स्टांप, न्यायालय शुल्क व पंजीयन विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवीन्द्र जायसवाल ने जनपद में निबंधन कार्यालय के शुभारंभ के बाद मीडिया से बातचीत में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव के मुख्यमंत्रित्व काल में कब्रिस्तानों की चारदीवारी कराई गई, लेकिन श्मशानों के विकास के लिए धनराशि उपलब्ध नहीं कराई गई। उन्होंने दावा किया कि उस समय वह विधायक थे और श्मशानों की चारदीवारी कराने की मांग उठाई थी। लेकिन, इसके लिए धनराशि नहीं दी गई। राज्यमंत्री ने कहा कि अखिलेश यादव वोट बैंक की राजनीति करते हैं और उनका झुकाव एक विशेष वर्ग की ओर रहा है। आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री की नीतियां समाज के सभी वर्गों के लिए समान नहीं थीं। अयोध्या में कथित चढ़ावा चोरी प्रकरण का प्रत्यक्ष उल्लेख किए बिना कहा कि इस घटना से करोड़ों आस्थावान हिंदुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। इसी दौरान मीडिया से बातचीत के दौरान उनकी जुबान फिसल गई और उन्होंने अखिलेश यादव का जिक्र करते हुए आपत्तिजनक शब्द 'ससुरा' का प्रयोग कर दिया।

साथ ही उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव 'लुंगी और जालीदार टोपी पहनने वालों' की वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं। राज्यमंत्री के बयान के बाद जिले की राजनीति गरमा गई। उधर, सकलडीहा से समाजवादी पार्टी के विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव ने बयान की निंदा करते हुए कहा कि सार्वजनिक जीवन में इस प्रकार की भाषा का प्रयोग राजनीतिक मर्यादा के अनुरूप नहीं है।

## मुस्लिम महिला को नकाब उतारने के लिए मजबूर किया गया



पटना, 9 जुलाई (एजेंसियां)। एक चौंकाने वाली घटना में, जिसने सबको हिलाकर रख दिया है, बिहार के नवादा जिले में हिंदुत्व समर्थकों के एक ग्रुप ने कथित तौर पर एक मुस्लिम महिला को उसका नकाब (घूंघट) उतारने के लिए मजबूर किया, जब वह एक हिंदू आदमी के साथ देखी गई।(सूत्रों ने बताया कि उसकी दोस्त को उसके माथे पर सिंदूर लगाने के लिए मजबूर किया गया।

इस घटना का एक वीडियो पिछले गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया गया था। महिला हिंदुत्व की भीड़ से रुकने की गुहार लगाती दिख रही है, लेकिन उसकी बार-बार की अपील पर कोई ध्यान नहीं दिया गया।कथित तौर पर एक बदमाश ने कहा, "वीडियो तो बनेगा। "सबूत तो रहेगा"(हम सबूत के लिए वीडियो बनाएंगे)," जबकि दूसरों ने 'जय बजरंगबली' के नारों के बीच उसका बुर्का उतार दिया और उसका माथा दिखा दिया।महिला की हिंदू दोस्त ने भी उनसे उसे परेशान न करने की गुहार लगाई। लेकिन परेशान करने वालों में से एक कहता है, "अरे, तुम इधर सिंदूर डालो और फिर मुस्लिम रीति-रिवाज में करते रहना।" बाद में, वे कपल का पीछा करते रहे और वीडियो बनाते रहे। नवादा में पोस्टेड एक सीनियर पुलिस ऑफिसर ने कहा कि पुलिस को वायरल वीडियो मिल गया है।

उन्होंने कहा कि वीडियो की जांच की जा रही है, और पुलिस विक्टिम से भी कॉन्टैक्ट करके उसका स्टेटमेंट रिकॉर्ड करेगी। इस चौंकाने वाली घटना से इलाके में टेंशन फैल गई है।मामले में और डिटेल्स का इंतजार है क्योंकि पुलिस अभी मामले की जांच कर रही है।

## ईओयू की बड़ी कार्रवाई, एक्साइज इंस्पेक्टर के 5 ठिकानों पर छापेमारी

पटना, 9 जुलाई (एजेंसियां)। बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में गुरुवार को आर्थिक अपराध इकाई ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में सिवान में पदस्थापित उत्पाद निरीक्षक अंकेश कुमार गोंड़ के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू की। ईओयू की अलग-अलग टीमों ने पटना, मुंगेर और सिवान में स्थित उनके पांच ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की।

आय से अधिक संपत्ति का आरोप आर्थिक अपराध इकाई से मिली जानकारी के अनुसार, विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के सत्यापन के बाद अंकेश कुमार गोंड़ के खिलाफ ज्ञात आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए। इसके आधार पर आर्थिक अपराध इकाई थाना कांड संख्या-13/26, दिनांक 8 जुलाई 2026 दर्ज किया गया। यह मामला भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधित 2018) की धारा 13(2) सहपठित धारा 13(1)(बी) के तहत दर्ज किया गया है। पांच ठिकानों पर छापेमारी ईओयू ने विशेष न्यायालय निगरानी, पटना से तलाशी वारंट प्राप्त करने के बाद गुरुवार सुबह से एक साथ पांच अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी शुरू की। इस कार्रवाई का नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। आय से 201.97 प्रतिशत अधिक संपत्ति जांच एजेंसी के अनुसार, सत्यापन के दौरान यह पाया गया कि उत्पाद निरीक्षक अंकेश कुमार गोंड़ ने अपनी ज्ञात आय से लगभग 2 करोड़ 36 लाख 31 हजार रुपये अधिक की संपत्ति अर्जित की है। यह राशि उनकी वैध आय की तुलना में करीब 201.97 प्रतिशत अधिक बताई गई है।

प्रारंभिक जांच में मिले इन तथ्यों के आधार पर ईओयू ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है। पटना से लेकर मुंगेर तक छापेमारी ईओयू की टीम जिन पांच स्थानों पर तलाशी ले रही है, उनमें पटना के दानापुर थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर स्थित आवास, मुंगेर के कासिम बाजार थाना क्षेत्र के चंदनबाग स्थित पैतृक आवास, मुंगेर के ही लल्लूपोखर स्थित व्यवसायिक भवन, सिवान शहर में स्थित उत्पाद विभाग का कार्यालय कक्ष तथा सिवान नगर थाना क्षेत्र के चित्रगुप्त नगर रजिस्ट्री ऑफिस के पीछे स्थित किराये का आवास शामिल हैं।

## 3 बच्चों की मां सोनी बनीं मिसेज बिहार 2026

### 100 प्रतिभागियों को पछाड़कर जीता खिताब

मुजफ्फरपुर, 9 जुलाई (एजेंसियां)। फिटनेस और आत्मविश्वास उम्र या वैवाहिक जीवन की मोहताज नहीं होते हैं। इसका ताजा उदाहरण मुजफ्फरपुर के जीरोमाइल निवासी सोनी गुप्ता ने पेश किया है। तीन बच्चों की मां और शांति निकेतन स्कूल की डायरेक्टर सोनी गुप्ता ने राजधानी पटना के पनाश कौटिल्य होटल में आयोजित मिसेज बिहार 2026 प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया। बिहार के विभिन्न जिलों से आई करीब 100 प्रतिभागियों के बीच हुए कड़े मुकाबले में उन्होंने अपनी प्रतिभा, व्यक्तित्व और आत्मविश्वास के दम पर जीत हासिल की। इस प्रतियोगिता का आयोजन 3 जुलाई को महिलाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था।

सोनी को प्रतिष्ठित क्राउन पहनाया गया और 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि भी प्रदान की गई। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों का मूल्यांकन व्यक्तित्व, आत्मविश्वास, मंचीय प्रस्तुति और संप्रेषण कौशल के आधार पर किया गया। हालांकि इस उपलब्धि के पीछे सबसे बड़ी भूमिका उनकी फिटनेस और अनुशासित जीवनशैली की रही। सोनी बताती हैं कि शादी के 17 साल और तीन बच्चों की जिम्मेदारियों के बावजूद उन्होंने कभी अपने स्वास्थ्य से समझौता नहीं किया। वह नियमित रूप से योग और एक्सरसाइज करती हैं तथा संतुलित खान-पान को अपनी दिनचर्या का हिस्सा मानती हैं। उनका कहना है कि अच्छी फिटनेस सिर्फ शरीर को स्वस्थ नहीं रखती, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ाती है और व्यक्ति को हर चुनौती का सामना करने की ऊर्जा देती है।



## गया जी दौरे पर आएंगे उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, 11-12 जुलाई को बिपार्ड में जुटेंगे बिहार के सभी विधायक



गया जी, 9 जुलाई (एजेंसियां)। एक बार फिर बड़े राजनीतिक और प्रशासनिक आयोजन का गवाह बनने जा रहा है। शहर स्थित बिपार्ड में 11 और 12 जुलाई को बिहार विधानसभा के सभी विधायकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन समेत कई वरिष्ठ नेताओं के शामिल होने की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा और प्रोटोकॉल की तैयारियां तेज कर दी हैं। 18वीं बिहार विधानसभा के गठन के बाद सभी विधायकों के लिए 11 और 12 जुलाई को गया स्थित बिपार्ड में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में राज्य के सभी विधायक भाग लेंगे।

कार्यक्रम का उद्देश्य नए और वर्तमान विधायकों को संसदीय कार्यप्रणाली और विधानसभा की प्रक्रियाओं की जानकारी देना है। प्रशासनिक मुख्यालय से मिली सूचना के अनुसार प्रशिक्षण शिविर में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन के शामिल होने की संभावना है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने उनके प्रोटोकॉल के अनुरूप तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी लगातार तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार प्रशिक्षण शिविर में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश तथा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में सभी विधायकों की उपस्थिति को देखते हुए इसे बिहार का महत्वपूर्ण राजनीतिक आयोजन माना जा रहा है। शिविर के दौरान सुरक्षा, विधि-व्यवस्था और ट्रैफिक प्रबंधन को लेकर प्रशासन ने व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। गुरुवार को बिपार्ड परिसर के समीप एक अस्थायी थाना स्थापित किया जाएगा, ताकि किसी भी स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। सिटी डीएसपी धर्मेंद्र भारती बिपार्ड परिसर पहुंचे और वहां चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, वीआईपी मूवमेंट और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## पहले बीडीओ गए जेल, अब दारोगा गर्लफ्रेंड भी अरेस्ट



मुजफ्फरपुर, 9 जुलाई (एजेंसियां)। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के मिठनपुरा थाना क्षेत्र में हुए चर्चित अमृता कुमारी दहेज हत्याकांड में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। दरभंगा के जाले प्रखंड के बीडीओ मनोज कुमार की पत्नी अमृता कुमारी की संदिग्ध मौत मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मिठनपुरा थाना पुलिस ने सीतामढ़ी जिले के सुरसंड थाना क्षेत्र से बीडीओ की कथित गर्ल फ्रेंड दरोगा अनु कुमारी को गिरफ्तार कर लिया। इस हाई प्रोफाइल कांड में अब तक दो गिरफ्तारी हो चुकी है। मृतका के परिजनों ने दर्ज प्राथमिकी में उसे नामजद आरोपी बनाया था। बेगूसराय जिला बल में तैनात महिला दरोगा अन्नू कुमारी के साथ बीडीओ मनोज कुमार के साथ प्रेम संबंध चल रहा था। अन्नू कुमारी इस हत्याकांड में नामजद अभियुक्त थी। पुलिस के अनुसार, उसके पैतृक आवास सीतामढ़ी से गिरफ्तारी के बाद महिला दरोगा से लगातार पूछताछ की जा रही है।

उसके मोबाइल फोन को भी जांच के दायरे में लिया गया है। एफएसएल की मदद से कॉल डिटेल, चैट और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की जांच की जाएगी, ताकि दोनों के बीच संबंधों और घटना से जुड़े तथ्यों का पता लगाया जा सके। मिठनपुरा थाना क्षेत्र में बीडीओ मनोज कुमार की पत्नी अमृता की तीन जुलाई को संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। मायके वालों ने दहेज और अवैध संबंध में हत्या का आरोप लगाया है। बीडीओ ने पत्नी की मौत को आत्महत्या बताया है, जबकि पुलिस तकनीकी और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पूरे मामले की जांच कर रही है। मृतका के भाई राजकुमार ने प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि शादी के बाद से 10 लाख रुपये दहेज की मांग को लेकर अमृता कुमारी को प्रताड़ित किया जाता था। उनका आरोप है कि बीडीओ का महिला दरोगा से प्रेम संबंध था और इसी वजह से अमृता की हत्या की गई।

पुलिस मृतका के मोबाइल फोन की भी तलाश कर रही है। परिजनों का दावा है कि उसी मोबाइल में प्रताड़ना, दहेज मांग और बीडीओ व महिला दरोगा से जुड़े महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य मौजूद हैं।

## बच्चों को लेकर जा रही स्कूली बस पलटी, एक छात्र की मौत, कई घायल

आजमगढ़, 9 जुलाई (एजेंसियां)। आजमगढ़ जिले के देवगांव कोतवाली क्षेत्र के वाराणसी-आजमगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बृहस्पतिवार की सुबह स्कूली बच्चों को लेकर जा रही एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में बस सवार कई बच्चे घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां एक छात्र को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, यह हादसा देवगांव कोतवाली क्षेत्र के बसही मोड़ तिराहे के पास वाराणसी-आजमगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ।

जामिया फैजेआम, देवगांव की बस छात्रों को लेकर जा रही थी। इसी दौरान किसी कारणवश चालक बस पर नियंत्रण खो बैठा और बस सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना इतनी अचानक हुई कि बस में बैठे छात्र संभल नहीं सके। बस पलटते ही बच्चों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़ पड़े। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए छात्र की पहचान देवगांव कोतवाली क्षेत्र के बनारसपुर गांव निवासी 9 वर्षीय युनुस बेलाल खान के रूप में हुई।

## आरजेडी में बढ़ी अंदरूनी कलह!

# किसके निष्कासन पर भड़कीं रोहिणी आचार्या? अपनी ही पार्टी पर उठाए बड़े सवाल



सारण, 9 जुलाई (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जनता दल में सारण के प्रवक्ता हरेलाल यादव के छह वर्षों के लिए निष्कासन के बाद पार्टी के भीतर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की पुत्री एवं सारण संसदीय क्षेत्र की पूर्व महागठबंधन प्रत्याशी रोहिणी आचार्या ने सोशल मीडिया पर अपनी ही पार्टी के इस फैसले पर खुलकर नाराजगी जताते हुए संगठन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। रोहिणी आचार्या ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि क्या अब पार्टी की भलाई के लिए सच बोलने, ईमानदारी से काम करने और संगठन को मजबूत करने वाले कार्यकर्ताओं के लिए राजद में कोई जगह नहीं बची है।

उन्होंने आरोप लगाया कि अनुशासनहीनता के झूठे आरोप लगाकर सारण के प्रवक्ता हरेलाल यादव का निष्कासन किया गया है। उनके अनुसार, यह कार्रवाई उन लोगों के प्रभाव में की गई है, जो पार्टी को लगातार कमजोर कर रहे हैं और संगठन के साथ विश्वासघात कर रहे हैं। रोहिणी आचार्या ने आगे लिखा कि सारण का जिला संगठन ऐसे लोगों के कब्जे में है, जो नाम मात्र के लिए पार्टी में हैं, लेकिन चुनाव के दौरान विरोधियों के इशारे पर काम करते हैं। उनका आरोप है कि जिले के विधायक और अधिकांश पदाधिकारी निष्क्रिय हैं, जबकि जनता और कार्यकर्ताओं के बीच सक्रिय रहने वाले नेताओं को ही निशाना बनाया जा रहा है। अपने पोस्ट में रोहिणी आचार्या ने पार्टी के कुछ नेताओं का नाम लेते हुए कहा कि यदि सवाल उठाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करनी है तो पहले उन लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए, जिन पर गंभीर आरोप लगते रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह आज भी पार्टी में हैं और संगठन को गलत तत्वों के प्रभाव से मुक्त कराने के लिए आगे भी अपनी आवाज उठाती रहेंगी। उन्होंने यह भी लिखा कि वह लालू प्रसाद यादव की बेटी हैं और गलत के सामने कभी नहीं झुकेंगी। साथ ही दावा किया कि उनके साथ खड़े कार्यकर्ता किसी भी निष्कासन की कार्रवाई से डरने वाले नहीं हैं। उधर, राजद की बिहार प्रदेश इकाई ने प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल के हस्ताक्षर से जारी कार्यालय आदेश में सारण जिले के बनियापुर थाना क्षेत्र के बरईठा गांव निवासी हरेलाल यादव को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छह वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है।

आदेश में कहा गया है कि हरेलाल यादव ने अपने फेसबुक अकाउंट पर पार्टी और उसके नेतृत्व के संबंध में अत्यंत आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसे दल-विरोधी गतिविधि, अनुशासनहीनता और पार्टी की मर्यादा के विरुद्ध गंभीर कृत्य माना गया है। पार्टी के अनुसार, हरेलाल यादव के आचरण से स्पष्ट है कि उनके मन में नेतृत्व के प्रति सम्मान का अभाव है, इसलिए उनसे किसी प्रकार का स्पष्टीकरण मांगना आवश्यक नहीं समझा गया। विचारोपरांत उन्हें तत्काल प्रभाव से छह वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया गया। आदेश की प्रतिलिपि राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार सिंह तथा सारण जिले के मढ़ौरा विधायक जितेंद्र कुमार राय को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी गई है।

## स्टील फैक्टरी में तड़के मची चीख-पुकार: 7 दमकल गाड़ियों ने पाया आग पर काबू, मलबे से मिला मजदूर का शव

हापुड़, 9 जुलाई (एजेंसियां)। जिले के धौलाना क्षेत्र में गुरुवार तड़के एक इस्पात कारखाने में भीषण आग लगने से एक मजदूर की झुलसकर मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दमकल विभाग की टीम ने करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस के अनुसार, धौलाना थाना क्षेत्र में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम (यूपीएसआईडीसी) फेज-3 स्थित 'मैसर्स सुख स्टील्स फैक्टरी' में तड़के करीब चार बजे आग लग गई।

सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आग की विकरालता को देखते हुए गाजियाबाद से भी दमकल के दो वाहन बुलाए गए। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आग बुझाने के बाद मलबे से बागपत निवासी श्रमिक गुलफाम (50) का शव बरामद किया गया। वहीं, गंभीर रूप से झुलसे शावेज (30) को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अजय शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने का संदेह है।

## उमरिया में एनएच-43 पर खड़े ट्रक में जा घुसी कार चार लोगों की मौत

भोपाल, 9 जुलाई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के उमरिया जिले दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आ रही है, जहां कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर भरौला स्थित सिद्ध बाबा मंदिर के समीप गुरुवार तड़के करीब 4 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। जब तेज रफ्तार आर्टिका कार हाइवे पर खड़े ट्रक से जा भिड़ी। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस और 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची तथा घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसे के बाद कार का चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसका पता लगाने के लिए पुलिस जांच कर रही है।

## मणिपुर में अब नगा-कुकी संघर्ष

# 5 महीने में 25 मौतें: असम राइफल्स निशाना बनी

### दो शहीद जवानों को राजकीय सम्मान, शव घर भेजे गए



**इम्फाल, 9 जुलाई (एजेंसियां)।** मणिपुर में मई 2023 से जारी मैतेई-कुकी जातीय हिंसा के बीच एक नया मोर्चा खुल गया है। राज्य में जारी हिंसा अब नगा और कुकी समुदायों के बीच शिफ्ट हो गई है। उखरुल इसका हॉटस्पॉट बन गया है। इस साल फरवरी से शुरू हुए इस ताजा संघर्ष में अब तक 25 लोगों की मौत हो चुकी है।

भारत-म्यांमार सीमा की निगरानी करने वाली असम राइफल्स के काफिले पर सोमवार को हुआ हमला भी इसी का नतीजा बताया जा रहा है। इस हमले में उत्तराखंड के दो जवान शहीद हो गए थे। दोनों शहीद जवानों को गुरुवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई।

इंफाल एयरपोर्ट पर राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने दोनों शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उनके पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए उनके पैतृक गांव भेज दिया गया। दरअसल, नगा का आरोप है कि असम राइफल्स भारत-म्यांमार की 398 किमी लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा को सुरक्षित रखने में नाकाम रही है।

नगा समुदाय के लोग असम राइफल्स पर कुकी समुदाय को लेकर नरमी का आरोप लगाते रहे हैं। उनका कहना है कि म्यांमार की तरफ से हथियारबंद गुट 'कुकी नेशनल आर्मी (बर्मा)' लगातार सीमा पार कर नगा गांवों पर हमले कर रही है। यह नाराजगी छह अगवा नगा लोगों के क्षत-विक्षत शव 10 जून को मिलने और कामजोंग जिले में नगा गांवों को जलाए जाने के बाद और बढ़ गई।

## कोहेफिजा में स्कूल वैन का एक्सीडेंट, महिला स्टाफ घायल: भोपाल गर्ल्स स्कूल के 6 बच्चे सुरक्षित निकाले गए

भोपाल, 9 जुलाई (एजेंसियां)। भोपाल के कोहेफिजा थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह भोपाल गर्ल्स स्कूल की एक वैन हादसे का शिकार हो गई। पंचवटी से बच्चों को लेकर जा रही वैन कोहेफिजा थाने के सामने फ्लाईओवर पर अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। हादसे में वैन में सवार 6 बच्चे सुरक्षित रहे, जबकि आगे की सीट पर बैठी स्कूल की एक महिला स्टाफ सदस्य के सिर में चोट आई है।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने तुरंत बच्चों को वैन से बाहर निकाला और घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बच्चों को दूसरी गाड़ी से सुरक्षित उनके गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया।

## ईडी की ताबड़तोड़ छापेमारी, चिटफंड से क्रिप्टो निवेश घोटाले तक कई ठिकानों पर कार्रवाई

कोलकाता, 9 जुलाई (एजेंसियां)। बंगाल में ईडी ने गुरुवार सुबह बड़े पैमाने पर छापेमारी अभियान चलाया। दुर्गापुर, हावड़ा और नदिया समेत कई स्थानों पर केंद्रीय एजेंसी ने एक साथ कार्रवाई की। जांच के दायरे में क्रिप्टो निवेश के नाम पर कथित ठगी, चिटफंड और फर्जी शेयर बाजार निवेश से जुड़े मामले हैं। सभी ठिकानों पर केंद्रीय बलों की तैनाती के बीच तलाशी ली गई। दुर्गापुर के अंडाल स्थित श्रीपल्ली सुभाषनगर रिक्शाडांगा इलाके में ईसीएल के पूर्व कर्मचारी दिलीप मल्लिक के घर ईडी की टीम पहुंची। आरोप है कि दिलीप मल्लिक और उनके पुत्र दिगंत मल्लिक ने कोलकाता के फेयरली प्लेस में कार्यालय खोलकर लोगों को क्रिप्टो में निवेश का झांसा देकर करोड़ों रुपये जुटाए। जांच एजेंसी को संदेह है कि इस धन का विदेश में भी लेनदेन हुआ।

सूत्रों के अनुसार, दिगंत मल्लिक का दुबई के एक कारोबारी से भी संपर्क रहा है। दिगंत पहले भी गिरफ्तार हो चुके थे और बाद में जमानत पर रिहा हुए थे। हाल में उनके बैंक खातों में बड़े पैमाने पर वित्तीय लेनदेन मिलने के बाद ईडी ने यह कार्रवाई की। उधर, हावड़ा के बैटरा थाना क्षेत्र के कुचिल सरकार लेन निवासी सौरभ चट्टोपाध्याय के घर भी ईडी ने छापा मारा।

आरोप है कि उनका संबंध कई चिटफंड कंपनियों से रहा है और वह शेयर बाजार का कारोबार भी करते हैं। वहीं, नदिया के कालीनारायणपुर में कारोबारी सुभ्रकांति नाग उर्फ बाबाई नाग के आवास पर भी ईडी ने तलाशी ली। आरोप है कि उन्होंने 'स्टॉक गुरुकुल' नाम से संस्था बनाकर शेयर बाजार प्रशिक्षण और निवेश के नाम पर लोगों से धन जुटाया तथा ठगी की। एजेंसी इस मामले में धन के लेनदेन और निवेशकों से जुड़े दस्तावेजों की जांच कर रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, छापेमारी के समय कारोबारी और उनके परिवार के सदस्य घर पर मौजूद नहीं थे।

## मानसिक रूप से कमजोर महिला से दुष्कर्म, आरोपी ने वीडियो बनाकर वायरल की

बेंगलूरू, 9 जुलाई (एजेंसियां)। कर्नाटक में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां मानसिक रूप से कमजोर एक महिला के साथ आरोपी ने दुष्कर्म किया और पीड़िता की वीडियो भी वायरल कर दी। अब पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला कर्नाटक के गदग जिले के रोना तालुका के एक गांव का है। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। शिकायत के अनुसार, आरोपी दुर्गप्पा ने मानसिक रूप से कमजोर युवती को चॉकलेट और स्नैक्स दिलाने का लालच दिया और कई बार पीड़िता से दुष्कर्म किया। मामले का खुलासा तब हुआ, जब पीड़िता छह महीने की गर्भवती हो गई। इसके बाद पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया।

## ताजमहल मकबरा है या हिन्दू मंदिर तेजोमहालय? यूपी में सियासत तेज, 2027 से पहले बनेगा बड़ा मुद्दा

आगरा, 9 जुलाई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में राम मंदिर चढ़ावा चोरी का मामला अभी थमा नहीं है। हर रोज नए खुलासे, दावे और वादे हो रहे हैं। इस बीच दुनिया के अजूबों में शुमार ताजमहल को लेकर भी मामला अदालत में आ चुका है। मामला भले ही अदालत में हो लेकिन यूपी और अन्य राज्यों का इतिहास देखते हुए इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि आने वाले समय में इस पर सियासत होगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार और भारतीय पुरातत्व विभाग को नोटिस जारी कर ताजमहल के तेजोमहालय होने वाले दावे पर जवाब मांगा है।



जिसके बाद इस मुद्दे को लेकर मामला गर्माते हुए दिखाई दे रहा है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले इस मुद्दे पर सत्ता और विरोधी पक्ष आमने सामने दिखाई दे सकते हैं। सियासी जानकारों का मानना है कि इससे खुद को हिन्दूवादी पार्टी बताने वाली भारतीय जनता पार्टी को फायदा हो सकता है। आगरा के ताजमहल को लेकर बीते काफी समय से विवाद चला आ रहा है। मुस्लिम जहां इस मकबरा मानते हैं तो वहीं कुछ हिन्दू संगठन इसे भगवान शिव का मंदिर तेजो महालय होने का दावा करते हैं। जिसके बाद से ये मुद्दा कोर्ट में चल रहा हैं। लेकिन, अब इसे लेकर राजनीति भी तेज होती जा रही है। माना जा रहा है कि चुनाव से पहले ये एक बड़ा सियासी मुद्दा हो सकता है। इस मामले पर महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के पॉलिटिकल हेड डॉ। आरिफ का कहना है कि देश की सभी प्राचीन विरासत का अपना-अपना महत्व है और वह भारत की विराट व अद्भुत परंपरा को ही दर्शाते हैं। इनमें से एक ताजमहल भी है। वह भी सरकारी संस्थान की देखरेख में सकुशल संरक्षित हैं।

वैसे वर्तमान समय भारत के साथ-साथ दुनिया के लिए भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, आधुनिकता, तकनीक की संभावनाओं पर ज्यादा आधारित है। यह बातें हमारे छात्रों युवाओं और मतदाताओं के एक बड़े वर्ग को भी प्रभावित करती है। इसलिए, अब किसी भी विरासत अथवा स्थल का नाम कुछ और होने से ज्यादा प्रभावशाली आम जन को अपने मूल भूत विषय प्रभावित करने वाले साबित हो सकते हैं।

## प्रतिमा बागरी के जाति प्रमाण पत्र मामले में ढोल पिटवाने पर विवाद, अफसर पर कार्रवाई की मांग




भोपाल, 9 जुलाई (एजेंसियां)। नगरीय विकास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी के जाति प्रमाण पत्र से जुड़े मामले में गांव में ढोल पिटवाकर सूचना देने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। राज्य सरकार के कई मंत्रियों ने इस पर नाराजगी जताते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह से संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मंत्रियों का कहना है कि जाति प्रमाण पत्र से जुड़े मामलों की जांच के लिए स्क्रीनिंग कमेटी अपना काम कर रही है, लेकिन सुनवाई से पहले बागरी के पैतृक गांव और ससुराल वाले गांव में ढोल पिटवाकर लोगों से उनकी जाति के संबंध में जानकारी मांगना उचित नहीं था। बताया गया कि इस मुद्दे को लेकर मंत्री गौतम टेटवाल, लखन पटेल, दिलीप अहिरवार और प्रतिमा बागरी ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि पहले भी कई जाति प्रमाण पत्र मामलों की जांच हुई है, लेकिन इस तरह ढोल पिटवाकर सूचना देने की परंपरा कभी नहीं रही। मंत्रियों ने आरोप लगाया कि यह कार्रवाई जनजातीय कार्य विभाग के अधीन जनजातीय अनुसंधान संस्थान (टीआरआई) के एक अधिकारी के निर्देश पर कराई गई। मुख्यमंत्री डॉ। मोहन यादव और जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह ने मंत्रियों को भरोसा दिलाया कि पूरे मामले की जानकारी ली जाएगी और यदि किसी स्तर पर अनुचित कार्रवाई हुई है तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

बता दें कि कांग्रेस नेता प्रदीप अहिरवार की शिकायत के बाद 6 जुलाई को स्क्रीनिंग कमेटी ने प्रतिमा बागरी के जाति प्रमाण पत्र मामले की सुनवाई की थी। सुनवाई से पहले ढोल पिटवाकर सूचना देने की प्रक्रिया को लेकर अब सरकार के भीतर भी सवाल उठ रहे हैं। मंत्रियों का कहना है कि इस तरह के आदेश देने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

## रिटायर्ड अफसर की याचिका पर जबलपुर हाईकोर्ट सख्त

### आदेश का पालन नहीं करने पर एसीएस समेत तीन वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ जमानती वारंट जारी

जबलपुर, 9 जुलाई (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने अपने आदेश का पालन नहीं करने पर सख्त रुख अपनाते हुए एडिशनल चीफ सेक्रेटरी (एसीएस) मनीष रस्तोगी, वित्त विभाग के प्रमुख सचिव एम। सेलवेन्द्रम और किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के संचालक अजय गुप्ता के खिलाफ 25-25 हजार रुपए के जमानती वारंट जारी किए। अदालत ने अधिकारियों को 15 जुलाई को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर पूर्व आदेश के पालन की रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। मामले की सुनवाई बुधवार को जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ में हुई। कोर्ट ने संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षकों को वारंट तामील कराने के निर्देश दिए गए हैं। मामला कृषि विभाग जबलपुर के पूर्व डिप्टी डायरेक्टर देवदत्त विश्वकर्मा से जुड़ा है, जो 30 जून 2023 को सेवानिवृत्त हुए थे। सेवानिवृत्ति के बाद विभाग ने उनसे करीब 2 लाख 10 हजार रुपए की रिकवरी की थी।

## आरएसएस के कार्यक्रम के लिए सरकारी मंज़ूरी की ज़रूरत नहीं

### रैली के लिए ही इजाज़त लेनी होगी: मंत्री प्रियांक खड़गे



बेंगलुरु, 9 जुलाई (एजेंसियां)। कर्नाटक के गृह मंत्री प्रियांक खड़गे ने कहा कि 10 जुलाई से बेलगावी में होने वाला तीन दिवसीय आरएसएस कार्यक्रम एक निजी कार्यक्रम है और इसलिए, सरकार से अनुमति लेने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर संगठन कोई जुलूस निकालना चाहता है, तो उसे अनुमति लेनी होगी। बेलगावी 10 से 12 जुलाई तक वार्षिक अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक की मेज़बानी करेगा। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और संगठन के कई अन्य वरिष्ठ नेता इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

प्रियांक ने बेंगलुरु में पत्रकारों से कहा, बेलगावी में जो हो रहा है वह आरएसएस का एक निजी कार्यक्रम है। अगर वे सड़कों पर उतरकर जुलूस निकालना चाहते हैं या कोई बड़ी सभा आयोजित करना चाहते हैं, तो उन्हें सरकार से अनुमति लेनी होगी। पुलिस स्थानीय कानून-व्यवस्था की स्थिति की जांच करने के बाद अनुमति देगी। बीजेपी एमएलसी सीटी रवि के इस आरोप का जवाब देते हुए कि उन्होंने मानहानि का मामला दर्ज कराने के लिए हिंदू कार्यकर्ता तेजस गौड़ा को डराने-धमकाने के लिए पुलिस को उनके घर भेजा था, प्रियांक ने उन्हें अपने खिलाफ शिकायत दर्ज कराने की चुनौती दी। तेजस गौड़ा ने आरएसएस पर प्रियांक के हालिया बयानों को लेकर उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था, जिसके बाद बेंगलुरु की एक अदालत ने उन्हें समन जारी किया था। प्रियांक ने तंज कसते हुए कहा, सीटी रवि पहले अपना वॉयस सैंपल दें और फिर दूसरों के बारे में बात करें।

## जेडीयू विधायक अनंत सिंह के आवास के पास मिला संदिग्ध शव, चेहरे पर चोट के निशान; हत्या की आशंका



पटना, 9 जुलाई (एजेंसियां)। जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के बाहुबली विधायक अनंत सिंह के आवास के पास एक संदिग्ध हालात में एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक के चेहरे पर चोट के निशान थे। पुलिस अधिकारियों ने हत्या की आशंका जताई है। फिलहाल, शव को कब्जे में लेकर पुलिस टीम जांच में जुटी हुई है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, गुरुवार (9 जुलाई) की सुबह पुलिस को सचिवालय थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति का संदिग्ध हालात में शव पड़ा होने की सूचना मिली थी।

इसके बाद पुलिस और एफएसएल टीमें मौके पर पहुंचीं। टीमों ने जांच पड़ताल की और सबूत इकट्ठा किए। क्षेत्र के दरोगा राजेंद्र उरांव ने बताया कि गेट नंबर-15 के पास पुल के नीचे संदिग्ध परिस्थितियों में एक शव मिला। इस बारे में उन्हें सूचना दी गई थी। मौके पर पहुंचने के बाद शव को कब्जे में लिया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक के मुंह पर चोट के निशान हैं। प्रथम दृष्टता यह माना जा सकता है कि हत्या के कारण शव को यहां फेंका गया है। उन्होंने बताया कि अभी मृतक की पहचान नहीं हुई है।

फिलहाल, सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर हम मामले की जांच कर रहे हैं। डीएसपी अनु कुमारी ने आईएएनएस को बताया कि शव मिलने की सूचना गुरुवार सुबह प्राप्त हुई। सभी का सत्यापन किया जा रहा है। साक्ष्य सामने आने के बाद घटना के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा सकती है। राजेंद्र उरांव ने बताया कि एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया गया था। टीम ने पूरी जांच पड़ताल की है।

## नाबालिग से दुष्कर्म और हत्या के बाद हिंसा के मामले में 22 और गिरफ्तार, पुलिस ने अब तक 42 को पकड़ा

कोलकाता, 9 जुलाई (एजेंसियां)। दक्षिण 24 परगना । पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर में एक नाबालिग के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या के बाद भड़की हिंसा के सिलसिले में 22 और संदिग्धों को पकड़ा गया है। बंगाल पुलिस ने गुरुवार को बताया कि पिछले 24 घंटों में 22 और संदिग्धों को पकड़ा गया है। इनकी पहचान दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर में एक नाबालिग लड़की के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या के बाद भड़की हिंसा के सिलसिले में की गई है।

पुलिस के अनुसार, इन लोगों पर एक युवक की पीट-पीटकर हत्या (लिंचिंग), पुलिस पर हमला, और पुलिस की गाड़ियों व रेलवे ट्रैक समेत सार्वजनिक संपत्ति में तोड़फोड़ करने का आरोप है। इन 22 लोगों की गिरफ्तारी के साथ अब तक कुल 42 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। बता दें कि रविवार सुबह बारुईपुर के सूर्यपुर इलाके में एक तालाब से 12 वर्ष की नाबालिग का शव मिला था। इसके बाद इलाके में भारी तनाव और हिंसा फैल गई थी। सबसे पहले, गुस्साई भीड़ ने लड़की की मौत में शामिल होने के शक में 26 साल के इंद्रजीत तांती की पीट-पीटकर हत्या कर दी। मामले की पुलिस जांच के नतीजों के आधार पर मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने युवक को निर्दोष बताया। इसके बाद, हिंसक भीड़ ने इलाके में भारी हिंसा की और पुलिस की गाड़ियों व रेलवे ट्रैक जैसी सार्वजनिक संपत्ति में तोड़-फोड़ की।

इस हिंसा में कुछ पुलिसकर्मी भी गंभीर रूप से घायल हो गए। तब मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह नाबालिग के खिलाफ अपराध में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा, उसी तरह पुलिस इलाके में हिंसा और सार्वजनिक संपत्ति में तोड़-फोड़ करने वालों की भी पहचान करेगी।

## कब पूरे होंगे वादे?: दांव पर बीमारी से जूझ रहे हजारों बच्चों की जान, बीजेपी ने कांग्रेस को कैसे घेरा?

बंगलुरु, 9 जुलाई (एजेंसियां)। कर्नाटक में टाइप-1 डायबिटीज़ से पीड़ित बच्चों के लिए घोषित मुफ्त इंसुलिन योजना को लेकर सियासत तेज हो गई है। विधानसभा में विपक्ष के नेता आर। अशोक ने कांग्रेस सरकार पर बजट में किए गए वादे को अब तक लागू नहीं करने का आरोप लगाया है। उनका दावा है कि योजना में देरी के कारण 7,000 से अधिक बच्चे मुफ्त इंसुलिन का इंतजार कर रहे हैं, जबकि कई गरीब परिवार इलाज का खर्च उठाने में असमर्थ हैं।

बीजेपी ने इसे सरकार की प्रशासनिक विफलता बताया है और साथ ही मिड-डे मील योजना में चावल की आपूर्ति में देरी को लेकर भी सरकार पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। अशोक ने कड़े शब्दों में कहा कि सरकार ने कई महीने पहले टाइप-1 डायबिटीज़ से पीड़ित 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को मुफ्त इंसुलिन उपलब्ध कराने की योजना की घोषणा की थी, लेकिन अब तक इसे ज़मीन पर लागू नहीं किया गया। उनका कहना है कि यह घोषणा सिर्फ बजट तक ही सीमित रह गई। मुख्यमंत्री डी।के। शिवकुमार पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने यह घोषणा केवल प्रचार पाने के लिए की थी, लेकिन इसे अमल में लाने की कोई गंभीर कोशिश नहीं की।

अशोक ने कहा कि एक ओर सरकार विज्ञापन और प्रचार पर भारी खर्च कर रही है, वहीं दूसरी ओर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार हर महीने 2,000 से 5,000 रुपये तक का इंसुलिन खर्च उठाने को मजबूर हैं। अशोक ने इस देरी के लिए कर्नाटक राज्य चिकित्सा आपूर्ति निगम लिमिटेड (केएमएससीएल) के अधिकारियों की कथित लापरवाही और टेंडर प्रक्रिया में हुई देरी को जिम्मेदार ठहराया।

## अगवा युवती को बचाया, विवाहित आरोपी के खिलाफ पुलिस ने बीएनएस के तहत दर्ज किया मामला

बड़वानी, 9 जुलाई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के बड़वानी जिले से हैरान करने वाली खबर सामने आई है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि बड़वानी जिले की पुलिस ने उस युवती को सुरक्षित बचा लिया है, जिसे सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में मोटरसाइकिल पर जबरदस्ती ले जाते हुए देखा गया था। राजपुर पुलिस स्टेशन इलाके के जलगांव गांव में हुई यह घटना तब सामने आई, जब दिन-दहाड़े अपहरण का एक वीडियो ऑनलाइन सामने आया। हालांकि, शुरू में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी, लेकिन राजपुर पुलिस ने फुटेज का स्वतः संज्ञान लिया और तलाशी अभियान शुरू किया।

## 'मैं बेगुनाह हूं, झूठा फंसाया गया', सुप्रीम कोर्ट में सोनम रघुवंशी की दलील, अगली सुनवाई 14 जुलाई को

नई दिल्ली, 9 जुलाई (एजेंसियां)। व्यापारी राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में आरोपी सोनम रघुवंशी को मिली जमानत के खिलाफ मेघालय सरकार की याचिका पर अब अगली सुनवाई मंगलवार को होनी है। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने सोनम की जमानत को रद्द करने से इनकार कर दिया था। आपको बता दें कि इंदौर के ट्रांसपोर्ट व्यापारी राजा रघुवंशी की मेघालय में हनीमून के दौरान हत्या कर दी गई थी। हत्या का आरोप पत्नी सोनम और उसके साथियों पर लगा है। हालांकि, अब सोनम रघुवंशी ने इस मामले में खुद को बेगुनाह बताया है।





जानकारी के मुताबिक, राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में आरोपी पत्नी सोनम रघुवंशी को मिली जमानत के खिलाफ दाखिल मेघालय सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट अब मंगलवार को सुनवाई करेगा। फिलहाल सोनम रघुवंशी की जमानत बरकरार रहेगी। सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की अगली सुनवाई मंगलवार 14 जुलाई को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने मेघालय सरकार को सोनम की गिरफ्तारी के समय उसे दिए अरेस्ट मेमो और अन्य दस्तावेजों की कॉपी दायर करने को कहा है। आरोपी सोनम रघुवंशी ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल अपने हलफनामे मे खुद को बेगुनाह बताया है। सोनम ने अदालत से कहा है कि उसे इस मामले में झूठा फंसाया गया है और उसके खिलाफ अभियोजन का पूरा मामला परिस्थितिजन्य साक्ष्यों पर आधारित है। ऐसे में केवल आरोपों के आधार पर उसे दोषी नहीं माना जा सकता। हलफनामे में सोनम ने कहा है कि उससे कोई बरामदगी बाकी नहीं है। कोर्ट की ओर से लगाई शर्तों के मुताबिक वो शिलांग में ही रह रही है। इस केस में चार्जशीट पहले ही दायर हो चुकी है।

ऐसे में इस बात की कोई संभावना नहीं है कि वो सबूत के साथ छेड़छाड़ कर सकती हैं। इस पूरे मामले में सुप्रीम कोर्ट में पिछली सुनवाई में एसजी तुषार मेहता ने दलील दी थी कि टाइपो एरर को कोर्ट ने जमानत का आधार बनाकर जमानत दे दी है। बीएनएस की धारा 103 की जगह गलती से 403 टाइप हो गया था। इस मामले की सुनवाई जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस चंद्रशेखर की बेंच कर रही है।

## वक्फ बोर्ड विवाद के बीच भोपाल के निकाह काजी का इस्तीफा, गैर-मुस्लिम नियुक्तियों पर जताई आपत्ति

भोपाल, 9 जुलाई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्यों की नियुक्ति को लेकर विवाद बढ़ गया है। इस फैसले के विरोध में भोपाल के निकाह काजी मोहम्मद मुआज खान नुमानी नदवी ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने निकाह काजी के पद के साथ-साथ दीनी तालीमी बोर्ड जमीअत उलमा, मध्य प्रदेश के महासचिव पद को भी त्याग दिया है और अपना त्यागपत्र सौंप दिया है।

काजी मुआज खान ने अपना पहला इस्तीफा शहर काजी मौलाना सैयद मुश्ताक अली नदवी को और दूसरा इस्तीफा दीनी तालीमी बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती मोहम्मद अबुल कलाम क़ासिमी को भेजा।

# बांग्लादेश में लैंडस्लाइड से 8 बच्चों की मौत, 5 घायल

## लगातार बारिश के बीच बाढ़ का खतरा बढ़ा



ढाका, 9 जुलाई (एजेंसियां)। बांग्लादेश के कॉक्स बाजार जिले के उखिया स्थित रोहिंग्या शरणार्थी कैंप में बुधवार को लैंडस्लाइड में 8 बच्चों की मौत हो गई और 5 घायल हैं। बीबीसी के मुताबिक, सभी बच्चों की उम्र 7 से 12 साल के बीच थी।

बांग्लादेश मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी दी है।

लगातार हो रही भारी बारिश और भारत से आने वाले ऊपरी इलाकों के पानी की वजह से देश के कई हिस्सों में बाढ़ का खतरा भी बढ़ गया है। रिफ्यूजी रिलीफ एंड रिपैट्रिएशन कमिश्नर (आरआरआरसी) के बयान के अनुसार, घटनास्थल से 13 बच्चों को बाहर निकाला गया। इनमें से चार बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार ने अस्पताल ले जाते समय या इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

बाकी पांच बच्चों का अस्पताल और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में इलाज चल रहा है।

इसी बीच, अंधेरा होने के बाद फायर सर्विस ने बचाव अभियान रोक दिया। अधिकारियों के मुताबिक, आगे की स्थिति का आकलन किया जा रहा है।

# अयातुल्ला खामेनेई का तबाह किया गया घर

## ईरान ने अंतिम संस्कार के ठीक पहले जारी किया अमेरिका-इजराइल ने एक साथ 35 मिसाइलें गिराई थीं

तेहरान, 9 जुलाई (एजेंसियां)। ईरान सरकार ने बुधवार देर रात पहली बार दिवंगत सर्वोच्च नेता सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के आवासीय परिसर पर हुए हमले और उससे हुई तबाही का आधिकारिक वीडियो जारी किया।

वीडियो 35 सेकेंड का है। यह ऐसे समय आया है, जब राजधानी तेहरान में खामेनेई के अंतिम संस्कार का कार्यक्रम चल रहा है। आज उन्हें मशहद में दफनाया जाएगा।

खामेनेई 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमले के पहले दिन मारे गए थे। हमले में उनके परिवार के कई सदस्यों और 40 अफसरों की जान भी गई थी। इसमें खामेनेई की 14 महीने की पोती भी शामिल थी। अमेरिका-इजराइल ने एक साथ 35 मिसाइलें गिराई थीं।

**खामेनेई के आवास का नाम 'बैत-ए-रहबरी' था, सामान्य सा दिखता था**

खामेनेई के आवास का नाम 'बैत-ए-रहबरी' था। यह अत्यधिक सुरक्षित सरकारी परिसर



था, जो तेहरान के मध्य में स्थित था। यही उनका आधिकारिक आवास, कार्यालय और सत्ता का प्रमुख केंद्र था।

**आवास की खासियत**

**साधारण बाहरी स्वरूप:** बाहर से यह परिसर अपेक्षाकृत सादा दिखता था। इसमें भव्य महलों जैसी सजावट नहीं थी।

**इमाम खोमैनी हुसैनिया:** यह परिसर के भीतर एक बड़ा सभा हॉल था, जहां खामेनेई धार्मिक नेताओं, सरकारी अधिकारियों, विदेशी प्रतिनिधियों और आम लोगों से मुलाकात करते थे। महत्वपूर्ण भाषण देते थे। हाल में जारी वीडियो में इसी हॉल को भारी नुकसान हुआ दिखाया गया है।

**कई इमारतों वाला परिसर:** यह केवल एक मकान नहीं था, बल्कि इसमें कार्यालय, बैठक कक्ष, सुरक्षा सुविधाएं, आवासीय हिस्से और प्रशासनिक भवन शामिल थे। यहां हजारों कर्मचारी काम करते थे।

**बेहद हाई-सिक्योरिटी:** पूरे परिसर के चारों ओर ऊंची दीवारें, कई सुरक्षा घेरे और सीमित प्रवेश व्यवस्था थी। इसे ईरान के सबसे सुरक्षित परिसरों में गिना जाता था।

खामेनेई ईरान के राष्ट्रपति भी रहे 1989 में रुहोल्लाह खुमैनी के निधन के बाद से अयातुल्ला खामेनेई ईरान के सर्वोच्च नेता के पद पर काबिज थे। ईरान में 1979 की इस्लामी क्रांति के दौरान जब शाह मोहम्मद रजा पहलवी को हटाया गया तो खामेनेई ने क्रांति में बड़ी भूमिका निभाई थी।

इस्लामिक क्रांति के बाद खामेनेई को 1981 में राष्ट्रपति बनाया गया। वह 8 साल तक इस पद पर रहे। 1989 में ईरान के सुप्रीम लीडर खुमैनी की मौत के बाद उन्हें उत्तराधिकारी बनाया गया था।

**अमेरिका के लगातार दूसरे दिन ईरान पर हमला किया**

अमेरिका ने गुरुवार तड़के लगातार ईरान पर हमला किया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (CENTCOM) ने दावा किया कि उसने करीब 90 सैन्य ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की।

# वेनेजुएला भूकंप: मृतकों की संख्या 3,811 पहुंची

## पुनर्निर्माण के लिए विदेशों में फंसे फंड जारी करने की मांग



काराकास, 9 जुलाई (एजेंसियां)। वेनेजुएला में 24 जून को आए दो शक्तिशाली भूकंपों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 3,811 हो गई है। नेशनल असेंबली के अध्यक्ष जॉर्ज रोड्रिगेज ने बुधवार को यह जानकारी दी। उनके अनुसार, इस आपदा में 16,740 लोग घायल हुए हैं, जबकि 17,907 लोग बेघर हो चुके हैं।

अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से वेनेजुएला पर लगे प्रतिबंधों में राहत देने की अपील दोहराई है। उनका कहना है कि विदेशों में वेनेजुएला की बड़ी मात्रा में संपत्तियां और धनराशि फंसी हुई है। यदि इन्हें जारी कर दिया जाए तो भूकंप प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण के साथ रोजगार और शिक्षा कार्यक्रमों के लिए भी पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हो सकते हैं।

डेल्सी रोड्रिगेज ने बताया कि उन्होंने ब्रिटेन के राजा चार्ल्स को पत्र लिखकर बैंक ऑफ इंग्लैंड में जमा वेनेजुएला का सोना जारी करने का अनुरोध किया है। उन्होंने यह भी कहा कि इस मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के प्रमुख से बातचीत की गई है। बैंक ऑफ इंग्लैंड के पास वेनेजुएला का करीब 31 टन सोना जमा है, जिसकी रिहाई को लेकर लंबे समय से ब्रिटेन की अदालतों में कानूनी विवाद चल रहा है।

वेनेजुएला पर पिछले दो दशकों में अमेरिका, यूरोपीय संघ और अन्य देशों ने विभिन्न प्रतिबंध लगाए हैं। हालांकि, भूकंप के बाद अमेरिका ने राहत कार्यों से जुड़े कुछ वित्तीय लेनदेन के लिए चार महीने की सीमित छूट दी है, ताकि मानवीय सहायता और पुनर्वास कार्य प्रभावित न हों।

# नेपाल में दलाई लामा को लेकर तनाव

## चीन के साथ रिश्ते पर चेतावनी, निशाने पर पीएम बालेन शाह

काठमांडू, 9 जुलाई (एजेंसियां)। नेपाल में बालेन शाह सरकार के आने के बाद से ही उनकी विदेश नीति को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। ताजा विवाद दलाई लामा के जन्मदिन को मनाए जाने को लेकर शुरू हुआ है। नेपाल के पूर्व डेप्युटी पीएम और चीन की करीबी नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी के नेता नारायण काजी श्रेष्ठ ने पीएम बालेन शाह को विदेश नीति को लेकर कड़ी चेतावनी दी है। विदेश मंत्री रह चुके नारायण काजी ने कहा कि बालेन शाह सरकार नेपाल की पहले से चली आ रही स्वतंत्र और गुटनरिपेक्ष विदेश नीति से पीछे हट रही है। यह नेपाल के लिए विनाशकारी हो सकता है। वहीं चीन में राजदूत रह चुके पूर्व राजनयिकों के एक समूह ने भी बालेन शाह सरकार को चेतावनी दी है और कहा है कि वह 'एक चीन नीति' पूरी दृढ़ता के साथ लागू करे।

नारायण काजी ने एक्स पर लिखे अपने पोस्ट में दावा किया कि नेपाल की पूर्ववर्ती सुशील कार्की और अब बालेन शाह सरकार के दलाई लामा को जन्मदिन पर बधाई देने की वजह से संदेह और



गंभीर चिंता पहले ही पैदा हो गई है। उन्होंने कहा कि ऐसी अफवाह पहले से ही फैल रही है कि दलाई लामा के उत्तराधिकारी का ऐलान नेपाल से किया जाएगा। बता दें कि चीन तिब्बतियों के आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा को बागी मानता है जो भारत के धर्मशाला से अपनी निर्वासित सरकार चलाते हैं। चीन कई बार नेपाल को तिब्बतियों की गतिविधियों को लेकर नेपाल को चेतावनी दे चुका है।

पूर्व नेपाली विदेश मंत्री नारायण काजी ने कहा कि दलाई लामा के जन्मदिन को आधिकारिक मंजूरी के बाद मनाया गया है। इसमें काठमांडू में मौजूद कई पश्चिमी राजनयिकों ने हिस्सा लिया। यह कोई साधारण या छोटी घटना नहीं है। यह नेपाल की वर्तमान सरकार के विदेश नीति के बारे में गंभीर संदेह पैदा करता है। उन्होंने कहा कि अगर बालेन सरकार विदेशी ताकतों के रणनीतिक हितों को पूरा करने में लग जाती है तो इससे नेपाल की संप्रभुता और स्वतंत्रता गंभीर संकट में फंस जाएगी। उन्होंने कहा कि नेपाल के देशभक्त लोग इसे कभी स्वीकार नहीं करेंगे और इसका करारा जवाब देंगे। नारायण काजी ने बालेन सरकार को गंभीर चेतावनी दी कि वे ऐसी सारी गतविर्धियों पर रोक लगाएं जो देश की स्वतंत्रता और संप्रभुता को कमजोर करता हो। इस बीच चीन में नेपाल के पूर्व राजदूतों के एक समूह ने भी बालेन सरकार से मांग की कि वह पुरजोर तरीके से 'एक चीन नीति' को बरकरार रखे। उन्होंने चेतावनी दी कि इससे पीछे हटने पर नेपाल की विदेश नीति की विश्वसनीयता कमजोर होगी और चीन के साथ रिश्ते भी खराब होंगे। इन पूर्व राजनयिकों ने दलाई लामा का जन्मदिन मनाए जाने के बाद चीन के सुर में सुर मलिाते हुए यह चेतावनी दी है।

नेपाल के पूर्व राजदूतों ने कहा कि उनका देश हमेशा से ही 'एक चीन नीति' का पालन करता रहा है। साथ ही भरोसा दिया है कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल अपने किसी मत्रि देश के खिलाफ नहीं होने देगा।

उन्होंने कहा कि बालेन सरकार में विदेश मंत्री शिशिर खनन की हाल ही में हुई चीन यात्रा के दौरान भी यही आश्वासन दिया गया है। उन्होंने कहा कि इसके बाद भी दलाई लामा को जन्मदिन मनाया गया जो सवाल उठाता है।

# यूएनएससी चुनाव में जर्मनी की हार भारत के लिए चेतावनी

## स्थायी सीट की राह में रोड़ा, जी4 बन रहा गले की फांस?

न्यूयॉर्क, 9 जुलाई (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की अस्थायी सीट के लिए पिछले महीने हुए चुनाव में जर्मनी की अप्रत्याशित हार ने भारत को अलर्ट मोड में ला दिया है। यूरोप के खाते की दो सीटों के लिए हुई दौड़ में जर्मनी अपने लिए जगह बनाने में नाकाम रहा। उसे पुर्तगाल और ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार का मुंह देखना पड़ा। यूएनएससी के चुनाव में जर्मनी की पहली हार है और इसका असर भारत के साथ बहुत गहरे से जुड़ा हुआ है।

इसी जून महीने में हुए चुनाव में पुर्तगाल को 134 और ऑस्ट्रिया को 131 वोट मिले थे। वहीं, जर्मनी को केवल 104 वोट मिले। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रति रह चुके पूर्व राजनयिक टीएस तिरुमूर्ति जर्मनी की हार की प्रमुख वजह इजरायल के लिए बर्लिन का बिना सोच-समझे समर्थन करने को बताते हैं। लेकिन वह इसके पीछे चीन और रूस की भूमिका पर भी जोर देते हैं।

तिरुमूर्ति ने कहा कि साल 2019-2020 में यूएनएससी रे अपने



पिछले कार्यकाल के दौरान जर्मनी ने चीन और रूस के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया था। यही वजह है कि दोनों ने इस बार जर्मनी को रोकने के लिए मजबूती से मोर्चा संभाला था।

यूएनएससी के चुनावों में जर्मनी की हार पर भारत के लिए एक चेतावनी की तरह है, जो 2029-2029 के गैर-स्थायी कार्यकाल के लिए चुनाव लड़ रहा है। इसके लिए जून 2027 में वोटिंग होनी है, जहां भारत का मुकाबला कजाकिस्तान से होना है। लेकिन एक सवाल इससे भी बड़ा है, जिस पर ध्यान देने की तत्काल जरूरत है। जर्मनी उस जी4 समूह का सदस्य है, जिसमें उसके अलावा भारत, जापान और ब्राजील शामिल हैं। यह समूह यूएनएससी में बड़े बदलाव की मांग करता है, जिसमें स्थायी सीटों का विस्तार शामिल है। लेकिन इस समूह में शामिल हर देश का एक विरोधी भी है, जो संयुक्त राष्ट्र में उनका विरोध करते हैं। भारत का पाकिस्तान, ब्राजील का मेक्सिको, जर्मनी का इटली और जापान का दक्षिण कोरिया। इसके अलावा चीन और रूस जो खुद स्थायी सदस्य हैं, वो भी सुरक्षा परिषद में सुधार के खिलाफ हैं। तिरुमूर्ति का कहना है कि भारत एक तरफ जर्मनी और जापान और दूसरी तरफ उनके विरोधियों के बीच फंसा हुआ है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या जी4 भारत के लिए गले की फांस बन गया है? कहीं इसकी सदस्यता के चलते भारत व्यापक समर्थन खो तो नहीं रहा है?

**यूएनएससी में सुधार की क्यों उठ रही आवाज?**

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद आज भी 90 साल पुराने द्वितीय विश्वयुद्ध के वर्ल्ड ऑर्डर को दिखाती है, जबकि दुनिया का संतुलन आज काफी बदल चुका है। अब यह तेजी से महसूस किया जाने लगा है कि संयुक्त राष्ट्र की भूमिका को फिर से मजबूत किए जाने का एकमात्र तरीका परिषद में सुधार ही है। भारत को ग्लोबल साउथ और बाकी दुनिया से जबरदस्त समर्थन मिला है। ऐसे में यह माना जाता है कि सुधार होने पर उसमें भारत का शामिल होना तय है।

अभी तक स्थिति यह रही है कि संयुक्त राष्ट्र में चुने जाने के लिए भारत हमेशा ग्लोबल साउथ पर निर्भर रहा है।

## फर्जी डॉक्टर नाम बदलकर करता रहा ऑपरेशन

बिलासपुर, 9 जुलाई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर के बहुचर्चित फर्जी कार्डियोलॉजिस्ट केस की जांच अब पूरी हो चुकी है। खुद को एमबीबीएस, एमआरसीपी और इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट बताने वाला आरोपी डॉ. नरेन्द्र विक्रमादित्य यादव अपोलो अस्पताल में कंसल्टेंट बनकर मरीजों की एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी करता रहा।

जांच में फर्जी नाम, संदिग्ध डिग्री और पहचान पत्रों का एंगल भी सामने आया। पुलिस ने आरोपी डॉ. नरेन्द्र के खिलाफ चार्जशीट पेश कर दिया है, जबकि पर्याप्त आपराधिक साक्ष्य नहीं मिलने पर अपोलो प्रबंधन को क्लीन चिट देते हुए कोर्ट में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की गई है।

# पीओके में और बिगड़े हालात, महिलाओं-बच्चों की गिरफ्तारी पर भड़का गुस्सा

## पाकिस्तानी सेना को चेतावनी

इस्लामाबाद, 9 जुलाई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। करीब एक महीने से जम्मू-कश्मीर जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) के नेतृत्व में चल रहे विरोध प्रदर्शन और पाकिस्तान सुरक्षाबलों के इनको दबाने की कोशिश ने तनाव को बढ़ा दिया है। पाकिस्तानी सेना और रेंजर्स बल प्रयोग के जरिए लोगों को चुप कराने की कोशिस कर रहे हैं, वहीं इन कार्रवाईयों से लोगों का गुस्सा और ज्यादा भड़क रहा है।

छापेमारी के दौरान कथित तौर पर महिलाओं और बच्चों को कथित तौर पर हिरासत में लिया गया, जिससे इलाके में आक्रोश फैल गया। गुस्साई भीड़ ने टट्टा पानी पुलिस स्टेशन को घेर लिया और लोग सड़कों पर उतर आए।

जेएएसी ने पीओके में पुलिस पर बर्बरता, मनमानी गिरफ्तारियों और गैर-कानूनी छापेमारी का आरोप लगाया है।

स्थानीय कश्मीरी मसूद खालिद ने अपने घर छापेमारी के बारे में बताते हुए कहा कि उनके परिवार के साथ बेहद खराब बर्ताव किया गया। इससे घर की महिलाएं और बच्चे सदमे में हैं।

एक्शन कमेटी ने दावा किया है कि गैर-कानूनी हिरासत और मौलिक अधिकारों के उल्लंघन से चीजें बिगड़ रही हैं। जेएएसी ने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों और वैश्विक समुदाय से अपील की है कि वे हालात पर नजर रखें। कमेटी ने स्वतंत्र जांच, जवाबदेही और कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

हमारा आंदोलन पाकिस्तान या उसके संस्थानों के खिलाफ नहीं बल्कि गलत काम करने वालेसैन्य और सरकारी अधिकारियों के कदमों के खिलाफ है।

अगर जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह नहीं ठहराया गया तो हालात और बिगड़ सकते हैं और एक गंभीर मानवीय संकट पैदा हो सकता है।

जेएएसी ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ असीम मुनीर को अलग-अलग पत्र लिखकर उन सैन्य कर्मियों और सरकारी अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है, जिन्हें वे पीओके में 4 जून की कार्रवाई के बाद हुई हिंसा के लिए जिम्मेदार मानते हैं।

कमेटी ने रावलकोट, मीरपुर, कोटली और पीओके के अन्य हिस्सों में नागरिकों की हत्या और मानवाधिकारों के उल्लंघन में शामिल अधिकारियों और सुरक्षा कर्मियों पर मुकदमा चलाने की मांग की है। 4 जून के बाद लागू किए गए सभी अनुचित सरकारी कदमों को वापस लेने की भी मांग की गई है।

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मंहगाई और विधानसभा की शरणार्थियों के लिए आरक्षित 12 सीटों के मुद्दे पर बीते महीने प्रदर्शन शुरू हुए थे। प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पाकिस्तानी सेना के दमन ने चीजों को बदतर कर दिया है।

# दक्षिणी चीन में बाढ़ ने मचाई तबाही: 39 लोगों की मौत

## बांध टूटने से सबसे बड़ा हादसा

बीजिंग, 9 जुलाई (एजेंसियां)। दक्षिणी चीन में ट्रॉपिकल स्टॉर्म 'मेसाक' के कारण आई भीषण बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। गुरुवार को अधिकारियों ने बताया कि इस प्राकृतिक आपदा में अब तक 39 लोगों की मौत हो चुकी है। शहर के उपमहापौर डिंग वेई ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि अधिकांश मौतें गुआंग्शी क्षेत्र के नानिंग शहर में बांध टूटने की घटना के कारण हुईं। इस हादसे में अकेले 26 लोगों की जान चली गई। ट्रॉपिकल स्टॉर्म 'मेसाक' (मायसाक) पश्चिमी प्रशांत महासागर और दक्षिण चीन सागर में बनने वाला एक उष्णकटिबंधीय चक्रवात है। जब किसी उष्णकटिबंधीय प्रणाली में लगातार चलने वाली हवाओं की रफ्तार लगभग 63 से 118 किलोमीटर प्रति घंटा के बीच पहुंच जाती है, तो उसे ट्रॉपिकल स्टॉर्म कहा जाता है। इससे अधिक ताकतवर होने पर यही तूफान टाइफून की श्रेणी



में आ जाता है। वर्ष 2026 का ट्रॉपिकल स्टॉर्म मेसाक दक्षिण चीन सागर में बना और फिर हैनान द्वीप होते हुए दक्षिणी चीन की ओर बढ़ा।

इसके साथ आई मूसलाधार बारिश और तेज हवाओं के कारण गुआंग्शी और आसपास के इलाकों में बाढ़ आ गई। कई नदियां उफान पर पहुंच गईं और कुछ स्थानों पर बांध भी टूट गए, जिससे बड़े पैमाने पर जान-माल का नुकसान हुआ। 'मेसाक' नाम माइक्रोनेशिया द्वारा विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) और टाइफून समिति को दिया गया है। पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में आने वाले चक्रवातों के नाम पहले से तय सूची के अनुसार रखे जाते हैं और हर नए तूफान को उसी क्रम में नाम मिलता है। बाढ़ और बांध टूटने की इस भीषण त्रासदी के बाद स्थानीय प्रशासन, बचाव दल और आपदा राहत एजेंसियों ने प्रभावित इलाकों में बड़े पैमाने पर राहत एवं बचाव अभियान शुरू कर दिया है।

# ईरान-यूएस जंग की आंच चाबहार तक, अमेरिकी हमलों से तनाव

वाशिंगटन, 9 जुलाई (एजेंसियां)। अमेरिका और ईरान के बीच हो रही जंग की आंच चाबहार बंदरगाह तक पहुंच चुकी है। होर्मुज और आसपास के इलाकों में 90 से अधिक ठिकानों पर हवाई हमलों के बाद अमेरिकी सेना ने चाबहार को भी निशाना बनाया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान में अमेरिकी सेना की एयर स्ट्राइक के बाद चाबहार और आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। हमलों में बंदरगाह, एक समुद्री यातायात नियंत्रण टावर और पास की सैन्य संपत्तियों को भी नुकसान पहुंचा है। आज ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर खामेनेई को मशहद शहर में सुपुर्द-ए-खाक भी किया जाना है, ऐसे में अमेरिकी हमलों के बाद पश्चिम एशिया में संकट गहराने लगा है।

**भारत से क्या कनेक्शन?**

दोनों पक्षों की तरफ से आक्रामक बयानबाजी का सिलसिला भी जारी है। दरअसल, अमेरिका ने बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात ईरान के दक्षिण-पूर्वी बंदरगाह शहर चाबहार पर नए हमले किए। रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों देश दूसरे दिन भी एक-दूसरे पर लगातार हमले कर रहे हैं। ईरान की सरकारी मीडिया में आई खबरों के मुताबिक चाबहार में विस्फोटों की आवाज सुनी गई। शहर के कुछ हिस्सों में बिजली भी गुल हो गई। स्थानीय लोगों ने कई धमाके सुने। आपातकालीन सेवाओं से जुड़ी जगहों पर भी नुकसान की खबर है। यह हमले चिंताजनक इसलिए भी है क्योंकि अप्रैल में अमेरिका-ईरान युद्धविराम की घोषणा के बाद से भारत की



मदद के विकसित इस रणनीतिक बंदरगाह पर पहली बार हमले हुए हैं। अमेरिकी सैन्य अधिकारियों के अनुसार, समुद्र में बने बुनियादी ढांचे और सैन्य सुविधाओं को निशाना बनाया गया। वाशिंगटन की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि इन जगहों की मदद से ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य में वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाता है। खतरों को भांपते हुए अमेरिकी सेना की मध्य पूर्व कमान- सेंटकॉम ने लगभग 90 ईरानी ठिकानों को निशाना बनाया। एक्स पर जारी बयान में सेंटकॉम ने लिखा, अमेरिकी सेंट्रल कमांड बलों ने ईरान के खिलाफ अतिरिक्त हमले शुरू किए हैं।

इसका मकसद होर्मुज में खतरों को कम करना और जहाजों को नुकसान पहुंचाने की ईरान की ताकत पर नकेल कसना है।

## पहली कक्षा में एडमिशन की उम्र 6 साल होगी

रायपुर, 9 जुलाई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP)-2020 के तहत बड़ा फैसला लिया है। अब अगले शैक्षणिक सत्र से राज्य के सभी स्कूलों में कक्षा पहली में प्रवेश के लिए बच्चे की न्यूनतम उम्र 6 साल होगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। इसके अलावा 2027 में स्कूल 16 जून के बजाय 1 अप्रैल से खुलेंगे। प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाएगी और स्टूडेंट्स को पुस्तकें, यूनिफॉर्म और साइकिल दी जाएगी। इसके बाद 1 मई से 15 जून तक गर्मी की छुट्टियां रहेंगी। इस बदलाव से स्टूडेंट्स को पढ़ाई के लिए ज्यादा समय मिलेगा, समय पर सिलेबस पूरा कराया जा सकेगा।

# अमेरिकी पैट्रियट के जाल में फंसा रूस का सु-35 फाइटर जेट

कीव, 9 जुलाई (एजेंसियां)। यूक्रेन ने एक बार फिर रूसी सुखोई सु-35 फाइटर जेट को मार गिराया है। सु-35 को अमेरिकी पैट्रियट मिसाइल डिफेंस सिस्टम के जरिए गिराया गया है। यह घटना 7 जुलाई की बताई जा रही है, जब रूसी सु-35 यूक्रेन में एक मिशन पर जा रहा था। इस दौरान कुर्स्क इलाके में बॉर्डर पर तैनात एमआईएम-104 पैट्रियट लॉन्ग-रेंज एयर डिफेंस सिस्टम ने रूसी सु-35 की घुसपैठ का पता लगाया और सटीक निशाना लगाते हुए उसे ढेर कर दिया। हालांकि, इस घटना में रूसी सु-35 का पायलट सुरक्षित बचने में कामयाब रहा।

**पैट्रियट सिस्टम से परेशान है रूस**

पैट्रियट ने इससे पहले भी कई रूसी लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टरों का शिकार किया है। इनमें एक सु-34 स्ट्राइक फाइटर, एक सु-35 फाइटर और एक एमआई-8 हेलीकॉप्टर शामिल हैं। इसकी एक जगह से दूसरी जगह जल्द तैनात होने की क्षमता, अधिक लक्ष्यों की ट्रैकिंग और बहुत ज्यादा एंगेजमेंट रेंज ने रूस को काफी परेशान किया है। रूसी लड़ाकू विमान आमतौर पर यूक्रेन के मैन-पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम (एमएएनपीएडीएस) के निशाने पर आने से बचने के लिए ज्यादा ऊंचाई से उड़ान भरते हैं, जबकि पैट्रियट लंबी दूरी पर ज्यादा ऊंचाई पर उड़ने वाले लड़ाकू विमानों को मार गिराने में माहिर है। यूक्रेन लंबे समय से पैट्रियट सिस्टम के लिए मिसाइल इंटरसेप्टर्स की भारी कमी से जूझ रहा है। इसके अलावा रूस ने बड़ी संख्या में पैट्रियट मिसाइल बैटरियों को निशाना बनाया है। रूसी किंजल और इस्कंदर मिसाइलों ने पैट्रियट को बहुत ज्यादा परेशान किया है। इस कारण यूक्रेन लगातार पैट्रियट इंटरसेप्टर्स पाने की गुहार लगा रहा है। अब एक दिन पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उनका देश यूक्रेन को पैट्रियट मिसाइल बनाने का लाइसेंस देगा।

# योगिनी एकादशी आज



शुक्रवार, 10 जुलाई को आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी है, इसे योगिनी एकादशी कहते हैं। यह व्रत भगवान विष्णु की कृपा पाने की इच्छा से किया जाता है। मान्यता है कि इस व्रत के पुण्य से जीवन की परेशानियां दूर होती हैं। इस व्रत से वैसा ही पुण्य मिलता है, जैसा पुण्य यज्ञ करने से मिलता है। एकादशी व्रत करना चाहते हैं, तो इसकी तैयारी दशमी तिथि की शाम से करनी चाहिए। इस बार तिथियों की गड़बड़ की वजह से कई पंचांग में 11 जुलाई को भी एकादशी तिथि बताई गई है।

योगिनी एकादशी व्रत में जो लोग निराहार यानी भूखे नहीं रह पाते हैं, वे एक समय फलाहार कर सकते हैं, इसके साथ ही दूध और फलों का रस भी पी सकते हैं। जो लोग एकादशी व्रत नहीं कर पा रहे हैं, वे इस दिन भगवान विष्णु की विधिवत पूजा कर सकते हैं, अगर विधिवत पूजा नहीं कर पा रहे हैं, तो विष्णु जी को जल और तुलसी चढ़ाकर भी सामान्य पूजा कर सकते हैं। ग्रंथों में लिखा है कि भगवान विष्णु को तुलसी अर्पित करने से भी पूरे व्रत का पुण्य मिल सकता है।

**ऐसे कर सकते हैं एकादशी व्रत**

जो लोग एकादशी व्रत करना चाहते हैं, उन्हें एक दिन पहले यानी दशमी तिथि (9 जुलाई) की शाम संतुलित भोजन करना चाहिए। रात में भगवान विष्णु का पूजन करें, मंत्र जप करें, आप चाहें तो ग्रंथ भी पढ़ सकते हैं या प्रवचन, भजन सुन सकते हैं।

योगिनी एकादशी (10 जुलाई) की सुबह जल्दी उठकर स्नान करें, सूर्य को जल चढ़ाएं। घर के मंदिर में भगवान गणेश, विष्णु जी और महालक्ष्मी का पूजन करें। भगवान के सामने एकादशी व्रत करने का संकल्प लें।

पूजा में विष्णु-महालक्ष्मी की मूर्तियों को गंगाजल से स्नान कराएं। पंचामृत चढ़ाएं। चंदन, रोली, धूप, दीप और लाल-पीले फूलों से श्रृंगार करें।

भगवान को तुलसी के साथ मिठाई, मौसमी फलों का भोग लगाएं।

ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जप करें। पूजा के बाद व्रत करने वाले भक्त को दिनभर निराहार रहना चाहिए। भूखे रहना संभव न हो तो दिन में एक बार फलाहार कर सकता है।

एकादशी की रात में भी भजन-कीर्तन करते हुए भगवान का ध्यान करना चाहिए। भगवान की कथाएं पढ़-सुन सकते हैं।

वाणी और व्यवहार पर नियंत्रण रखें। क्रोध-निंदा से बचें। मन को स्थिर और शांत रखें। जरूरतमंद लोगों को अन्न, वस्त्र, जल आदि का दान करें।

अगले दिन यानी द्वादशी (11 जुलाई) को सूर्योदय के समय भगवान विष्णु की पूजा करें। शुद्ध सात्विक खाना बनाएं और जरूरतमंद लोगों को भोजन कराएं। इसके बाद स्वयं भोजन करें। इस तरह ये व्रत पूरा होता है।

# संत की दुखी व्यक्ति को सीख

## सभी समस्याएं एक साथ कभी खत्म नहीं होतीं, समस्याओं को स्वीकार करें और उनका समाधान खोजने की कोशिश करें

एक लोक कथा है, पुराने समय में किसी गांव में एक बहुत मेहनती और ईमानदार व्यक्ति जीवन की परेशानियों से निराश हो गया था। कभी आर्थिक समस्या, तो कभी परिवार से जुड़ी चिंताएं उसे घेर लेतीं। वह हर समय यही सोचता था कि आखिर कब उसके जीवन की सभी परेशानियां खत्म होंगी। धीरे-धीरे उसका आत्मविश्वास कमजोर होने लगा और वह सुबह से शाम तक उदास रहने लगा।

एक दिन उस गांव में एक संत का आगमन हुआ। दूर-दूर से लोग उनके दर्शन करने और अपनी समस्याओं का समाधान पूछने के लिए आने लगे। युवक को भी उम्मीद जगी कि शायद संत उसकी सभी परेशानियां एक साथ दूर करने का कोई उपाय बता देंगे। वह संत के पास पहुंचा और हाथ जोड़कर बोला, "गुरुदेव, मैं अपने जीवन की परेशानियों से बहुत दुखी हूं। कृपा करके मुझे ऐसा रास्ता बताइए, जिससे मेरी सभी समस्याएं एक साथ समाप्त हो जाएं और मेरा जीवन सुखी हो जाए।"

संत ने युवक की बात ध्यान से सुनी और मुस्कुराते हुए कहा, "मैं तुम्हें तुम्हारी परेशानियों से निपटने का रास्ता जरूर बताऊंगा, लेकिन पहले तुम्हें मेरा एक काम करना होगा।" युवक ने तुरंत कहा, "गुरुदेव, मैं आपका काम करने के लिए तैयार हूं।"

संत ने कहा, "आज रात तुम्हें मेरी गौशाला में गायों की देखभाल करनी है। जब सभी गाय सो जाएं, तब तुम भी आराम करना, सो जाना।"

युवक गौशाला में चला गया। पूरी रात वह गायों की देखभाल करता रहा। वह एक गाय को बैठा हुआ देखता तो दूसरी गाय खड़ी हो जाती। वह दूसरी को संभालता तो तीसरी उठ जाती। इसी तरह पूरी रात बीत गई और युवक एक पल भी नहीं सो पाया और सुबह हो गई।



सुबह होते ही वह संत के पास पहुंचा। संत ने पूछा, "बताओ, रात को तुम्हें अच्छी नींद आई?"युवक ने जवाब दिया, "नहीं गुरुदेव, मैं पूरी रात सो नहीं सका, क्योंकि सभी गायें एक साथ सोई ही नहीं। एक सोती थी तो दूसरी जाग जाती थी।"संत ने कहा, "यही जीवन का सत्य है। हमारी परेशानियां भी इन गायों की तरह ही हैं। जीवन में सभी समस्याएं एक साथ समाप्त नहीं होतीं। जब एक समस्या दूर होती है तो दूसरी चुनौती सामने आ सकती है। इसलिए परेशानियों से भागना नहीं चाहिए, बल्कि धैर्य और साहस के साथ उनका सामना करना चाहिए। जीवन में समस्याएं आती-जाती रहेंगी, हमें इनकी वजह से निराश नहीं होना चाहिए।"

युवक को संत की बात समझ आ गई। उसने शिकायत करना छोड़ दिया और हर समस्या का समाधान खोजने का प्रयास शुरू कर दिया। कुछ समय बाद उसका जीवन पहले से अधिक शांत और संतुलित हो गया।

### संत की सीख

**स्वीकार करें कि समस्याएं जीवन का हिस्सा हैं** – जीवन में सुख और दुख दोनों आते-जाते रहते हैं। यह उम्मीद करना कि कभी कोई परेशानी नहीं आएगी, ये बात वास्तविकता से दूर है। समस्याओं को स्वीकार करने से मन शांत रहता है और समाधान खोजने की क्षमता बढ़ती है।

**एक समय में एक समस्या पर ध्यान दें** – कई बार हम एक साथ कई परेशानियों के बारे में सोचकर तनाव बढ़ा लेते हैं। बेहतर है कि सबसे जरूरी समस्या को पहचानें और सबसे पहले उसका समाधान निकालें। एक साथ बहुत सारी समस्याओं पर ध्यान देंगे, तो निराशा दूर नहीं होगी।

**धैर्य बनाए रखें** – कठिन परिस्थितियों में धैर्य सबसे बड़ी शक्ति है। जल्दबाजी में लिए गए फैसले अक्सर गलत साबित होते हैं। शांत मन से सोचने पर सही रास्ता दिखाई देता है।

समस्या नहीं, समाधान पर ध्यान दें - बार-बार यह सोचना कि "मेरे साथ ही ऐसा क्यों हो रहा है" मन को कमजोर करता है। इसके बजाय यह सोचें कि "इस स्थिति को बेहतर कैसे बनाया जा सकता है।"

**सकारात्मक लोगों के साथ रहें** – अच्छे विचार रखने वाले लोगों के साथ रहने से आत्मविश्वास बढ़ता है। सकारात्मक वातावरण कठिन समय में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

**अपनी भावनाओं को नियंत्रित करना सीखें** - गुस्सा, डर और चिंता निर्णय लेने की क्षमता को प्रभावित कर सकते हैं। योग, ध्यान और आत्मचिंतन जैसी आदतें मन को स्थिर बनाने में मदद करती हैं।

**छोटी सफलताओं को महत्व दें** - बड़ी उपलब्धियां छोटे-छोटे प्रयासों से बनती हैं। हर छोटी प्रगति को पहचानने से आत्मविश्वास बढ़ता है।

**अपनी गलतियों से सीखें** – असफलता अंत नहीं होती। हर गलती हमें कुछ नया सिखाती है और भविष्य में बेहतर निर्णय लेने में मदद करती है।

**स्वास्थ्य का ध्यान रखें** – शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, तो कठिन परिस्थितियों का सामना करना आसान होगा। पर्याप्त नींद, संतुलित भोजन और नियमित व्यायाम जरूरी हैं।

**उम्मीद कभी न छोड़ें** – अंधेरा कितना भी गहरा हो, उसके बाद उजाला जरूर आता है। विश्वास रखें कि लगातार प्रयास और धैर्य से परिस्थितियां बदली जा सकती हैं। जीवन में परेशानियों का आना स्वाभाविक है, लेकिन उनसे हार मान लेना सही नहीं है। जो व्यक्ति धैर्य, सकारात्मक सोच और निरंतर प्रयास के साथ आगे बढ़ता है, वही कठिन परिस्थितियों को अवसर में बदल सकता है।

# बिना तेल के जलता है ज्वाला देवी मंदिर का दीपक वैज्ञानिक भी जानना चाहते हैं इसके पीछे का रहस्य

हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में स्थित ज्वालाजी मंदिर भारत के 51 शक्तिपीठों में से एक माना जाता है। इस मंदिर की सबसे बड़ी खासियत यहां जलने वाली प्राकृतिक ज्वालाएं हैं, जो चट्टानों की दरारों से लगातार निकलती रहती हैं। इन ज्वालाओं के लिए न तेल की जरूरत पड़ती है और न ही बाती की। यही वजह है कि यह मंदिर सदियों से श्रद्धालुओं, पर्यटकों और वैज्ञानिकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। हर साल लाखों लोग इन अखंड ज्वालाओं के दर्शन करने यहां पहुंचते हैं।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, जब भगवान विष्णु ने माता सती के शरीर को अपने सुदर्शन चक्र से खंडित किया था, तब उनकी जीभ इस स्थान पर गिरी थी। इसी कारण ज्वालाजी मंदिर को प्रमुख शक्तिपीठों में गिना जाता है। यहां किसी देवी की मूर्ति नहीं है, बल्कि धरती से निकलने वाली ज्वालाओं की ही पूजा की जाती है। श्रद्धालु इन्हें मां ज्वाला का साक्षात स्वरूप मानते हैं।

**क्यों नहीं बुझती हैं ये ज्वालाएं?**

मंदिर परिसर में चट्टानों की दरारों से कई छोटी-छोटी ज्वालाएं लगातार निकलती रहती हैं। इन्हें नौ पवित्र ज्वालाएं कहा जाता है और प्रत्येक ज्वाला को अलग-अलग देवी स्वरूप से जोड़ा जाता है। धार्मिक मान्यता है कि ये ज्वालाएं अनादि काल से जल रही हैं और देवी की दिव्य शक्ति का प्रतीक हैं। यही वजह है कि यहां आने वाले श्रद्धालु इन ज्वालाओं के दर्शन को बेहद शुभ मानते हैं।



**वैज्ञानिक क्या कहते हैं?**

वैज्ञानिकों के अनुसार, ज्वालाजी मंदिर की ज्वालाओं के पीछे धरती के भीतर मौजूद प्राकृतिक हाइड्रोकार्बन गैसों, खासकर मीथेन जैसी ज्वलनशील गैसों का लगातार रिसाव संभावित कारण हो सकता है। जब ये गैसें सतह पर निकलती हैं, तो आग के संपर्क में आने पर लगातार जलती रहती हैं। हालांकि, इन ज्वालाओं की उत्पत्ति और इनके लंबे समय तक लगातार जलते रहने को लेकर अलग-अलग अध्ययन हुए हैं, लेकिन सभी पहलुओं पर एकमत वैज्ञानिक निष्कर्ष उपलब्ध नहीं है। यही कारण है कि यह स्थान आस्था और विज्ञान, दोनों के लिए दिलचस्प बना हुआ है।

**इतिहास में भी दर्ज है मंदिर का उल्लेख**

इतिहासकारों के अनुसार, ज्वालाजी मंदिर का उल्लेख कई प्राचीन ग्रंथों और यात्रियों के विवरण में मिलता है। कहा जाता है कि मुगल सम्राट अकबर भी इस मंदिर में पहुंचे थे। लोककथाओं के अनुसार, उन्होंने इन ज्वालाओं को बुझाने की कोशिश करवाई, लेकिन वे सफल नहीं हुए। इसके बाद उन्होंने माता के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए मंदिर में सोने का छत्र भी चढ़ाया। हालांकि, इस घटना के कुछ हिस्से ऐतिहासिक स्रोतों की बजाय लोक मान्यताओं पर आधारित हैं।

**देश-विदेश से पहुंचते हैं श्रद्धालु**

नवरात्रि के दौरान ज्वालाजी मंदिर में सबसे ज्यादा श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसके अलावा पूरे साल देश और विदेश से लाखों पर्यटक यहां दर्शन के लिए आते हैं। मंदिर का शांत वातावरण, धार्मिक महत्व और प्राकृतिक ज्वालाएं लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। हिमाचल प्रदेश आने वाले अधिकांश पर्यटक इस मंदिर को अपनी यात्रा का हिस्सा जरूर बनाते हैं।

**आस्था और प्रकृति का अनोखा संगम**

ज्वालाजी मंदिर सिर्फ एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि प्रकृति और आस्था का अनोखा संगम भी है। जहां श्रद्धालु इन ज्वालाओं को मां ज्वाला का दिव्य चमत्कार मानते हैं, वहीं वैज्ञानिक इनके पीछे प्राकृतिक गैसों की भूमिका की संभावना बताते हैं। चाहे इसे आस्था की नजर से देखें या विज्ञान की, ज्वालाजी मंदिर आज भी भारत के सबसे रहस्यमयी और प्रसिद्ध मंदिरों में अपनी अलग पहचान बनाए हुए है।

# रावण की पत्नी मंदोदरी ने विभीषण के साथ यहां बसाई थी गृहस्थी !



वाल्मीकि रामायण के अनुसार मंदोदरी का विवाह दशानन रावण के साथ हुआ था। वह ऋषि कश्यप के पुत्र मायासुर की गोद ली हुई पुत्री थी। रंभा नाम की अप्सरा मंदोदरी की माता थी। मंदोदरी रामायण के पात्र, पंच-कन्याओं में से एक हैं और उन्हें चिर-कुमारी कह कर पुकारा गया है। अपने पति दशानन के मनोरंजन हेतु इन्होंने शतरंज खेल की खोज करी थी।

रावण के महल में मंदोदरी को देख कर हनुमान जी को कुछ क्षणों के लिए ऐसा भ्रम हुआ था कि यही सीता जी हैं लेकिन तुरंत उन्होंने समझ लिया कि यह सीता जी नहीं हो सकतीं।


यह तो अत्यंत प्रसन्न दिखाई दे रही हैं। माता सीता जी तो जहां भी होंगी भगवान श्रीरामचंद्र जी से दूर होने के कारण बहुत ही दुखी होंगी।

शास्त्रों के अनुसार रावण औरतों की तरफ आकर्षित हो जाता था। रावण ने माता सीता का अपहरण उनके सौंदर्य पर मुग्ध होकर किया था।

सीता हरण के बारे में जब मंदोदरी को ज्ञात हुआ तो उन्होंने रावण को समझाने का हर संभव प्रयास किया किंतु उसने उनकी एक न मानी।

***रावण की मृत्यु के बाद मंदोदरी की शादी***

रावण से मंदोदरी के तीन पुत्र थे- मेघनाद, अक्षकुमार और अतिक्य। रावण ने मंदोदरी को वचन दिया था कि केवल वह ही उनकी प्रमुख पत्नी और लंका की महारानी होंगी। कहा जाता है कि लंका के राजा रावण और मंदोदरी की शादी मंडोर में हुई थी। मंडोर जोधपुर के समीप स्थित है। रावण का एक मंदिर जोधपुर में बना हुआ है। लोगों का मानना है कि मंड़ोर दशानन का ससुराल है और रावण की मृत्यु उपरांत उनके वंशज यहीं आकर बस गए थे। कहा जाता है कि रावण की मृत्यु के पश्चात मंदोदरी की शादी विभीषण से हो गई थी।




# क्या आपका व्यवहार आपके ज्ञान का प्रमाण है?

स्वामी रामकृष्ण परमहंस अक्सर विभिन्न संप्रदायों के संतों से गंभीर विषयों पर चर्चा करते थे। एक बार यह नागा गुरु तोतापुरी के साथ बैठे थे। ठंडी का महीना था और 'धूनी' जल रही थी। ज्ञान की बातें हो रही थीं। तभी एक माली वहां से गुजरा और उसने 'धूनी' से अपनी चिलम में भरने के लिए कुछ कोयले ले लिए तोतापुरी जी को माली का इस तरह आना और बिना पूछे पवित्र 'धूनी' छूना बहुत बुरा लगा। उन्होंने न केवल माली को भला-बुरा कहा, बल्कि दो-तीन चांटे भी मार दिए। माली बेचारा हक्का-बक्का रह गया।

इस घटना पर रामकृष्ण परमहंस जोर-जोर से हंसने लगे। तब नागा गुरु ने उनसे सवाल किया, ''इस माली ने पवित्र अग्नि को छूकर अपवित्र कर दिया। तुम्हें भी इसे दो थप्पड़ लगाने चाहिए थे, पर तुम तो हंस रहे हो।

परमहंस ने जवाब दिया, मुझे नहीं पता था कि किसी के छूने भर से कोई वस्तु अपवित्र हो जाती है। अभी तक आप मुझे ज्ञान दे रहे थे कि समस्त विश्व एक ही ईश्वर के प्रकाश से प्रकाशमान है। लेकिन आपका यह ज्ञान तब कहां चला गया, जब आपने मात्र 'धूनी' की अग्नि छूने के बाद माली को भला-बुरा कहा और पीट दिया। आप जैसे आत्मज्ञानी को देखकर सिर्फ हंसी ही आ सकती है, जिसे श्रेष्ठता का घमंड हो।'' यह सुनकर नागा गुरु बहुत लज्जित हुए। उन्होंने माली से क्षमा मांगी और परमहंस के सामने प्रतिज्ञा की कि आगे ऐसी गलती कभी नहीं करेंगे।

# घर की इस दिशा को कहा जाता है कुबेर कॉर्नर जहां खिंचा चला आता है पैसा !

घर का हर कोना किसी न किसी ऊर्जा और देवता से संचालित होता है। वास्तु शास्त्र के नियमों के अनुसार, घर की हर दिशा हमारे जीवन के अलग-अलग पहलुओं को प्रभावित करती है।

**उत्तर दिशा को कुबेर कॉर्नर क्यों कहा जाता है?**

वास्तु शास्त्र और धार्मिक मान्यताओं के अनुसार उत्तर दिशा के अधिपति धन के देवता भगवान कुबेर माने जाते हैं। पौराणिक कथाओं में भगवान कुबेर को देवताओं का कोषाध्यक्ष बताया गया है, जिनके पास समस्त धन-संपदा का भंडार है। इसी कारण उत्तर दिशा को धन, वैभव और समृद्धि की दिशा माना जाता है। मान्यता है कि इस दिशा में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह अधिक होता है। यदि यहां किसी प्रकार का भारी सामान, गंदगी हो, तो धन से जुड़े अवसर प्रभावित हो सकते हैं।

**उत्तर दिशा का वास्तु शास्त्र में क्या महत्व है?**

वास्तु शास्त्र के अनुसार उत्तर दिशा को खुला, स्वच्छ और हल्का रखना शुभ माना जाता है। माना जाता है कि इस दिशा से सकारात्मक ऊर्जा और आर्थिक उन्नति के अवसर घर में प्रवेश करते हैं। इसलिए इस दिशा में पूरी रोशनी और साफ-सफाई बनाए रखने की सलाह दी जाती है। इसलिए घर का मुख्य प्रवेश द्वार यदि उत्तर दिशा में हो और वास्तु के नियमों के अनुसार बनाया गया हो, तो यह शुभ फल देने वाला माना जाता है।

**उत्तर दिशा में क्या रखना शुभ माना जाता है?**

वास्तु मान्यताओं के अनुसार उत्तर दिशा में धन से जुड़े प्रतीक या शुभ वस्तुएं रखना लाभदायक माना जाता है। जैसे कि भगवान कुबेर की प्रतिमा या चित्र, धन रखने की तिजोरी, या हरे पौधे। माना जाता है कि इससे घर में सकारात्मक वातावरण बना रहता है।

**किन चीजों को उत्तर दिशा में रखने से बचने की सलाह दी जाती है?**

वास्तु शास्त्र के अनुसार उत्तर दिशा में भारी अलमारी, कबाड़, टूटा-फूटा सामान या लंबे समय से प्रयोग में आनी वाली चीजों को न रखने की सलाह दी जाती है। माना जाता है कि इससे सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह रूक सकता है। इसके अलावा इस दिशा को हमेशा साफ और सही तरीके से रखने पर जोर दिया जाता है।


स्वतंत्र वार्ता

शुक्रवार, 10 जुलाई - 2026

## फिर ईरान-अमेरिका टकराव

पश्चिम एशिया एक बार फिर युद्ध की विभीषिका के मुहाने पर खड़ा हो गया है। ईरान पर अमेरिकी हमलों और उसके बाद ईरान की जवाबी सैन्य कार्रवाई ने स्पष्ट कर दिया है कि युद्ध-विराम की उम्मीदें लगातार कमजोर पड़ रही हैं। यह केवल दो देशों के बीच का टकराव नहीं, बल्कि वैश्विक शांति, ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया आक्रामक बयान और ईरान की तीखी प्रतिक्रिया ने स्थिति को और अधिक जटिल बना दिया है। कूटनीति का मूल उद्देश्य संवाद के दरवाजे खुले रखना होता है। किसी भी जिम्मेदार वैश्विक शक्ति से अपेक्षा यही होती है कि वह संयम, विवेक और बातचीत को प्राथमिकता दे, न कि युद्ध की आग में घी डालने का काम करे। यदि ईरान को बड़े सैन्य हमले की आशंका थी, तो क्या उसने अपनी सुरक्षा और कूटनीतिक तैयारियों को पर्याप्त महत्व दिया? क्षेत्रीय शक्तियों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की भी जिम्मेदारी है कि वे ऐसी रणनीति अपनाएं, जिससे संघर्ष का दायरा और न बढ़े। यदि जवाबी कार्रवाइयों का सिलसिला लंबा चला, तो इसका सबसे बड़ा खामियाजा आम नागरिकों को ही भुगतना पड़ेगा। इस संघर्ष का प्रभाव युद्ध क्षेत्र से कहीं आगे तक पहुंचेगा। होर्मुज जलडमरूमध्य विश्व के ऊर्जा व्यापार की सबसे महत्वपूर्ण जीवनरेखाओं में से एक है। यदि वहां अस्थिरता बढ़ती है, तो कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आएगा, महंगाई बढ़ेगी और भारत सहित अनेक विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। वैश्विक शेयर बाजारों में अस्थिरता, आपूर्ति श्रृंखला में बाधा और निवेशकों की चिंता भी इसी संकट का स्वाभाविक परिणाम होगी। इतिहास गवाह है कि अफगानिस्तान, इराक, सीरिया और गाजा जैसे संघर्षों ने दशकों तक मानवता को केवल दर्द और अस्थिरता दी है। इसलिए यह समय किसी एक पक्ष की जीत या हार का नहीं, बल्कि स्थायी शांति का रास्ता खोजने का है। संयुक्त राष्ट्र, यूरोपीय देशों, खाड़ी राष्ट्रों तथा अन्य प्रभावशाली शक्तियों को तत्काल सक्रिय होकर मध्यस्थता करनी चाहिए। युद्ध-विराम केवल घोषणा से सफल नहीं होता, बल्कि विश्वास निर्माण, निरंतर संवाद और राजनीतिक इच्छाशक्ति से टिकाऊ बनता है। भारत जैसे देश, इस दिशा में रचनात्मक भूमिका निभा सकते हैं। दोनों पक्षों के साथ भारत के अच्छे संबंध उसकी सबसे बड़ी कूटनीतिक शक्ति हैं। ऐसे में भारत की संतुलित और विवेकपूर्ण पहल वैश्विक शांति को नई दिशा दे सकती है। युद्ध कभी स्थायी समाधान नहीं देता। हर मिसाइल भविष्य की एक नई त्रासदी को जन्म देती है, जबकि हर सफल वार्ता आने वाली पीढ़ियों के लिए उम्मीद का नया द्वार खोलती है। यदि विश्व समुदाय ने अभी भी संवाद को युद्ध पर वरीयता नहीं दी, तो इसकी कीमत केवल ईरान और अमेरिका नहीं, बल्कि पूरी मानवता को आर्थिक अस्थिरता, ऊर्जा संकट और मानवीय त्रासदी के रूप में चुकानी पड़ेगी। पश्चिम एशिया को आज हथियारों की नहीं, बल्कि विश्वास, संयम और सार्थक संवाद की आवश्यकता है। यही समय है कि प्रतिशोध नहीं, बल्कि शांति को सबसे बड़ी शक्ति बनाया जाए।

# सरहद पार की साज़िश और आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियाँ



अशोक भाटिया

आज की ताजा खबर है कि चंडीगढ़ पुलिस ने सेक्टर-11 के एक दवा स्टोर के कैशियर जानकी दास की हत्या की जांच के दौरान पाकिस्तान समर्थित आईएसआई के एक बड़े अंतरराष्ट्रीय नार्को-टेरर और फेक करेंसी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने पंजाब के सीमावर्ती जिलों (तरनतारन और अमृतसर) में छापेमारी कर इस सिंडिकेट से जुड़े तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

दरअसल अक्सर जो अपराध सतही तौर पर स्थानीय रंजिश या लूटपाट की आम घटना दिखाई देते हैं, उनकी जड़ें देश की सीमाओं के पार तक फैली होती हैं। चंडीगढ़ के सेक्टर-11 में एक दवा स्टोर के कैशियर (जानकी दास) की नृशंस हत्या की जांच के दौरान चंडीगढ़ पुलिस ने जिस अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है, वह इसी कड़वी हकीकत की तस्दीक करता है। इस हत्याकांड के सुरागों का पीछा करते हुए क्राइम ब्रांच जब पंजाब के सीमावर्ती जिलों—तरनतारन और अमृतसर—तक पहुँची, तो एक ऐसा खौफनाक मंज़र सामने आया जिसने देश की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को झकझोर कर रख दिया है।यह केवल एक साधारण आपराधिक गिरोह नहीं था, बल्कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई द्वारा पोषित एक बड़ा 'नार्को-टेरर' (मादक पदार्थ-आतंकवाद) और जाली नोटों का नेटवर्क था। इस कार्रवाई में भारी मात्रा में मेथामफेटामाइन (नशीला पदार्थ), 8 लाख के नकली नोट, और अवैध हथियार बरामद होना यह साबित करता है कि भारत के खिलाफ सीमा पार से जारी 'प्रॉक्सी वॉर' (छद्म युद्ध) ने अब नया और अधिक घातक रूप अख्तियार कर लिया है।

देखने वाली बात यह है कि पिछले कुछ दशकों में आतंकवाद का स्वरूप पूरी तरह बदल चुका है। अब यह केवल बंदूकों और बमों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे 'हाइब्रिड वॉरफेयर' के रूप में लड़ा जा रहा है। नार्को-टेररिज्म इस रणनीति का सबसे खतरनाक हथियार है।इसके तहत एक तरफ सीमा पार से ड्रग्स भेजकर भारत की युवा पीढ़ी को शारीरिक और मानसिक रूप से खोखला किया जाता है, तो दूसरी तरफ उसी ड्रग्स की बिक्री से मिलने वाले काले धन का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों, हथियारों की खरीद और स्लीपर सेल्स को फंडिंग देने के लिए किया जाता है।इस विशिष्ट मामले में नशीले पदार्थों के साथ 'फेक इंडियन करेंसी नोट' (FICN) की बरामदगी यह दर्शाती है कि दुश्मन देश भारत की आर्थिक संप्रभुता पर भी समानांतर प्रहार कर रहा है। बाजार में नकली नोटों को खपाकर भारतीय मुद्रा की साख को कमजोर करने और महंगाई व अस्थिरता पैदा करने की यह एक सोची-समझी साज़िश है। चंडीगढ़ पुलिस की जांच में जो सबसे चिंताजनक पहलू सामने आया है, वह है इस नेटवर्क द्वारा सीमा पार से तस्करी के लिए ड्रोन तकनीक का धड़ल्ले से इस्तेमाल। पंजाब की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि कटीले तारों और चौसीस घंटे की बीएसएफ (BSF) की चौकसी के बावजूद, आसमान के रास्ते को पूरी तरह सील करना एक बड़ी चुनौती बन गया है। पाकिस्तान में बैठे आका रात के अंधेरे में आधुनिक, कम आवाज वाले ड्रोनों के जरिए जीपीएस कोऑर्डिनेट्स का उपयोग कर हेरोइन, मेथामफेटामाइन और जाली नोटों के पैकेट भारतीय सीमा के भीतर गिरा देते हैं।स्थानीय स्तर पर 'ड्रॉप' उठाने वाले कूरियर सुरक्षा एजेंसियों के रडार से बचने के लिए अत्यधिक एनक्रिप्टेड डिजिटल मैसेजिंग प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हैं। इस केस में गिरफ्तार आरोपी—गुरमीत सिंह उर्फ बादशाह, आकाश कुमार और सचिन सिलवेस्टर—इसी कॉपरेटिव नेटवर्क के प्यादे थे, जो तकनीक के सहारे देश विरोधी ताकतों के एजेंडे को जमीन पर उतार रहे थे।

इस पूरे खुलासे का सबसे स्याह और डरावना पहलू यह है कि इस अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का मुख्य सूत्रधार या रणनीतिकार कोई बाहर घूम रहा अपराधी नहीं, बल्कि जेल की सलाखों के पीछे बंद गैंगस्टर धर्मिंदर सिंह उर्फ गोली है। यह घटना भारतीय कारागारों की सुरक्षा और प्रबंधन पर एक बहुत बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा करती है।एक खूंखार अपराधी जेल के भीतर बैठकर मोबाइल फोन, इंटरनेट और एनक्रिप्टेड ऐप्स के जरिए पाकिस्तान में आईएसआई के हैंडलर्स और बाहर जमीन पर सक्रिय अपने गुर्गों के बीच पुल का काम कर रहा था।जेलों का 'क्राइम हब' में बदल जाना यह दिखाता है कि तकनीक के इस दौर में हमारे जेल प्रशासन के पास या तो आधुनिक जैमर्स और सर्विलांस उपकरणों की कमी है, या फिर भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहरी हैं कि देश की सुरक्षा दांव पर लगा दी जाती है। जब तक जेलों से गैंगस्टरों के नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त नहीं किया जाएगा, तब तक बाहर सड़क पर पुलिस की हर कामयाबी अधूरी रहेगी।

गौरतलब है कि पंजाब ने अस्सी और नब्बे के दशक में उग्रवाद का एक लंबा और काला दौर देखा है। बड़ी कुर्बानियों के बाद वहां शांति बहाल हुई थी, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से 'उड़ता पंजाब' की जो छवि बनी है, वह इसी नार्को-टेरर का परिणाम है।चंडीगढ़ पुलिस द्वारा इन सीमावर्ती जिलों में की गई छापेमारी बताती है कि इन क्षेत्रों में इस नेटवर्क की जड़ें कितनी गहरी हो चुकी हैं। बेरोजगार युवाओं को पैसों का लालच देकर इस दलदल में धकेला जा रहा है।आज का सबसे बड़ा खतरा यह है कि स्थानीय अपराधियों और वैचारिक रूप से प्रेरित आतंकवादियों के बीच की लकीर मिट चुकी है। अपराधी अब केवल फिरौती या डकैती नहीं कर रहे, बल्कि वे विदेशी ताकतों के हाथों के खिलौने बनकर देश के खिलाफ देशद्रोह के मामलों में सीधे शामिल हो रहे हैं।

इस पूरे घटनाक्रम में चंडीगढ़ पुलिस की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है। एक स्थानीय हत्या के मामले को केवल एक 'ब्लाइंड मर्डर' मानकर फाइल बंद करने के बजाय, पुलिस ने इसके पीछे छिपे वृहद पैटर्न को समझा। चंडीगढ़ जैसे केंद्र शासित प्रदेश की पुलिस ने पंजाब पुलिस और केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर त्वरित कार्रवाई की। आरोपियों के फोन रिकॉर्ड्स, वित्तीय लेनदेन और कॉल डेटा के विश्लेषण से ही इस सिंडिकेट का पर्दाफाश संभव हो सका।

यह आधुनिक पुलिसिंग का एक बेहतरीन उदाहरण है कि कैसे डेटा और तकनीक का सही इस्तेमाल कर बड़े से बड़े सिंडिकेट को तोड़ा जा सकता है। इस खुलासे ने सुरक्षा एजेंसियों के सामने कुछ अनिवार्य और कड़े कदम उठाने की आवश्यकता को रेखांकित किया है:जैसे देश की सभी संवेदनशील जेलों में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' आधारित सर्विलांस, आधुनिक 5G जैमर्स और नियमित औचक निरीक्षण अनिवार्य किए जाएं। जेल के भीतर मोबाइल का मिलना एक अक्षम्य राष्ट्रीय सुरक्षा अपराध माना जाना चाहिए। भारत-पाकिस्तान सीमा पर 'एंटी-ड्रोन सिस्टम' और लेजर फेंसिंग को बड़े पैमाने पर तैनात करने की गति तेज करनी होगी, ताकि आसमान से होने वाली इस अवैध सप्लाई चेन को हवा में ही नष्ट किया जा सके।इस नार्को-टेरर नेटवर्क की कमर तब तक नहीं टूटेगी जब तक इनके वित्तीय साम्राज्य को नेस्तनाबूद नहीं किया जाता।

ईडी और एनआईए जैसी केंद्रीय एजेंसियों को इस सिंडिकेट की संपत्तियों को कुर्क करना चाहिए और हवाला नेटवर्क को ध्वस्त करना चाहिए।

# प्रकृति को चुनौती नहीं सम्मान देने की जरूरत



आरके जैन

प्रकृति जब रौद्र रूप धारण करती है, तब मनुष्य की सारी शक्ति क्षणभर में प्रभावहीन हो जाती है। मानसून इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। यही वर्षा भारत के खेतों में जीवन भरती है, तो कभी भीषण बाढ़ और भूस्खलन बनकर गाँव, सड़कें, पुल और अनगिनत जिंदगियों को लील लेती है। उफनती नदियाँ, विकराल झरने और शांत पहाड़ियाँ पलभर में मौत का मंजर बन जाती हैं। ऐसे समय सबसे अधिक चिंता उन युवाओं की होती है, जो रोमांच के नाम पर जोखिम को ही साहस समझ बैठते हैं। याद रखिए, आप केवल अपने परिवार की उम्मीद नहीं, बल्कि राष्ट्र की अमूल्य शक्ति हैं। इसलिए मानसून के इन तीन-चार महीनों में उफनती नदियों, झरनों, खतरनाक पहाड़ी क्षेत्रों और जोखिमभरे ट्रेकिंग मार्गों से पूरी तरह दूर रहना ही सच्ची समझदारी है।

मानसून की खूबसूरती जितनी मोहक दिखती है, उसका खतरा उतना ही गंभीर होता है। भारत के हिमालयी क्षेत्र, पश्चिमी घाट और उत्तर-पूर्व के पर्वतीय इलाकों में हर वर्ष भारी वर्षा, फ्लैश फ्लड और भूस्खलन तबाही मचाते हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अनुसार, इन आपदाओं में हर साल हजारों लोगों की जान चली जाती है। मौसम विभाग (आईएमडी) लगातार चेतावनियाँ जारी करता है, फिर भी कई युवा रोमांच के आकर्षण में उन्हें नजरअंदाज कर देते हैं। मनाली-लेह मार्ग, हरिशचंद्रगढ़, हरिहर किला, केदारनाथ सहित अनेक पर्वतीय क्षेत्र मानसून में बेहद जोखिमभरे हो जाते हैं। गीली चट्टानों पर एक छोटी-सी चूक या ऊपरी पहाड़ों में हुई बारिश से आया अचानक सैलाब संभलने का मौका तक नहीं देता। जो स्थान कुछ देर पहले सुरक्षित दिखता है, वही पलभर में मौत का रास्ता बन सकता है।

रोमांच का वास्तविक अर्थ जोखिम मोल लेना नहीं, बल्कि सही समय पर सही निर्णय लेना है। आज ट्रेकिंग युवाओं के बीच पर्यटन से बढ़कर एक फैशन बन गई है। सोशल मीडिया की आकर्षक तस्वीरें और वीडियो देखकर अनेक लोग यह भूल जाते हैं कि प्रकृति का सुंदर चेहरा पलभर में भयावह रूप भी धारण कर सकता है। फ्लैश फ्लड, फिसलन भरी चढ़ाइयाँ, उफनती नदियाँ और भूस्खलन वाले क्षेत्रों में अनावश्यक साहस दिखाना उपलब्धि नहीं, लापरवाही है। कई बार रेड अलर्ट और मौसम विभाग की चेतावनियों के बावजूद लोग जोखिम उठाते हैं। इसका परिणाम केवल एक हादसा नहीं होता, बल्कि पूरा परिवार जीवनभर के दुःख और पीड़ा का बोझ उठाता है। इसलिए सच्ची बहादुरी प्रकृति को चुनौती देने में नहीं, उसकी चेतावनियों का सम्मान कर सुरक्षित रहने में है।

हर रोमांचक मंज़िल से पहले अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता देना ही सबसे समझदारी भरा निर्णय है। युवाओं को समझना होगा कि जीवन किसी एक ट्रेक, यात्रा या वायरल वीडियो से कहीं अधिक मूल्यवान है। माता-पिता अपने बच्चों में अपने वर्षों के त्याग, संघर्ष और अनगिनत सपनों का भविष्य देखते हैं। एक क्षण की लापरवाही उन सभी उम्मीदों को हमेशा के लिए तोड़ सकती है। देश को भी ऐसे युवा चाहिए, जो सुरक्षित रहकर शिक्षा, कौशल और अपनी ऊर्जा से राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। जोश युवावस्था की पहचान है, लेकिन सही दिशा विवेक ही देता है। इसलिए सितंबर–अक्टूबर तक प्रतीक्षा करना, जब मौसम और रास्ते दोनों सुरक्षित हों, कहीं अधिक बुद्धिमानी है। प्रकृति हमेशा रहेगी, अवसर फिर मिलेंगे, लेकिन जीवन दोबारा नहीं मिलेगा।

सुरक्षा अपनाना कमजोरी नहीं, बल्कि परिपक्वता और जिम्मेदारी की पहचान है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और भारतीय मौसम विभाग लगातार सलाह देते हैं कि भारी वर्षा के दौरान नदियों, झरनों, जलप्रपातों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से दूर रहें। किसी भी यात्रा से पहले मौसम का ताज़ा पूर्वानुमान अवश्य देखें तथा पर्याप्त तैयारी, आवश्यक उपकरण और अनुभवी साथियों के बिना जोखिमभरे मार्गों पर न जाएँ। केवल उत्साह के भरोसे या अकेले ट्रेकिंग करना गंभीर भूल साबित हो सकता है। मानसून के इन महीनों का बेहतर उपयोग पढ़ाई, नई तकनीकी व व्यावसायिक दक्षताएँ सीखने, शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य सुधारने और परिवार के साथ समय बिताने में किया जा सकता है। याद रखें, हर साहसिक कदम का एक सही समय होता है, और मानसून उसका समय नहीं है।

प्रकृति का सौंदर्य तभी आनंद देता है, जब उसके नियमों का सम्मान किया जाए। शांत मौसम में यही पहाड़, नदियाँ और झरने सुकून का अनुभव कराते हैं, लेकिन मानसून में उनका बदला हुआ रूप हर कदम पर खतरे का संकेत देता है। हर वर्ष अनेक परिवार केवल इसलिए अपूरणीय क्षति झेलते हैं क्योंकि मौसम की चेतावनियों को हल्के में लिया जाता है और रोमांच, विवेक पर भारी पड़ जाता है। सबसे बड़ा भ्रम यही है कि दुर्घटनाएँ केवल दूसरों के साथ होती हैं। वास्तव में सावधानी केवल स्वयं की सुरक्षा नहीं, परिवार और समाज के प्रति भी जिम्मेदारी है। जब एक युवा सुरक्षित रहता है, तब उसके साथ माता-पिता की उम्मीदें, परिवार के सपने और राष्ट्र का भविष्य भी सुरक्षित रहता है। इसलिए मानसून में सतर्क रहना कोई त्याग नहीं, बल्कि दूरदर्शिता और समझदारी का प्रमाण है।आज देश को ऐसे युवाओं की आवश्यकता है, जिनका जोश विवेक से संचालित हो। आपका जीवन केवल आपका नहीं, बल्कि परिवार की उम्मीदों और राष्ट्र के भविष्य की अमूल्य पूँजी है। पर्वतों पर अवश्य जाएँ, लेकिन सुरक्षित मौसम में। नदियों और झरनों की सुंदरता का आनंद लें, पर उनके उफान को चुनौती न दें। सच्ची बहादुरी जोखिम उठाने में नहीं, सही समय पर सही निर्णय लेने में है। मानसून बीत जाएगा, रास्ते फिर सुरक्षित होंगे और प्रकृति फिर खुले मन से आपका स्वागत करेगी।

# भारतीय वायुसेना की बढ़ती ताकत



महेन्द्र तिवारी

भारतीय वायुसेना को लेकर हाल ही में सामने आई विश्व स्तर की रैंकिंग ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि आधुनिक युद्ध केवल हथियारों की संख्या से नहीं, बल्कि उनकी गुणवत्ता, संचालन क्षमता, प्रशिक्षण, तकनीकी दक्षता और रणनीतिक तैयारी से जीते जाते हैं। वर्ल्ड डायरेक्टरी ऑफ मॉडर्न मिलिट्री एयरक्राफ्ट यानी WDMMA द्वारा जारी नवीनतम ग्लोबल एयर पावर रैंकिंग में भारत को चीन से ऊपर स्थान दिया गया है। यह उपलब्धि केवल एक रैंकिंग भर नहीं है, बल्कि पिछले कई वर्षों से भारतीय वायुसेना द्वारा किए जा रहे आधुनिकीकरण, बेहतर प्रशिक्षण, तकनीकी उन्नयन और परिचालन क्षमता में निरंतर सुधार की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिली मान्यता भी है। WDMMA ने 103 देशों की 129 सैन्य वायु इकाइयों तथा लगभग 48,082 सैन्य विमानों का अध्ययन करके यह मूल्यांकन तैयार किया है। इसमें केवल विमानों की संख्या नहीं, बल्कि उनकी वास्तविक युद्ध क्षमता, रखरखाव, उपलब्धता, तकनीकी स्तर, प्रशिक्षण, हथियार प्रणाली, लॉजिस्टिक सहायता और भविष्य की क्षमता जैसे अनेक पहलुओं को शामिल किया गया है।

रैंकिंग में अमेरिका की वायुसेना पहले स्थान पर है और उसके बाद अमेरिकी नौसेना तथा रूस की वायुसेना का स्थान आता है। इसके बाद अमेरिकी सेना और मरीन कॉर्प्स की विमानन शाखाएं हैं। भारतीय वायुसेना छठे स्थान पर है जबकि चीन की वायुसेना सातवें स्थान पर है। पहली नजर में यह परिणाम कई लोगों को चौंकाने वाला लग सकता है क्योंकि चीन के पास भारत की तुलना में कहीं अधिक संख्या में सैन्य विमान हैं। फिर भी भारत को आगे रखा गया है।

इसका कारण यह है कि आधुनिक सैन्य मूल्यांकन में केवल संख्या निर्णायक नहीं होती। किसी भी वायुसेना की वास्तविक ताकत इस बात से तय होती है कि वह अपने विमानों का कितनी प्रभावी ढंग से उपयोग कर सकती है, उसके पायलट कितने प्रशिक्षित हैं, उसकी युद्धक रणनीति कितनी मजबूत है और वह किसी भी संकट की स्थिति में कितनी तेजी से प्रतिक्रिया देने में सक्षम है।

भारतीय वायुसेना की सबसे बड़ी विशेषता उसका व्यापक परिचालन अनुभव है। स्वतंत्रता के बाद से भारत ने अनेक युद्धों, सीमित सैन्य अभियानों, आतंकवाद विरोधी अभियानों तथा मानवीय राहत कार्यों में अपनी वायु शक्ति का सफल उपयोग किया है।

चाहे 1971 का युद्ध हो, कारगिल संघर्ष हो या हाल के वर्षों में सीमा पर उत्पन्न तनावपूर्ण परिस्थितियां, भारतीय वायुसेना ने समय पर, सटीक और प्रभावी कार्रवाई करके अपनी क्षमता का परिचय दिया है। इस लंबे अनुभव ने उसे केवल तकनीकी रूप से ही नहीं बल्कि रणनीतिक रूप से भी अधिक परिपक्व बनाया है।

भारत ने पिछले एक दशक में वायुसेना के आधुनिकीकरण पर विशेष ध्यान दिया है। आधुनिक लड़ाकू विमान, लंबी दूरी की मिसाइलें, उन्नत रडार, नेटवर्क आधारित युद्ध प्रणाली, स्वदेशी तकनीकों का बढ़ता उपयोग और निगरानी क्षमता में उल्लेखनीय सुधार ने भारतीय वायुसेना को नई शक्ति प्रदान की है। फ्रांस से प्राप्त राफेल लड़ाकू विमानों ने भारतीय वायुसेना की मारक क्षमता में महत्वपूर्ण वृद्धि की है। इनके साथ आधुनिक मिसाइल प्रणालियां और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली भी जुड़ी हुई हैं, जिससे किसी भी संभावित संघर्ष में भारत की प्रतिक्रिया क्षमता पहले की तुलना में कहीं अधिक मजबूत हुई है। साथ ही तेजस जैसे स्वदेशी लड़ाकू विमान भारत की आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

भारत की भौगोलिक स्थिति भी उसकी वायु रणनीति को विशेष महत्व देती है। एक ओर पाकिस्तान की सीमा है तो दूसरी ओर चीन जैसी बड़ी सैन्य शक्ति। उत्तर में ऊंचे पर्वतीय क्षेत्र, पश्चिम में रेगिस्तान, पूर्वोत्तर के कठिन पर्वतीय इलाके और दक्षिण में विशाल समुद्री क्षेत्र भारतीय वायुसेना के सामने विविध प्रकार की चुनौतियां प्रस्तुत करते हैं। ऐसी परिस्थितियों में किसी भी वायुसेना को बहुआयामी क्षमता विकसित करनी पड़ती है। भारतीय वायुसेना ने इन सभी परिस्थितियों के अनुरूप प्रशिक्षण और संसाधनों का विकास किया है। यही कारण है कि उसकी परिचालन क्षमता को विश्व स्तर पर सराहा जा रहा है।

चीन के पास विमानों की संख्या अधिक होने के बावजूद भारत का आगे आना यह भी दर्शाता है कि आधुनिक युद्ध में गुणवत्ता का महत्व लगातार बढ़ रहा है। किसी देश के पास हजारों विमान होने से वह स्वतः सबसे शक्तिशाली नहीं बन जाता। यदि उन विमानों का रखरखाव, प्रशिक्षण, तकनीकी उन्नयन और युद्ध के समय उनका समन्वित उपयोग प्रभावी नहीं है तो संख्या का लाभ सीमित हो जाता है। WDMMA का मूल्यांकन इसी व्यापक दृष्टिकोण पर आधारित है। इसी कारण भारतीय वायुसेना को उसके वास्तविक परिचालन प्रदर्शन और समग्र युद्ध क्षमता के आधार पर बेहतर स्थान मिला है।

हालांकि यह उपलब्धि महत्वपूर्ण है, लेकिन भारत के सामने कई चुनौतियां भी मौजूद हैं। भारतीय वायुसेना लंबे समय से अपने स्वीकृत लड़ाकू स्क्वाड्रनों की संख्या से कम स्क्वाड्रनों के साथ कार्य कर रही है। पुराने लड़ाकू विमानों को चरणबद्ध तरीके से सेवा से हटाया जा रहा है और उनकी जगह नए विमानों की आवश्यकता लगातार बनी हुई है।

## एथेनॉल क्रांति : ऊर्जा की राह, चुनौतियों की छाया



कुमार कृष्णन

भारत ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में जिस परिवर्तनकारी अभियान को आगे बढ़ा रहा है, उसमें एथेनॉल सम्मिश्रण कार्यक्रम (एथेनॉल ब्लेंडिंग प्रोग्राम) एक महत्वपूर्ण पहल बनकर उभरा है। कुछ वर्ष पहले तक पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने की चर्चा केवल नीति दस्तावेजों तक सीमित थी लेकिन आज यह देश की ऊर्जा रणनीति, कृषि अर्थव्यवस्था और औद्योगिक निवेश का प्रमुख आधार बन चुकी है। सरकार का लक्ष्य आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता कम करना, कार्बन उत्सर्जन घटाना और गन्ना तथा अन्य कृषि उत्पादों के लिए वैकल्पिक बाजार तैयार करना है। पहली दृष्टि में यह नीति बहुआयामी लाभ देती दिखाई देती है, किंतु इसके साथ कुछ ऐसे प्रश्न भी जुड़े हैं जिन्हें अनदेखा करना भविष्य में गंभीर आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय चुनौतियाँ पैदा कर सकता है।

भारत अपनी पेट्रोलियम आवश्यकताओं का अधिकांश हिस्सा आयात करता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव का सीधा प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। ऐसे में एथेनॉल सम्मिश्रण विदेशी मुद्रा की बचत और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना गया। गन्ने के रस, शीरे, टूटे चावल, मक्का तथा अन्य कृषि उत्पादों से बनने वाला एथेनॉल पेट्रोल के साथ मिलकर जीवाश्म ईंधन की खपत कम करता है। इससे कार्बन उत्सर्जन में कमी आने की भी उम्मीद की जाती है।

इस नीति का दूसरा बड़ा पक्ष किसानों से जुड़ा है। लंबे समय तक चीनी उद्योग गन्ना किसानों के बकाया भुगतान की समस्या से जूझता रहा। एथेनॉल उत्पादन ने चीनी मिलों को आय का नया स्रोत दिया, जिससे किसानों के भुगतान में अपेक्षाकृत सुधार हुआ। विशेषकर उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक और बिहार जैसे राज्यों में अनेक चीनी मिलों ने एथेनॉल उत्पादन क्षमता बढ़ाई है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में निवेश और रोजगार के नए अवसर भी बने हैं।

सरकार ने वर्ष 2025-26 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल सम्मिश्रण का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति भी हुई है। अनेक राज्यों में नई डिस्टिलरियाँ स्थापित हो रही हैं और निजी निवेश बढ़ रहा है। यह परिवर्तन केवल ऊर्जा क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि कृषि और उद्योग के बीच नए संबंध भी स्थापित कर रहा है।

लेकिन हर बड़ी क्रांति अपने साथ कुछ जटिल प्रश्न भी लेकर आती है। सबसे पहला प्रश्न खाद्य सुरक्षा का है। यदि एथेनॉल उत्पादन के लिए बड़े पैमाने पर मक्का, गन्ना और अन्य खाद्यान्नों का उपयोग होने लगे, तो इसका असर खाद्य उपलब्धता और कीमतों पर पड़ सकता है। दुनिया के कई देशों का अनुभव बताता है कि जब कृषि उत्पादन का बड़ा हिस्सा ईंधन उद्योग की ओर मुड़ता है, तब खाद्य बाजार में अस्थिरता पैदा होने लगती है।

भारत जैसे देश में यह चिंता और भी महत्वपूर्ण है, जहाँ अभी भी बड़ी आबादी खाद्य सुरक्षा योजनाओं पर निर्भर है। यदि खाद्यान्न का उपयोग ईंधन उत्पादन में तेजी से बढ़ता है तो गरीब उपभोक्ताओं पर महँगाई का अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है। इसलिए ऊर्जा सुरक्षा और खाद्य सुरक्षा के बीच संतुलन बनाए रखना सबसे बड़ी नीति चुनौती होगी।

दूसरा महत्वपूर्ण प्रश्न जल संसाधनों का है। भारत में एथेनॉल उत्पादन का सबसे बड़ा आधार गन्ना है, जबकि गन्ना देश की सबसे अधिक पानी खपत करने वाली फसलों में शामिल है। ऐसे समय में जब महाराष्ट्र, कर्नाटक, बिहार और उत्तर भारत के अनेक हिस्से भूजल संकट का सामना कर रहे हैं, तब गन्ने के उत्पादन को लगातार बढ़ाना दीर्घकालिक दृष्टि से कितना टिकाऊ होगा, इस पर गंभीर विचार आवश्यक है।

जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षा का स्वरूप भी तेजी से बदल रहा है।



सुरेश कुमार मिश्रा

# अंतहीन सन्नाटा

पीली पड़ती दीवारों के उस उदास कोने में, जहाँ समय जैसे किसी पुरानी कील से टंगा हुआ ठहर गया था, रमेश अपनी टूटी हुई चारपाई पर बैठा हुआ था। कमरे की हवा में गरीबी की सीलन और अनकही कहानियों का ऐसा गाढ़ापन था कि सांस लेना भी किसी भारी वजन को उठाने जैसा लगता था। दीवार पर टंगे कैलेंडर की तारीखें बीत चुकी थीं, पर उस घर की नियति वहीं जमी हुई थी जहाँ कई साल पहले एक हादसे ने दस्तक दी थी। कोने में रखी वैसाखियाँ इस बात की गवाह थीं कि रफ्तार सिर्फ बाहर की सड़कों पर होती है, इस चौखट के भीतर तो बस रेंगना ही नसीब था। रमेश के चेहरे पर फैली झुर्रियां किसी नक्शे की तरह थीं, जिसमें सिर्फ दुखों के रास्ते बने हुए थे। वह हर आने-जाने वाले की आहट पर चौंक उठता, जैसे कोई भूला-बिसरा सच उसका दरवाजा खटखटाने वाला हो।

अरे ओ रमेश भाई, आज फिर उसी आस में बैठे हो क्या?₹ पड़ोस के बूढ़े दीनू ने दरवाजे की दरार से झांकते हुए अपनी देहाती बोली में पूछा। रमेश ने एक गहरी सांस ली और अपनी सूनी आँखों से दीवार पर टंगे उस छोटे से टीवी को देखा जो महीनों से बंद पड़ा था। ₹का कहें दीनू काका, जिंदगी तो कब की पटरी से उतर चुकी है, अब तो बस इस मलबे में सांसे ढूंढ रहे हैं। उसकी आवाज में एक ऐसा सन्नाटा था जो सीधे कलेजे को चीरता हुआ पार निकल जाता था। दीनू काका ने अपना सिर हिलाया और बड़बड़ाते हुए आगे बढ़ गए, नासपीटी किस्मत भी ऐसी लात मारती है कि बंदा उठने लायक नहीं बचता। कमरे का वह अकेलापन अब रमेश को डसने लगा था, और हर बीतता पल उसकी छाती पर एक भारी पत्थर की तरह बैठता जा रहा था। शहर की चकाचौंध से दूर इस बदरंग कमरे में हर दिन एक नया तमाशा होता था, जिसे लोग सहानुभूति का नाम देते थे।

कुछ लोग आते, रमेश की बेबसी की तस्वीरें खींचते और अपनी फाइलों में बंद करके चले जाते। रमेश को लगता था कि वह कोई इंसान नहीं, बल्कि किसी अजायबघर की कोई ऐसी वस्तु बन चुका है जिसे देखकर लोग बस 'आह' भर सकते हैं। बाबूजी, क्या मेरी इस हालत का कोई अंत है या मुझे यूँ ही घिसट-घिसट कर इस दुनिया से विदा होना पड़ेगा? रमेश ने एक बार एक बड़े अधिकारी से पूछा था, जो उसकी बैसाखियों को देखकर अपनी गाड़ी का शीशा चढ़ा रहा था। अधिकारी ने बिना उसकी तरफ देखे कहा था, सब्र करो रमेश, सरकारी कागज अपनी रफ्तार से चलते हैं, तुम्हारी बेबसी से उनकी गति नहीं बदलेगी। वह जवाब रमेश के दिल में किसी सुलगते हुए अंगारे की तरह बैठ गया था।

शाम ढलने लगी थी और कमरे की पीली रोशनी में रमेश का साया दीवार पर और भी बड़ा और डरावना दिखने लगा था। उसकी आँखों से आंसू की एक बूंद टपकी और सीधे उसकी फटी हुई लुंगी पर जा गिरी, जहाँ गरीबी ने पहले ही अपने गहरे निशान छोड़ रखे थे। उसे याद आ रहा था अपना वह अतीत, जब उसके पास भी दो मजबूत पैर थे और वह अपनों के लिए कमाकर लाता था। लेकिन एक पल की चूक ने उसे इस चारपाई का कैदी बना दिया था, जहाँ से वह सिर्फ दुनिया को बदलते देख सकता था, खुद को नहीं। भगवान भी परीक्षा उसी की लेता है जिसके पास सहने की ताकत खत्म हो चुकी होती है,उसने खुद से बुदबुदाते हुए कहा। उसकी इस मार्मिक स्थिति को देखकर कमरे की बेजान चीजें भी जैसे रो रही थीं, पर इंसानों की बस्ती में उसकी इस चीख को सुनने वाला कोई नहीं था।

अचानक बाहर किसी गाड़ी के रुकने की आवाज आई और रमेश का दिल जोर से धड़कने लगा। उसे लगा कि शायद उसकी पेंशन के कागजात आ गए हैं, या फिर कोई उसकी सुध लेने आया है। दरवाजे पर एक नौजवान हाथ में एक बड़ा सा लिफाफा लेकर खड़ा था, उसके चेहरे पर एक अजीब सी औपचारिकता वाली मुस्कान थी। क्या आप ही रमेश कुमार हैं? नौजवान ने कड़क आवाज में पूछा। रमेश ने कांपते हाथों से अपनी वैसाखियों को छुआ और बोला, हाँ साहब, मैं ही अभागा रमेश हूँ, क्या मेरी अर्जी मंजूर हो गई? नौजवान ने लिफाफा उसकी तरफ बढ़ाते हुए कहा, बधाई हो, सरकार ने आपकी इस दयनीय स्थिति और बहादुरी को देखते हुए आपको 'शहर का सबसे आत्मनिर्भर दिव्यांग' घोषित किया है और इस सम्मान के साथ आपको यह मेडल दिया जाता है।

रमेश ने कांपते हाथों से वह लिफाफा खोला, जिसके भीतर एक चमचमाता हुआ पीतल का मेडल और एक सर्टिफिकेट था। उसने अपनी सूनी आँखों से उस मेडल को देखा और फिर अपनी उन बैसाखियों को, जो जंग खा रही थीं।

## 'छावा' डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर के साथ फिल्म करेंगे ऋतिक रोशन?





बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन के फैंस के लिए एक बेहद एक्साइटिंग खबर सामने आ रही है. 'छावा' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म बनाने वाले डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर ने अपनी अगली फिल्म के लिए ऋतिक रोशन को अप्रोच किया है. फिलहाल ऋतिक के पास 'कृष 4', रजनीकांत की 'जेलर 2' (कैमियो) और होंबाले फिल्म्स का एक बड़ा प्रोजेक्ट है.

बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन को फिर से दमदार अंदाज में जलवा बिखेरते देखने का फैंस का इंतजार लंबा ही होता जा रहा है. पिछले साल आई उनकी स्पाई-यूनिवर्स की फिल्म वॉर 2 उम्मीद से ठीक उलट बहुत बुरी तरह फ्लॉप हुई. तभी से फैंस उनकी नई फिल्मों का इंतजार बेसब्री से कर रहे हैं. अब ऋतिक फैंस के लिए एक एक्साइटिंग खबर है. चर्चा है कि छावा के डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर ने ऋतिक को अपनी नई फिल्म के लिए अप्रोच किया है.

ऋतिक को डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर ने अपनी नई फिल्म के लिए अप्रोच किया है. इस फिल्म के बारे में ज्यादा डिटेल्स सामने नहीं आई हैं, मगर इतना जरूर सामने आया है कि ऋतिक को अभी इस प्रोजेक्ट पर अपनी रजामंदी देनी है.

'लुका छुप्पी', 'मिमी' और 'जरा हटके जरा बचके' जैसी कामयाब स्मॉल-टाउन स्टोरीज के बाद लक्ष्मण ने विक्की कौशल के साथ पीरियड ड्रामा छावा बनाई थी. 800 करोड़ का वर्ल्डवाइड कलेक्शन करने वाली छावा की धमाकेदार कामयाबी ने लक्ष्मण को उन डायरेक्टर्स में से एक बना दिया जिनके साथ बड़े स्टार्स काम करना चाहते हैं.

फिलहाल लक्ष्मण उतेकर श्रद्धा कपूर के साथ अपनी अगली फिल्म ईठा की रिलीज के लिए तैयारी कर रहे हैं. कुछ दिन पहले आए ईठा के टीजर को शानदार रिस्पॉन्स मिला था. ये रिस्पॉन्स बता रहा है कि लक्ष्मण की इस फिल्म के लिए जनता बहुत एक्साइटेड है.

ऋतिक के खाते में हैं ये प्रोजेक्ट्स

हाल ही में आलिया भट्ट की अल्फा में एक कैमियो करते नजर आए ये ऋतिक रोशन अब सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म जेलर 2 में नजर आएंगे. जेलर 2 में भी वो कैमियो ही कर रहे हैं, लेकिन रिपोर्ट्स बताती हैं कि ये तमिल सिनेमा के भौकाली स्टाइल में एक तगड़ा कैमियो होगा.

रिपोर्ट्स बताती हैं कि इसके अलावा ऋतिक फिलहाल कृष 4 के प्री-प्रोडक्शन पर काम कर रहे हैं, जिसे वो खुद डायरेक्ट भी करने वाले हैं. पिछले साल 'KGF' और 'सालार' जैसी फिल्में बना चुके बड़े प्रोडक्शन हाउस होंबाले फिल्म्स के साथ भी उनकी एक फिल्म पिछले साल अनाउंस हुई थी. इस साल इस प्रोजेक्ट पर भी काम शुरू होने की उम्मीद है.

## एक्टर राजेश शर्मा बीमार, तेलंगाना सीएम से जांच की मांग

### एक्टर गंभीर हालत में भर्ती; वर्कर्स एसोसिएशन ने पूछा- तुरंत अस्पताल क्यों नहीं ले जाया गया

ऑल इंडियन सिने वर्कर्स एसोसिएशन ने प्रभास स्टारर फिल्म 'फौजी' के सेट पर एक्टर राजेश शर्मा के साथ हुई घटना की हाई-लेवल जांच की मांग की है। एसोसिएशन ने इस मामले में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से दखल देने की अपील की है ताकि सेट पर लापरवाही की जांच हो सके।

दरअसल, हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में शूटिंग के दौरान अभिनेता राजेश शर्मा को एक जहरीले कीड़े ने काट लिया था, जिससे उनके पैर का इन्फेक्शन घुटने तक फैल गया और उन्हें कोलकाता के अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। डॉक्टर के मुताबिक राजेश शर्मा अभी खतरे से बाहर नहीं हैं।

**सीएम रेवंत रेड्डी से दखल देने की मांग**

ऑल इंडियन सिने वर्कर्स एसोसिएशन ने फिल्म 'फौजी' के सेट पर हुई इस घटना की तुरंत और पारदर्शी जांच कराने की मांग उठाई है। एसोसिएशन ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को पत्र लिखकर मामले की गहराई से जांच कराने की अपील की है। एसोसिएशन का कहना है कि उन हालातों का पता लगाया जाना चाहिए जिनकी वजह से एक्टर राजेश शर्मा की तबीयत इतनी ज्यादा खराब हो गई। डॉक्टरों के मुताबिक राजेश शर्मा की हालत अभी स्थिर है, लेकिन संक्रमण काफी गंभीर बना हुआ है।

**हैदराबाद के अस्पताल में क्यों नहीं कराया भर्ती?**

एसोसिएशन ने फिल्म की प्रोडक्शन टीम की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने पूछा कि जब सेट पर शूटिंग के दौरान एक्टर की हालत इतनी गंभीर हो गई थी, तो उन्हें तुरंत हैदराबाद के ही किसी बड़े अस्पताल में इलाज के लिए क्यों नहीं ले जाया गया। अधिकारियों को इस बात की जांच करनी चाहिए कि प्रोडक्शन टीम ने तय सुरक्षा, साफ-सफाई और इमरजेंसी मेडिकल नियमों का पालन किया था या नहीं। फिल्म इंडस्ट्री की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वह सभी कलाकारों और क्रू मेंबर्स को सुरक्षित माहौल दे।

**इलाज का पूरा खर्च उठाएं फिल्म के प्रोड्यूसर्स**

एसोसिएशन ने मांग की है कि फिल्म 'फौजी' के प्रोड्यूसर्स राजेश शर्मा के इलाज का पूरा खर्च उठाएं। उन्हें तब तक सबसे बेहतर मेडिकल सुविधाएं दी जाएं जब तक वे पूरी तरह से ठीक नहीं हो जाते। एसोसिएशन ने आरोप लगाया कि कई शूटिंग सेट पर साफ-सफाई और इमरजेंसी हेल्थकेयर से जुड़ी लापरवाही की बातें सामने आती रही हैं। नौकरी जाने के डर से क्रू मेंबर्स और वर्कर्स अक्सर इन मुद्दों पर खुलकर बात नहीं कर पाते हैं। अगर इस मामले में कोई लापरवाही साबित होती है, तो जिम्मेदारी तय होनी चाहिए।



**सेट पर पैकअप के बाद हुआ हादसा**

सुदीपा चटर्जी के सोशल मीडिया पोस्ट के मुताबिक यह घटना हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में हुई। राजेश शर्मा वहां प्रभास की आने वाली फिल्म की शूटिंग कर रहे थे। शूटिंग खत्म होने के बाद वे सेट के पास पेड़-पौधों वाले इलाके में लोकल टेक्नीशियन्स के साथ बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें पैर में किसी कीड़े या जहरीली मकड़ी ने काट लिया। उस समय मामला गंभीर नहीं लगा, इसलिए उन्होंने तुरंत कोई मेडिकल मदद नहीं ली और काम जारी रखा।

**फ्लाइट में अचानक बढ़ गया बुखार**

कीड़े के काटने के करीब छह घंटे बाद राजेश शर्मा के दाहिने पैर में तेज दर्द शुरू हो गया और उनकी तबीयत खराब होने लगी। इसके बाद भी उन्होंने कोलकाता के लिए फ्लाइट पकड़ी।

सफर के दौरान उन्हें तेज बुखार आ गया और वे काफी बेचैन हो गए। कोलकाता पहुंचने पर अगले दिन उनकी हालत ज्यादा बिगड़ गई। इसके बाद परिवार ने उन्हें तुरंत ढाकुरिया के मनिपाल अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में भर्ती हुए एक दिन से ज्यादा का समय हो चुका है।

**पैर में छाले पड़े, फेफड़ों में क्लॉट का खतरा**

अस्पताल के डॉक्टर अभिजीत भट्टाचार्य ने बताया कि कीड़े का इन्फेक्शन पैर के अंगूठे से लेकर घुटने तक फैल गया है। प्रभावित हिस्से पर बड़े-बड़े छाले पड़ गए हैं। डॉक्टर के मुताबिक अभी स्थिति के बारे में साफ तौर पर कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

राजेश शर्मा को डॉक्टरों की कड़ी निगरानी में रखा गया है। डॉक्टरों को चिंता है कि इन्फेक्शन की वजह से ब्लड क्लॉट (खून का थक्का) बन सकता है। अगर यह क्लॉट फेफड़ों तक पहुंचता है, तो जान का खतरा हो सकता है।

## जाह्नवी कपूर की मेहंदी में दिखा बॉयफ्रेंड का नाम:निकनेम 'शिखु' ने खींचा ध्यान



अंशुला कपूर के वेडिंग रिसेप्शन में जाह्नवी कपूर अपने लुक के साथ-साथ मेहंदी को लेकर भी चर्चा में रहीं। उन्होंने डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की सिल्क साड़ी को स्ट्रैपलेस ब्लाउज के साथ पहना था। उनका यह लुक सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया गया।

जाह्नवी ने इंस्टाग्राम पर रिसेप्शन की कई तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में उनकी मेहंदी पर 'शिखु' नाम लिखा नजर आया। 'शिखु' उनके बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया का निकनेम है। यह नाम मेहंदी के डिजाइन में बारीकी से लिखा गया था।

रिसेप्शन में जाह्नवी कपूर ने लैवेंडर रंग की बनारसी सिल्क साड़ी के साथ रॉयल लुक कैरी किया। वहीं, अंशुला कपूर के वेडिंग रिसेप्शन में जाह्नवी कपूर का एक वीडियो भी सामने आया, जिसमें उन्होंने ढोल बजाया।

**हाल ही में नाइटसूट की तस्वीर वायरल हुई**

बता दें कि 2024 में फिल्म 'मैदान' की स्क्रीनिंग के दौरान वह 'शिखु' नाम का नेकलेस पहनकर पहुंची थीं। गौरतलब है कि हाल ही में सोशल मीडिया पर जाह्नवी की एक तस्वीर सामने आई थी, जिसमें वे एक अनोखा नाइटसूट पहने नजर आ रही हैं। इस नाइटसूट पर शिखर पहाड़िया के नाम का एक मैसेज भी लिखा था।

इस फोटो में जाह्नवी ने पिंक कलर का नाइटसूट और ग्रे जैकेट पहना हुआ था। उनके नाइटसूट पर अंग्रेजी में लिखा है, 'इफ लॉस्ट, प्लीज रिटर्न टू शिखर पहाड़िया' यानी 'अगर गुम हो जाऊं, तो कृपया शिखर पहाड़िया के पास लौटा दें।

## 'मैं एक कार्ड लूंगा और उसे हरा रंग दूंगा', अमेरिकी नागरिकता पर दिलजीत दोसांझ ने दी प्रतिक्रिया

दिलजीत दोसांझ इन दिनों अपनी फिल्म 'सतलुज' को लेकर चर्चाओं में हैं। इस बीच एक बार फिर अपनी नागरिकता को लेकर भी एक्टर-सिंगर सुर्खियों में हैं। मई में ऐसी खबरें सामने आईं कि दिलजीत दोसांझ ने 2022 में अमेरिकी नागरिकता ले ली थी। तब से सिंगर ने इस मामले पर चुप्पी साधे रखी है। हालांकि, हाल ही में फैंस के साथ बातचीत के दौरान दिलजीत से उनकी नागरिकता के बारे में पूछा गया। उन्होंने सीधा जवाब देने के बजाय, फैंस के साथ इस अटकलबाजी पर मजाक-मजाक में बात की।



**दुनिया का ड्रामा कभी खत्म नहीं होगा**

इंस्टाग्राम लाइव के दौरान एक प्रशंसक ने सुझाव दिया कि दिलजीत को अपनी फिल्म सतलुज के जी5 ओटीटी प्लेटफॉर्म से हटाए जाने के बाद अमेरिकी ग्रीन कार्ड के लिए आवेदन करना चाहिए। प्रशंसक को जवाब देते हुए दिलजीत ने कहा, 'मैं एक कार्ड लूंगा और उसे हरा रंग दूंगा। मैं कुछ नहीं कह रहा।

सब छोड़कर ये खबर बन जाएगी। ऐसा नहीं होता। दुनिया का ड्रामा कभी खत्म नहीं होगा। लेकिन मेरा मानना है कि हर किसी को बिना वीजा के किसी भी देश की यात्रा करने की अनुमति होनी चाहिए। पूरी दुनिया को एक होना चाहिए। मैं ठीक हूं, लेकिन ऐसा संभव नहीं है, है ना?'

**आप लोग मेरे बारे में क्या सोचते हैं?**

एक अन्य लाइव बातचीत में एक फैन ने मजाक में दिलजीत से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से बात करने और सभी को अमेरिकी नागरिकता दिलाने में मदद करने का अनुरोध किया। दिलजीत ने इस अनुरोध पर हंसते हुए कहा, 'आप लोग मेरे बारे में क्या सोचते हैं? मैं तो बस एक कलाकार हूं।

मैं उनसे नागरिकता के मुद्दे सुलझाने के लिए कैसे कह सकता हूं? उनकी बेटी मुझे फॉलो करती है, लेकिन मैंने उससे भी कभी बात नहीं की। मैं कभी किसी से कोई एहसान नहीं मांगता। अगर कुछ होना तय है, तो हो जाता है। अगर नहीं होना है, तो नहीं होता।'

दिलजीत ने 2022 में अमेरिका की नागरिकता ली थी। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया था कि सिंगर की पत्नी, संदीप कौर, अमेरिकी नागरिक हैं। इसमें यह भी बताया गया था कि दिलजीत ने कैलिफोर्निया के एक पॉश इलाके में बने पांच बेडरूम वाले बंगले को अपना घर बताया था।

## एआर रहमान ने की सोनू निगम की तारीफ

### पूछा- 'आपकी आवाज इतनी रोमांटिक कैसे है?'





मशहूर संगीतकार एआर रहमान ने अपनी आने वाली फिल्म 'बंटवारा 1947' के एक गाने के लिए सिंगर सोनू निगम के साथ काम किया है। रहमान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी खुशी जाहिर की है।

**रहमान ने की सोनू की तारीफ**

फिल्म 'बंटवारा 1947' के गाने 'ओह तबस्सुम' को सोनू निगम ने गाया है। एआर रहमान ने एक्स हैंडल पर सोनू की जमकर तारीफ की है। रहमान ने सोनू से पूछा, 'भाई, गाते समय अपनी आवाज में इतना रोमांस कैसे ले आते हो।'

**क्या है 'बंटवारा 1947' की कहानी**

'बंटवारा 1947' असगर वजाहत के मशहूर नाटक 'जिस लाहौर नई देख्या, ओ जम्याई नई' पर आधारित है। कहानी देश के बंटवारे के समय एक हिंदू परिवार की है, जिसे लाहौर आना पड़ता है। वहां उन्हें एक हवेली मिलती है, जहां पहले से ही एक बुजुर्ग मुस्लिम महिला रह रही होती हैं। यह फिल्म राजनीति के बजाय मानवीय रिश्तों और दर्द को दिखाती है।

**'बंटवारा 1947' की स्टार कास्ट**

इस फिल्म का नाम पहले 'लाहौर 1947' था। अब इस फिल्म का नाम 'बंटवारा 1947' कर दिया गया है। इसमें सनी देओल, प्रीति जिंटा, अली फजल और शबाना आजमी मुख्य भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म से सनी देओल और डायरेक्टर राजकुमार संतोषी लंबे समय बाद साथ काम कर रहे हैं। इससे पहले दोनों ने साथ में फिल्म 'घायल' और 'दामिनी' में काम किया है।

**सोनू निगम का सफर**

सोनू निगम ने अपने करियर में शास्त्रीय संगीत, भजन, ग़ज़ल और पॉप समेत कई तरह के गाने गाए हैं। उन्होंने अब तक 32 से ज्यादा भाषाओं में 6,000 से भी अधिक गाने रिकॉर्ड किए हैं। उन्होंने 1990 के दशक में गाना शुरू किया था।

उनका पहला फिल्मी गाना 1993 में आया 'ओ आसमानवाले' था।

सोनू को 'संदेशे आते हैं' और 'ये दिल दीवाना' जैसे गानों से बड़ी पहचान मिली। 1999 में आया उनका एल्बम 'दीवाना' बेहद सुपरहिट रहा था। इसके अलावा सोनू ने 2002 की फिल्म 'जानी दुश्मनः एक अनोखी कहानी' से बतौर अभिनेता भी काम किया था।

## मीरा कपूर ने दिखाया अपना 'हेल्थ बार', बताया कैसे बच्चों को लगा रही हेल्दी स्नैकिंग की आदत

एंटरप्रेन्योर और शाहिद कपूर की पत्नी मीरा कपूर ने एक बार फिर अपनी हेल्दी लाइफस्टाइल की झलक सोशल मीडिया पर साझा की है। मीरा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने अपने घर के एक खास कोने को दिखाया। इस जगह को उन्होंने 'हेल्थ बार' बताया। यह हेल्थ बार उनके बच्चों के स्नैक काउंटर के ठीक बगल में बनाया गया है, ताकि घर के सभी लोग आसानी से पौष्टिक चीजें चुन सकें। वीडियो के साथ मीरा ने लिखा कि वह काफी समय से ऐसा हेल्थ बार बनाना चाहती थीं। आखिरकार उन्होंने किचन की दराजों में रखे नट्स, सीड्स, सुपरफूड्स और हेल्दी पाउडर को बाहर निकालकर एक खूबसूरत और व्यवस्थित शेल्फ पर सजा दिया। उनका मानना है कि जब हेल्दी चीजें सामने दिखाई देती हैं तो उन्हें रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाना आसान हो जाता है। उन्होंने कहा कि जो उन्हें घर पर बने हेल्दी स्नैक्स भेजते हैं, अब उनके हेल्थ बार को दोबारा भरने का समय आ गया है। वीडियो में मीरा अपने फॉलोअर्स को हेल्थ बार का पूरा सेटअप दिखाती हैं। वह बताती हैं कि उन्होंने इसे खासतौर पर बच्चों और परिवार की स्नैकिंग हैबिट्स को बेहतर बनाने के लिए तैयार किया है। उनके मुताबिक, हर घर में शाम करीब चार बजे बच्चों का एक ही सवाल होता है मम्मा, भूख लगी है, क्या खा सकते हैं? ऐसे में अगर हेल्दी स्नैक्स आसानी से नजर आ जाएं, तो बच्चे भी उन्हें चुनने लगते हैं।

मीरा का कहना है कि अक्सर ड्राई फ्रूट्स, सीड्स और हेल्दी स्नैक्स के पैकेट किचन की अलमारियों या पेंट्री में कहीं पीछे रखे रह जाते हैं। नतीजा यह होता है कि लोग उन्हें भूल जाते हैं और उनकी जगह अनहेल्दी स्नैक्स खा लेते हैं। इसी वजह से उन्होंने सभी चीजों को पारदर्शी जार में भरकर खुली शेल्फ पर सजा दिया है।



अपने हेल्थ बार में मीरा ने बादाम, अखरोट, पिस्ता और दूसरे नट्स के अलावा कई तरह के सीड्स भी रखे हैं। साथ ही उन्होंने एनएमएन पाउडर, स्पिरुलिना पाउडर और मोरिंगा पाउडर जैसी सुपरफूड्स को भी अलग-अलग जार में रखा है। मीरा बताती हैं कि उन्हें मोरिंगा और स्पिरुलिना पाउडर को नारियल पानी में मिलाकर पीना पसंद है। इसके लिए उन्होंने एक खास चम्मच भी रखा है, जो स्ट्रॉ में बदल जाता है। इससे पाउडर मिलाना और उसे पीना दोनों आसान हो जाता है।

हेल्थ बार में सिर्फ नट्स और पाउडर ही नहीं, बल्कि कई तरह के हेल्दी स्नैक्स भी शामिल हैं। मीरा ने अलग-अलग फ्लेवर के मखाने, खजूर, सूखे क्रैनबेरी, प्रोटीन बार, राजगीरा चिक्की, राइस क्रिस्पी और घर पर बने सीड एवं नट बार भी इसमें सजाए हैं। उन्होंने बताया कि इनमें से कई चीजें उनके दोस्तों और परिजनों ने उन्हें भेजी हैं।

मीरा का मानना है कि हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने के लिए सबसे जरूरी बात यह है कि पौष्टिक चीजें आसानी से उपलब्ध और नजर आने वाली जगह पर हों। उनका कहना है कि अगर कोई चीज अलमारी में बंद रहेगी तो उसे खाने की संभावना बहुत कम होगी। वहीं, जब वही चीज सामने रखी हो, तो उसे स्नैक के रूप में चुनना आसान हो जाता है। इसी तरह नट्स, बीज और सुपरफूड्स की थोड़ी-थोड़ी मात्रा रोजाना खाने की आदत भी धीरे-धीरे बन जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि इस छोटे से बदलाव ने उनके लिए एक और समस्या हल कर दी है। अब उनके बच्चों को बार-बार यह पूछने की जरूरत नहीं पड़ती कि उन्हें स्नैक में क्या खाना चाहिए। हेल्थ बार में मौजूद चीजों को देखकर वे खुद भी हेल्दी चीजें चुन सकते हैं।



## 'टॉक्सिक' की रिलीज से पहले कियारा ने अपने किरदार नादिया के बारे में बताई खास बात

स्टार यश की आगामी फिल्म 'टॉक्सिक ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' 26 अगस्त को कई भाषाओं में एक साथ सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म की रिलीज से पहले आज कियारा आडवाणी ने फिल्म के सेट की कुछ शानदार बीटीएस तस्वीरें साझा कर प्रशंसकों को फिल्म के लिए और उत्साहित कर दिया है।

**कियारा का पोस्ट**

कियारा ने आज इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी एक्शन फिल्म 'टॉक्सिक' से अपने किरदार नादिया की कई शानदार तस्वीरें साझा की हैं। एक तस्वीर में कियारा के साथ इस फिल्म के मुख्य अभिनेता यश भी नजर आ रहे हैं। इन शानदार तस्वीरों के साथ कियारा ने कैप्शन में लिखा, 'नादिया जहां भी जाती है हलचल मचा देती है।'

**टॉक्सिक का पहला गाना रिलीज**

हाल ही में 'टॉक्सिक' का पहला गाना 'तबाही' रिलीज हुआ। इस गाने को यश और कियारा आडवाणी के ऊपर फिल्माया गया है। इस गाने को हिंदी समेत, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में रिलीज किया। 'तबाही' गाने को विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। इसे राज शेखर ने लिखा है। इसका संगीत विशाल, बिटुपोन बोरुआ, कंदर्पा कलिता और त्रिहंगकु लहकर ने मिलकर तैयार किया है।

**कब रिलीज होगी फिल्म**

फिल्म 'टॉक्सिक' का निर्देशन गीतू मोहनदास ने किया है। 'टॉक्सिक' में यश मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। उनके साथ इस फिल्म में कियारा आडवाणी के अलावा हुमा कुरैशी, नयनतारा, तारा सुतारिया और रुक्मणी वसंत जैसे कई कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह एक एक्शन फिल्म है।

# समंदर किनारे दोस्तों के साथ छुट्टियों का मजा ले रहीं सारा अली खान; एब्स दिखाते हुए दिए पोज

सारा अली खान छुट्टियां मनाने निकली हैं। अपने दोस्तों की टोली के साथ वे घुमक्कड़ी का लुत्फ ले रही हैं। अभिनेत्री समंदर किनारे सुकून के पल बिताते दिखी हैं। उन्होंने वेकेशन की झलकियां सोशल मीडिया पर फैंस के साथ साझा की हैं, जिनमें उनका बोल्ड अंदाज नजर आ रहा है।

**समंदर सी आजाद और बेबाक होने की ख्वाहिश**

सारा अली खान को घूमने-फिरने का बेहद शौक है। फिलहाल में समंदर किनारे फुरसत के पल बिताती दिखी हैं। इसी के साथ उन्होंने इस बात का संकेत भी दिया है कि समंदर की खूबियां उन्हें कितना आकर्षित करती हैं। सारा ने कैप्शन लिखा है, 'किसी ने कहा है कि समंदर वो सब कुछ है, जो मुझे भी बनने की ख्वाहिश है। सुंदर, रहस्यमयी, बेबाक और आजाद'।

सारा अली खान पिंक शॉर्ट्स और बिकिनी में पोज देती दिख रही हैं। समंदर और आसपास हरियाली से घिरे खूबसूरत माहौल में मानो वे खो गई हैं। इस ट्रिप पर उनके साथ कई दोस्त भी मौजूद हैं।

घुमक्कड़ी, दोस्तों के साथ तफरी और फोटो सेशन के अलावा सारा ने अपने पसंदीदा खाने का भी लुत्फ लिया। सारा कहां घूम रही हैं, लोकेशन का उन्होंने खुलासा नहीं किया है।

तस्वीरों में सारा अली खान ने अपनी फिटनेस से ध्यान खींचा है। उनके एब्स नजर आ रहे हैं। सारा की तस्वीरों पर उनके फैंस





और नेटिजंस के कमेंट्स आ रहे हैं। यूजर्स लिख रहे हैं, 'कमाल की अदाकारा की कमाल तस्वीरें'। एक यूजर ने लिखा है, 'सारा आपने वजन कम कर लिया और कितना कम करोगी। अभी 10 पैक एब्स करने हैं क्या'?

सारा के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्हें बीते दिनों फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' में देखा गया था। मुदस्सर अजीज के निर्देशन में बनी इस रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में आयुष्मान खुराना, रकुल प्रीत सिंह और वामिका गब्बी भी नजर आए। यह फिल्म 10 जुलाई से ओटीटी पर रिलीज हो रही है।

## कहां गईं 'तारक मेहता' की ऑनस्क्रीन वाइफ 'अंजलि भाभी'



'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' टेलीविजन का लोकप्रिय शो है. शो के हर किरदार घर-घर मशहूर हैं. जानते हैं कि शो में अंजलि भाभी का रोल निभाने वाली नेहा मेहता कहां गायब हैं.

नेहा मेहता 12 साल तक 'तारक मेहता' शो का हिस्सा रहीं. शो में उन्होंने 'तारक मेहता' की पत्नी के रोल में फैन्स को एंटरटेन किया. 2020 में उन्होंने निजी कारणों से छोड़ दिया. शो छोड़ने के बाद नेहा ने खुद पर ध्यान देना शुरू किया.

एक्टिंग छोड़ने के बाद एक्ट्रेस ने घूमना-फिरना शुरू कर दिया. वो बैग पैक करके अपनी पसंदीदा जगह घूमने जाने लगीं. इंस्टाग्राम पर वो ट्रैवल वीडियो शेयर करती रहती हैं.

नेहा मेहता का आध्यत्म की ओर भी झुकाव बढ़ चुका है. अब वो पहले से ज्यादा पूजा-पाठ करती नजर आती हैं. इंटरनेट पर उनके कई भक्ति वीडियो मिल जाएंगे.

ऐसा नहीं है कि 'तारक मेहता' छोड़ने के बाद नेहा ने एक्टिंग छोड़ दी है. इस साल उन्होंने सोनी के शो 'इत्ती सी खुशी' से कमबैक किया, जिसने उन्हें बहुत खुशी दी.

एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन वहां वीडियो शेयर कर फैन्स को लाइफ की अपडेट देती रहती हैं.

नेहा 'तारक मेहता' में दिशा वकानी यानी दयाबेन संग अच्छा बॉन्ड शेयर करती थीं. वो दिशा की शादी का हिस्सा भी बनी थीं. उनके सोशल मीडिया दिशा की वेडिंग पिक मौजूद है.

कमबैक के बाद नेहा अच्छी और हेल्दी लाइफ जी रही हैं. वो विवादों से भी दूर रहती हैं. वो पहले से ज्यादा खूबसूरत हो गई हैं और खुलकर हर मोमेंट एंजॉय कर रही हैं.

## रोहनप्रीत से मिलकर पहली बार कैसा था फैमिली का रिएक्शन?



सिंगर नेहा कक्कड़ ने 24 अक्टूबर 2020 को सिंगर और टेलीविजन पर्सनालिटी रोहनप्रीत सिंह से शादी की थी। दोनों ने साथ में कई म्यूजिक वीडियो भी किए हैं। हाल ही में यह कपल राजीव खंडेलवाल के शो 'तुम हो ना-घर की सुपरस्टार' में शामिल हुआ। इस शो में नेहा ने एक प्यार भरा किस्सा साझा किया।

**रोहन से पहली बार मिलकर नेहा की फैमिली हुई इंप्रेस**

नेहा कक्कड़ शो में कहती हैं, 'मैंने टोनी भाई को बोला कि रोहन मुझे बहुत पसंद हैं। फिर मेरे मम्मा-पापा और भाई, रोहन से मिले। हम पंजाब गए थे। मेरी फैमिली रोहन के साथ सिर्फ 15-20 मिनट बैठी थी। इसके बाद वो मुझे दूसरे कमरे में लेकर गए और बोले कि शादी करनी है तो रोहन से ही करो। मम्मी और पापा, टोनी भाई को रोहन बहुत अच्छे लगे थे।'

नेहा शो में आगे कहती हैं, 'मुझे लगता है कि यह सब लिखा हुआ होता है।'

**लॉकडाउन में बनाया था 'नेहू दा व्याह' गाना**

नेहा ने साल 2020 का एक और किस्सा साझा किया। वह बताती हैं, 'लॉकडाउन में हम सब बोर हो रहे थे। कुछ काम नहीं था करने को, मुझे लगा जब सब लोग गाना बना सकते हैं, मैं भी बना के देखती हूं। तब मैंने 'नेहू दा व्याह' गाना बनाया।' यह गाना नेहा कक्कड़ के फैंस को खूब पसंद आया था।

**नेहा कक्कड़ के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स**

नेहा कक्कड़ के करियर फ्रंट की बात करें तो वह बॉलीवुड फिल्मों में लगातार गाने गा रही हैं। साथ ही वक्त-वक्त पर अपने सिंगल एल्बम भी लॉन्च करती रहती हैं।

## सिद्धार्थ-तमन्ना की फिल्म 'द वन' की शूटिंग जंगलों में हुई



सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया अभिनीत फिल्म 'द वन' के मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट का एलान किया है। फिल्म का मोशन पोस्टर साझा किया गया है। इसी के साथ रिलीज डेट का भी खुलासा किया गया है। पहले यह फिल्म अगस्त में रिलीज होनी थी, मगर अब दर्शक इसे सितंबर में देख पाएंगे।

फिल्म का नया मोशन पोस्टर सामने आया है। इसमें सस्पेंस और थ्रिल दोनों हैं। मोशन पोस्टर में देखा जा सकता है कि एक ताकतवर योद्धा बाघ और नंदी के बीच खड़ा है। वह निडर होकर सामना कर रहा है। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'बाघ उसकी दहाड़ है...नंदी उसकी शक्ति। और वन...उसकी कहानी'। यह फिल्म अब 25 सितंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

**'टॉक्सिक' और 'ईठा' से क्लैश से बची 'द वन'**

बता दें कि फिल्म 'द वन' पहले 28 अगस्त को रिलीज होने वाली थी। मगर, इसके साथ दो चर्चित फिल्में दस्तक देने वाली थीं। एक तरफ श्रद्धा कपूर अभिनीत फिल्म 'ईठा' 28 अगस्त को रिलीज हो रही है। वहीं, यश की फिल्म 'टॉक्सिक' 26 अगस्त को रिलीज हो रही है। इनसे 'द वन' का क्लैश होना तय था। फिलहाल, ऐसा नहीं होगा।

**जंगलों में हुई है फिल्म की शूटिंग**

एक प्रेस रिलीज में मेकर्स ने कहा, 'द वन' के जरिए दर्शकों को एक शानदार सिनेमाई अनुभव मिलेगा। इसमें बड़े पैमाने शानदार विज़ुअल इफेक्ट्स शामिल हैं। इसका मकसद ऐसी भारतीय कहानियों को सामने लाना भी है, जो हर पीढ़ी के दर्शकों को पसंद आती हैं'। मेकर्स की तरफ से यह भी बताया गया कि फिल्म मध्य भारत के घने जंगलों पर आधारित है और इसे प्राचीन कथाओं, छिपे हुए मंदिरों और रोमांच का मिश्रण बताया। इसकी शूटिंग असली जंगलों में की गई है।

# फैंस का इंतजार हुआ खत्म, विजय थलापति की 'जन नायकन' सेंसर बोर्ड से पास



विजय थलापति की फिल्म 'जन नायकन' को जनवरी महीने में रिलीज होना था। लेकिन इस फिल्म के साथ कई विवाद जुड़ गए, फिल्म सेंसर बोर्ड में अटकी रही, साथ ही कोर्ट के चक्कर भी मेकर्स ने काटे। अब विजय के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है। फिल्म को सेंसर ने पास कर दिया है।

**फिल्म को मिली 'ए' रेटिंग**

'जना नायकन' को सेंसर बोर्ड से 'ए' रेटिंग के साथ पास किया है। सेंसर से पास होने के बाद फिल्म की अवधि अब 3 घंटे 3 मिनट है।

**कब रिलीज हो सकती है फिल्म?**

गुरुवार को एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर कनाडा के डिस्ट्रीब्यूटर योर्क सिनेमाज ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'आखिरकार, हमारे अपने थलापति विजय 'जन नायकन' के साथ बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। कनाडा में यॉर्क सिनेमाज द्वारा यह फिल्म रिलीज की जाएगी।

24 जुलाई से सिनेमाघरों में फिल्म 'जन नायकन' धूम मचाएगी। एक शानदार थिएटर अनुभव के लिए तैयार हो जाइए।'

हालांकि फिल्म के मेकर्स ने अभी तक रिलीज डेट की आधिकारिक घोषणा नहीं की है।

**क्यों फिल्म को लेकर खड़ा हुआ था विवाद?**

एक्टर विजय एक्टिंग छोड़कर राजनीति में कदम रख रहे थे। अब वह तो तमिलनाडु के सीएम भी बन चुके हैं। ऐसे में उनकी आखिरी फिल्म 'जन नायकन' होने वाली थी, यह 9 जनवरी को रिलीज होनी थी।

लेकिन इसे सेंसर से सर्टिफिकेट नहीं मिला था। ऐसे में फिल्म निर्माताओं ने मद्रास हाई कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक का रुख किया। लंबी कानूनी लड़ाई के बाद सेंसर बोर्ड के खिलाफ अपना केस वापस ले लिया।

फिल्म से फिर सेंसर बोर्ड के पास पहुंची लेकिन इसी बीच यह ऑनलाइन लीक भी हो गई। इन तमाम-उतार चढ़ावों को पार करके अब जाकर 'जन नायकन' सेंसर बोर्ड से पास हो सकी है।

## तलाक की खबरों के बीच बोल्ड हुई देसी सपना चौधरी

### घाघरा-चोली छोड़ रिवीलिंग ड्रेस में मचाई हलचल

वाह क्या जलवे हैं! हरियाणवी डांसर और एक्ट्रेस सपना चौधरी का अवतार अब बिल्कुल बदल चुका है. देसी सपना अब मॉडर्न बेब बन चुकी हैं. सपना चौधरी के बोल्ड लुक ने इंटरनेट का पारा हाई कर दिया है. यकीन मानिए उनके लुक से नजरें हटाना भी मुश्किल हो गया है.

**देसी सपना का मॉर्डन अवतार**

सपना चौधरी ने रिवीलिंग ड्रेस में अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं. ज्यादातर सूट, साड़ी और ट्रेडिशनल घाघरा-चोली में नजर आने वाली डांसर और एक्ट्रेस सपना को अब बोल्ड आउटफिट में देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं. फैंस बार-बार सपना की तस्वीरें देख रहे हैं. उनका ग्लैमरस अंदाज हर किसी को घायल कर रहा है.

'कलेशी औरत हूं', 6 साल की शादी में दरार के बीच बोलीं सपना, पति ने कहा- सुनामी उठने वाली है। सपना चौधरी नई तस्वीरों में ब्लू स्वीटहार्ट नेकलाइन ड्रेस में दिखाई दे रही हैं. हाई स्लिट ड्रेस में सपना अपनी टोंड लेग्स फ्लॉन्ट करती हुई दिखाई दीं. इस लुक में उन्होंने कई किलर पोज दिए. सपना बोल्ड लुक में समंदर के बीच क्रूज पर जलवे बिखेरती हुई दिखाई दीं, तो कभी सीढ़ियों पर बैठकर पोज देती नजर आईं.


**सपना पर दिल हारे फैंस**

सपना चौधरी के मॉडर्न अवतार पर फैंस की नजरें अटक गई हैं. सपना को कोई ब्यूटी क्वीन बता रहा है, तो कोई हार्ट और फायर इमोजी के साथ उनकी तस्वीरों पर रिएक्शन दे रहा है. सपना ने हर किसी का दिल जीत लिया है.

सपना की पर्सनल लाइफ की बात करें तो उनकी शादी मुश्किल दौर से गुजर रही है. सपना का आरोप है कि उनके पति कई बार उनके साथ मारपीट कर चुके हैं. पब्लिक प्लेस में भी वो कई दफा हंगामा कर चुके हैं. पति की हिंसा से परेशान होकर सपना ने अपना ससुराल छोड़ दिया है. वो अब अपने बच्चों के साथ मायके में शिफ्ट हो गई हैं.




## 'लूजर' एक्टर की कहानी में हीरो बने राघव जुयाल, मजेदार है कॉमेडी



टीवी रियलिटी शोज से निकलकर, अपनी दमदार एक्टिंग का लोहा मनवा चुके राघव जुयाल अब बतौर लीड हीरो अपनी पहली फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' लेकर आ रहे हैं. फिल्म का मजेदार ट्रेलर रिलीज हो चुका है. राघव की तगड़ी कॉमेडी वाली ये फिल्म 30 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज होगी.

टीवी रियलिटी शोज से बतौर डांसर और होस्ट पॉपुलर हुए राघव जुयाल के एक्टिंग टैलेंट की डिस्कवरी, फैंस के लिए बहुत मजेदार रही है. अब राघव एक लीड हीरो के रोल में अपनी पहली फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसका नाम है भाई तेरा स्टार है.

किल और निशानची 2 जैसी फिल्मों के साथ-साथ द बैड्स ऑफ बॉलीवुड वेब सीरीज में अपने काम से राघव ने लोगों की खूब तारीफें बटोरी थीं. पिछले कुछ सालों से उनका काम देखकर उनके फैंस लगातार ये डिमांड कर रहे थे कि अब उन्हें एक सो फिल्म भी करनी चाहिए. भाई तेरा स्टार है से राघव ने फैंस की ये डिमांड पूरी कर दी है. उनकी इस फिल्म का ट्रेलर आ गया है, जो काफी मजेदार है.

**'हीरो' नहीं 'स्टार' बने राघव**

भाई तेरा स्टार है के ट्रेलर में राघव लंदन में एक स्ट्रगलिंग एक्टर के रोल में नजर आ रहे हैं. स्ट्रगल के इस दौर में उन्होंने कई लोगों से उधार ले रखे हैं. अपने पैसे मांगने वालों से डील करने का उनका तरीका ट्रेलर में काफी मजेदार है. उनके देनदारों में से एक का रोल संजय कपूर करते नजर आ रहे हैं.

राघव का कैरेक्टर जिस तरह अपने कर्जों के बीच झूठे बहाने बना रहा है और कहानियां गढ़ रहा है, उसके पीछे उसका एक्टिंग टैलेंट है. ये टैलेंट उनके करियर को तो आगे नहीं बढ़ा पा रहा, लेकिन सर्वाइव करने में काफी मदद कर रहा है. यहां देखें 'भाई तेरा स्टार है' का मजेदार ट्रेलरः

**राघव के टैलेंट ने डाली कॉमेडी में जान**

भाई तेरा स्टार है के ट्रेलर में सिचुएशंस और सीन्स काफी फनी हैं, लेकिन इस मजेदार कॉमेडी को असली रंग दमदार कॉमिक टाइमिंग ही दे सकती है और राघव का नेचुरली मजेदार अंदाज इस काम को बहुत आसान बना दे रहा है. उनकी परफॉर्मेंस में एनर्जी देखने लायक है और उनका किरदार 'हीरो' बन पाए या नहीं, स्टार तो जरूर है.

डायरेक्टर विवेक बी अग्रवाल की फिल्म भाई तेरा स्टार है 30 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज हो रही है. इसमें राघव के साथ संजय कपूर, चंदन रॉय सान्याल, निहारिका एन, निकी अनेजा वालिया और विकल्प मेहता जैसे कलाकार हैं.

# यूपी में 50 शहरों में बारिश मेडिकल कॉलेज में पानी घुसा

## ओपीडी बंद, सड़क धंसी, कार-बाइक समाई, हाईवे डूबा, नदी उफनाई




लखनऊ, 9 जुलाई (एजेंसियां)। यूपी में मानसूनी बारिश से हालात अब बिगड़ने लगे हैं। गुरुवार सुबह से नोएडा, मेरठ समेत 50 शहरों में तेज बारिश हो रही है। नोएडा में इतनी बारिश हुई कि सड़कों पर एक से दो फीट तक पानी भर गया। गाजियाबाद में 10 फीट सड़क धंस गई। इसमें कार और बाइक समा गईं।

बुलंदशहर में दुकानों और घरों में पानी घुस गया। बागपत में दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर 2 फीट तक पानी भर गया। सहारनपुर की सहंश्रा नदी में अचानक तेज उफान आ गया। एक महिला समेत 3 लोग बाइक सहित बहने लगे। ग्रामीणों ने उन्हें खींचकर बाहर निकाला।

मेरठ मेडिकल कॉलेज में भी पानी भर गया है। इसके चलते ओपीडी बंद कर दी गई है। पंप सेट लगाकर पानी निकाला जा रहा है। बारिश के चलते मथुरा, संभल और हाथरस में 8वीं तक, मेरठ में 9वीं तक और गाजियाबाद में 12वीं तक के स्कूल बंद कर दिए गए हैं।

बारिश से जुड़े हादसों में पिछले 24 घंटे में प्रदेश में 4 लोगों की मौत हो गई। प्रयागराज में दो और अलीगढ़ में एक महिला की पानी में करंट उतरने से मौत हो गई। वहीं, हापुड़ में घर ढहने से एक महिला की जान चली गई।

मौसम विभाग ने आज सभी 75 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें से 27 जिलों में रेड अलर्ट है। यानी इन जिलों में भारी से भारी बारिश होने की संभावना है। इस सीजन में पहली बार रेड अलर्ट जारी हुआ है। कल यानी बुधवार की बात करें तो 71 जिलों में बारिश हुई। सबसे अधिक 144.4 मिमी बारिश चित्रकूट में रिकॉर्ड की गई।

लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया- बंगाल की खाड़ी से बना बारिश का सिस्टम अब मध्य प्रदेश के आसपास पहुंच गया है। इसका असर यूपी में भी पड़ रहा है। इसलिए प्रदेश में मानसून ने जोर पकड़ लिया है।

# 17 जुलाई तक ईओडब्ल्यू की रिमांड में रहेंगे रामगोपाल अग्रवाल

## शराब-कोल लेवी घोटाले का पैसा राजीव भवन मंगवाने का आरोप, कांग्रेस करेगी प्रदर्शन

रायपुर, 9 जुलाई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब, कोल लेवी और कस्टम मिलिंग घोटाले के आरोपी रामगोपाल अग्रवाल ने 3 साल बाद सरेंडर किया। रामगोपाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष थे। उन पर घोटाले का पैसा राजीव भवन मंगवाने का आरोप है। बुधवार को उन्होंने रायपुर स्थित आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा (ईओडब्ल्यू) के दफ्तर पहुंचकर सरेंडर किया। गुरुवार को ईओडब्ल्यू ने मेडिकल जांच के बाद अग्रवाल को रायपुर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उन्हें 17 जुलाई तक ईओडब्ल्यू की कस्टोडियल रिमांड पर भेज दिया है। इस दौरान ईओडब्ल्यू की टीम उनसे मामले में पूछताछ करेगी।

बचाव पक्ष के वकील फैजल रिजवी ने बताया कि ईओडब्ल्यू ने 14 दिन कि रिमांड मांगी थी, लेकिन दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद कोर्ट ने 9 दिन की कस्टोडियल रिमांड दी है। वहीं,



रामगोपाल अग्रवाल

कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। इसके विरोध में कांग्रेस कल पूरे प्रदेशभर में प्रदर्शन करेगी।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल रामगोपाल अग्रवाल की गिरफ्तारी के विरोध में कोर्ट पहुंचे थे। उन्होंने इस मामले में कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि मैं भी इस केस में अभियुक्त हूं इसलिए मैं कुछ नहीं कह सकता।

मामला कोयला लेवी घोटाले की जांच से जुड़ा है। जांच के दौरान सूर्यकांत तिवारी की जब्त डायरी में कांग्रेस भवन के नाम पर करोड़ों रुपए की एंट्री मिली है।

# महादेव ऐप घोटाले में सीबीआई की नई चार्जशीट

## 66 आरोपियों पर कसा शिकंजा, क्या अब खुलेंगे प्रोटेक्शन मनी के राज?

नई दिल्ली, 9 जुलाई (एजेंसियां)। देश के चर्चित महादेव ऐप सट्टेबाजी मामले में सीबीआई ने जांच को और तेज कर दिया है। एजेंसी ने दो अलग-अलग मामलों में कई आरोपियों के खिलाफ नई चार्जशीट दाखिल की है।

एक मामले में छह आरोपियों पर भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश से जुड़े आरोप लगाए गए हैं। वहीं दूसरे मामले में सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल समेत 66 आरोपियों के खिलाफ पांच अलग-अलग चार्जशीट अदालत में पेश की गई हैं।

**किन लोगों के खिलाफ दाखिल हुई चार्जशीट?**

सीबीआई ने असीम दास, रोहित गुलाटी, विकास छपारिया, अनिल धम्मानी, विशाल आहूजा और धीरज आहूजा के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के साथ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं में आरोप पत्र दाखिल किया है। इसके अलावा महादेव ऐप के कथित प्रमुख संचालकों सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल से जुड़े मामलों में भी अतिरिक्त साक्ष्य अदालत के समक्ष पेश किए गए हैं। दूसरे मामले में जांच एजेंसी ने कुल 66 आरोपियों के खिलाफ पांच चार्जशीट दाखिल की हैं। इनमें ऐप के प्रमोटर और कथित नेटवर्क से जुड़े अन्य सदस्य भी शामिल हैं।




**कैसे काम करता था यह कथित नेटवर्क?**

सीबीआई के अनुसार, महादेव ऐप के जरिए देशभर में अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी का नेटवर्क संचालित किया जाता था। जांच में सामने आया है कि अलग-अलग पैनलों के माध्यम से नए यूजर्स को जोड़ा जाता था और कथित तौर पर सट्टेबाजी का संचालन किया जाता था। जांच एजेंसी का आरोप है कि इस नेटवर्क से होने वाली कमाई को फर्जी बैंक खातों (म्यूल अकाउंट्स) के जरिए इधर-उधर भेजा गया और बाद में विदेशों तक पहुंचाया गया। इन आरोपों की जांच अभी जारी है।

सीबीआई का आरोप है कि अवैध कमाई का एक हिस्सा कुछ सरकारी कर्मचारियों और लोक सेवकों को कथित तौर पर प्रोटेक्शन मनी के रूप में दिया जाता था, ताकि नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई प्रभावित हो सके। एजेंसी इन आरोपों से जुड़े वित्तीय लेनदेन और अन्य सबूतों की भी जांच कर रही है।

# मां ने दो बेटियों को कुएं में फेंका, मौत

## शोर मचाने पर बची तीसरी बच्ची की जान पति से विवाद के बाद महिला भी कुएं में कूदी

पलामू, 9 जुलाई (एजेंसियां)। पलामू में दंपती के बीच हुए विवाद के बाद पत्नी ने दो मासूम बेटियों को कुएं में फेंक दिया। इस हादसे में दोनों बच्चियों की मौत हो गई। महिला ने बाद में खुद भी कुएं में छलांग लगा दी, जिसे ग्रामीणों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

घटना नावा बाजार थाना क्षेत्र के कंडा गांव में बुधवार रात हुई। मजदूरी करने वाले छोटे लाल प्रजापति और उनकी पत्नी सरिता देवी के बीच बुधवार रात किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। बताया जाता है कि पति शराब पीने का आदी था और दंपती के बीच अक्सर मारपीट होते रहती थी। विवाद के बाद सरिता देवी ने पहले दादी की गोद में सो रही करीब ढाई वर्षीय डॉली कुमारी को कुएं में फेंक दिया। इसके बाद उसने चार वर्षीय प्रिया कुमारी को भी कुएं में डाल दिया।

महिला अपनी छह वर्षीय बेटी सुषमा कुमारी को भी कुएं में फेंकने जा रही थी, लेकिन बच्ची के जोर-जोर से चिल्लाने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों को देखकर महिला ने बच्ची को छोड़ दिया और खुद कुएं में कूद गई।

ग्रामीणों ने तत्काल महिला को बाहर निकाल लिया, लेकिन दोनों मासूम बच्चियों की जान नहीं बचाई जा सकी। घटना की सूचना मिलते ही नावा बाजार थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों पोस्टमॉर्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया।

थाना प्रभारी संजय यादव ने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी महिला सरिता देवी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है।

# 43 शिक्षकों से 10-12 करोड़ की ठगी का खुलासा

## बैंकिंग सिस्टम की खामी का फायदा उठाकर लिये कई लोन, जांच के बाद 5 आरोपी गिरफ्तार

कोंडागांव, 9 जुलाई (एजेंसियां)। कम समय में अधिक पैसा कमाने और एक साथ कई बैंकों से पर्सनल लोन दिलाने का झांसा देकर शिक्षकों से करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले एक अंतरजिला संगठित गिरोह का कोंडागांव पुलिस ने पर्दाफाश किया है। करीब तीन महीने तक चली तकनीकी और वित्तीय जांच के बाद फरसगांव और केशकाल पुलिस ने पांच आरोपियों को अंबिकापुर, जशपुर और सारंगढ़ से गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी अब तक 43 शिक्षकों को अपना शिकार बना चुके हैं। जांच में करीब 10 से 12 करोड़ रुपये की ठगी सामने आई है। मामले की जांच अभी जारी है और पुलिस को आशंका है कि पीड़ितों की संख्या और बढ़ सकती है। मामले से जुड़े कुछ शिक्षकों का दावा है कि बदनामी और सामाजिक संकोच




के कारण कई पीड़ित अब तक पुलिस के सामने नहीं आए हैं। उनका कहना है कि जिले में करीब 150 से 200 शिक्षक इस गिरोह के झांसे में आए हो सकते हैं। हालांकि पुलिस ने फिलहाल 43 शिक्षकों से ठगी की पुष्टि की है और अन्य मामलों की जांच जारी है।

पुलिस जांच में सामने आया कि गिरोह सबसे पहले शिक्षकों से संपर्क करता था और कम समय में कई बैंकों से पर्सनल लोन दिलाने का भरोसा देता था। इसके लिए अलग-अलग बैंक और लोन एजेंटों के माध्यम से एक साथ कई बैंकों में आवेदन कराया जाता था। लोन स्वीकृत होने के बाद शिक्षकों को कुल राशि का केवल 40 प्रतिशत हिस्सा दिया जाता था, जबकि 60 प्रतिशत रकम आरोपी अपने और अपने साथियों के बैंक खातों में ट्रांसफर करा लेते थे।

पीड़ितों को भरोसा दिलाया जाता था कि दो से तीन वर्षों में पूरा लोन, एचआरए सहित, चुका दिया जाएगा। इसी भरोसे में शिक्षक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर देते थे। बाद में आरोपी पैसे लेकर फरार हो जाते थे और पूरी ईएमआई का बोझ शिक्षकों पर आ जाता था।

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि कई मामलों में आरोपियों ने शिक्षकों के नाम पर फर्जी आधार कार्ड और कूटरचित दस्तावेज तैयार किए। कई पीड़ितों के पते बदलकर नए आधार कार्ड बनवाए गए और उन्हीं दस्तावेजों के आधार पर अलग-अलग बैंकों से लोन स्वीकृत कराया गया। फरसगांव निवासी संजय कोडोपी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उन्हें और उनके साथियों को विभिन्न बैंकों से पर्सनल लोन दिलाने के नाम पर करीब 2 करोड़ रुपये की ठगी की गई।

इसी तरह बड़ेडोंगर निवासी अनंत कुमार निर्मलकर ने करीब 4 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई।

# 15 मिनट में लूट लिए 6 लाख नगद और जेवरात

गोड्डा, 9 जुलाई (एजेंसियां)। गोड्डा शहर के कारगिल चौक से महज 50 फीट दूर स्थित बंगाल ज्वैलर्स को बाइक सवार 3 अपराधियों ने महज 10 से 15 मिनट में लूट लिया। बिना नंबर की बाइक में पहुंचे अपराधियों में एक दुकान के दरवाजे पर रहा बाकि दो भीतर घुस गए। दुकानदार के ऊपर पिस्टल तान दी। जानकारी के मुताबिक तकरीबन 6 लाख रुपए नगद और सोने-चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए। तीन अपराधियों में एक ने बड़ी आसानी से हथियार दिखा कर लोगों को डराया, बाकि के दो साथी थैले में पैसे-जेवर लेकर आसानी से भीड़-भाड़ के बीच एक ही बाइक पर सवार होकर निकल गए। लूटपाट की इस घटना सीसीटीवी भी सामने आया है। अपराधी जब घटना को अंजाम दे रहे थे तब सड़क पर खासा भीड़ थी। अपराधियों के हाथ में हथियार देख कोई सामने जाने की हिम्मत नहीं कर सका। आसपास के दुकानदार ज्वैलरी शॉप के पास गए भी पर अपराधियों के रवैये को देख कर भाग गए। शॉप में जब लूटपाट की घटना को अंजाम दिया जा रहा था तब दुकान में दो ग्राहक भी थे। पीड़ित दुकानदार बासुदेव राय के मुताबिक लूटपाट कर रहे तीनों बदमाश काले कपड़े, काले नकाब और पिस्तौल से लैस होकर ब्लू रंग की आपाचे बाइक से पहुंचे थे। एक अपराधी बाइक पर बाहर निगरानी करता रहा, जबकि दो बदमाश दुकान में घुसे। मौके पर मौजूद ग्राहक हथियार देखते ही अपनी जान बचाकर बाहर भाग निकले। इसके बाद अपराधियों ने लूटपाट शुरू कर दिया।

जानकारी के मुताबिक लूट के बाद बदमाश दुकान से बाहर निकले और बाइक पर सवार होकर पथरगामा रोड की ओर भाग निकले। भागते समय भी उन्होंने फायरिंग की।

# स्कूल गए छात्र की तालाब में डूबने से मौत

## परिजन स्कूल पहुंच किया हंगामा, विद्यालय प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप

गिरिडीह, 9 जुलाई (एजेंसियां)। गिरिडीह के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के अंबाटांड़ तालाब में नहाने के दौरान डूबने से आठ वर्षीय छात्र की मौत हो गई। वो स्कूल गया था और वहां से निकल कर तालाब चला आया। इधर, इस घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने स्कूल पहुंचकर हंगामा किया और स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया। सूचना मिलने पर मुफ्फसिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान झगरी निवासी कलीम अंसारी के पुत्र फरहान अंसारी के रूप में हुई है। वह झगरी स्थित उत्क्रमित विद्यालय की दूसरी कक्षा का छात्र था। स्थानीय लोगों की मदद से छात्र को तालाब से बाहर निकालकर तत्काल सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक के पिता कलीम अंसारी ने बताया कि गुरुवार को सुबह करीब नौ बजे उन्होंने अपने बेटे फरहान अंसारी को रोज की तरह पढ़ाई के लिए विद्यालय भेजा था। इसके बाद वह अपने काम पर चले गए। कुछ घंटे बाद उन्हें सूचना मिली कि उनका बेटा अंबाटांड़ तालाब में डूब गया है। घटना से गुस्साए परिजन और स्थानीय लोग विद्यालय पहुंचे और विद्यालय प्रबंधन से सवाल किया कि स्कूल जाने वाला बच्चा तालाब तक कैसे पहुंच गया। परिजनों का आरोप है कि यदि विद्यालय में समय पर प्रार्थना सभा और उपस्थिति दर्ज की जाती तथा बच्चों की निगरानी होती तो शायद यह हादसा नहीं होता। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। विद्यालय की शिक्षिका फरीदा खातून ने बताया कि फरहान अंसारी दूसरी कक्षा का छात्र था। वह करीब नौ बजे विद्यालय पहुंचा था, लेकिन अपनी कक्षा में बैग रखने के बजाय तीसरी-चौथी कक्षा में बैग रखकर दो अन्य बच्चों के साथ निकल गया।

शिक्षिका ने बताया कि घटना की जानकारी उन्हें बाद में मिली। उन्होंने कहा कि जब परिजन विद्यालय पहुंचकर बच्चे के बारे में पूछताछ करने लगे, तब तक न तो प्रार्थना सभा हुई थी और न ही उपस्थिति पंजी में उसकी हाजिरी दर्ज की गई थी। परिजनों द्वारा हाजिरी देर से बनाने का कारण पूछने पर उन्होंने बताया कि उस समय विद्यालय में वह अकेली शिक्षिका मौजूद थीं, जबकि अन्य शिक्षक अवकाश पर थे।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने 3 मजदूरों को कुचला, मौत

जेवर, 9 जुलाई (एजेंसियां)। ग्रेटर नोएडा में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सड़क किनारे पैदल जा रहे 3 मजदूरों को कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि तीनों युवक उछलकर सड़क किनारे दूर जा गिरे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को जेवर के कैलाश अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

हादसा बुधवार देर रात करीब 10:30 बजे जेवर कोतवाली क्षेत्र में जेवर-खुर्जा मार्ग पर नीमका गांव के सामने हुआ।

मृतकों की पहचान बिहार के अररिया निवासी करन (22), विश्वजीत (24) और मिथुन (25) के रूप में हुई है। तीनों धान की रोपाई का काम करने के लिए ग्रेटर नोएडा आए थे। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश के लिए टीम गठित कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, करन, विश्वजीत और मिथुन बिहार के अररिया जिले के रहने वाले थे। तीनों मजदूरी करने के लिए ग्रेटर नोएडा आए थे। बुधवार देर रात तीनों खेतों में धान की रोपाई का काम खत्म कर जेवर-खुर्जा मार्ग से पैदल नीमका गांव लौट रहे थे।

इसी दौरान जेवर की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने पीछे से तीनों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों सड़क किनारे दूर जाकर खेत में गिर पड़े। हादसे के बाद राहगीरों ने डायल-112 पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को कैलाश अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# एक्साइज इंस्पेक्टर के ठिकानों पर ईओयू रेड, वो लापता

## घर में मिली गाड़ी, भाई से पूछताछ, आय से 200% ज्यादा प्रॉपर्टी बनाई, पटना समेत 5 ठिकानों पर छापेमारी

पटना/मुंगेर/सीवान, 9 जुलाई (एजेंसियां)। एक्साइज डिपार्टमेंट के इंस्पेक्टर अंकेश कुमार गोंड के ठिकानों में आर्थिक अपराध ईकाई (ईओयू) ने दबिश दी। पटना, मुंगेर और सीवान के 5 ठिकानों पर छापेमारी हुई। सीवान में पोस्टेड इंस्पेक्टर अंकेश कुमार पर आय से 200 प्रतिशत ज्यादा यानी करीब 2.38 करोड़ रुपए ज्यादा की संपत्ति बनाने का आरोप है।

सीवान में अंकेश के घर-ऑफिस में करीब 3 घंटे रेड चली। वहीं मुंगेर में ईओयू की टीम ने इंस्पेक्टर अंकेश कुमार के दो ठिकानों पर करीब 4 घंटे छापेमारी की गई। यहां से कई दस्तावेज मिले हैं। टीम ने अंकेश गोंड के भाई मुकेश से पूछताछ भी की गई। साथ ही मुंगेर में उनके घर पर उनकी गाड़ी मिली है। सूत्रों की माने तो अंकेश गोंड की सुबह टीम से बात हुई, रेड की खबर मिलते ही वो गायब हो गए।



अंकेश कुमार गोंड

**आय से 201.97% अधिक संपत्ति का आरोप**

आर्थिक अपराध इकाई की शुरुआती जांच में यह सामने आया कि उत्पाद निरीक्षक अंकेश कुमार गोंड के पास उनकी आय के मुकाबले करीब 2 करोड़ 38 लाख 31 हजार रुपए की अतिरिक्त संपत्ति होने के साक्ष्य मिले हैं। जांच एजेंसी के अनुसार यह संपत्ति उनकी वैध आय से लगभग 201.97 प्रतिशत अधिक है। इसी आधार पर उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, जांच के बाद आर्थिक अपराध इकाई थाना कांड संख्या 13/26 दिनांक 8 जुलाई 2026 दर्ज किया गया। यह मामला भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधित 2018) की धारा 13(2), 13(1)(बी) के तहत दर्ज किया गया है।

इसके बाद विशेष न्यायालय निगरानी, पटना से तलाशी वारंट प्राप्त कर कार्रवाई शुरू की गई। मुंगेर में दो जगह हुई रेड में 12 सदस्यीय टीम ने दबिश दी। लल्लू पोखर में चार घंटे छापेमारी चली है। सीनियर डीएसपी संजय कुमार पांडे ने बताया कि यहां काफी दस्तावेज मिले हैं, मुख्यालय से इसकी जानकारी दी जाएगी।

# भरत तिवारी की मां की तबीयत बिगड़ी, भूख हड़ताल स्थगित

## पल्स रेट में उतार-चढ़ाव, बीपी भी गिरा डॉक्टर बोले- मानसिक तनाव से बिगड़ी सेहत

आरा, 9 जुलाई (एजेंसियां)। भरत तिवारी को न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ते-लड़ते अब उनकी मां आशा देवी की सेहत बिगड़ने लगी है। आशा देवी की ऑक्सीजन लेवल और पल्ट रेट में लगातार उतार-चढ़ाव हो रहा है। बीपी भी डाउन है। तबीयत बिगड़ने की वजह से आशा देवी ने आज से शुरू होने वाले भूख हड़ताल को 20 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दिया है।

भरत तिवारी की एनकाउंटर में मौत के बाद से उन्होंने लगभग खाना-पीना छोड़ दिया है। भरत के बड़े और छोटे भाई किसी तरह थोड़ा-बहुत खिलाकर अपनी मां आशा देवी को संभाल रहे हैं।

वहीं, इलाज करने वाले डॉक्टर के मुताबिक, आशा देवी के लगातार रोने, मानसिक तनाव की वजह से उनकी शारीरिक स्थिति



बेहद कमजोर हो गई है। आंखें सूज चुकी हैं, आवाज भर्रा गई है और शरीर में कमजोरी आ गई है।

गुरुवार को भी ब्लड प्रेशर कम होने और पल्स रेट में उतार-चढ़ाव की शिकायत के बाद शाहपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक ने उनके घर पहुंचकर स्वास्थ्य जांच की। शाहपुर स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. मुन्ना प्रसाद ने बताया कि आशा देवी का ब्लड प्रेशर 90/60 दर्ज किया गया है। उन्हें हल्का बुखार भी है। लंबे समय से पर्याप्त भोजन नहीं करने के कारण शरीर में कमजोरी आ गई है। उन्हें हीमासेल चढ़ाया जा रहा है और लगातार निगरानी में रखा जा रहा है।

# बीच सड़क दो लोगों की जिंदा जलने से मौत

## कार-ट्रक की टक्कर, एक्सीडेंट के बाद डीजल टैंक में ब्लास्ट, शराब की बोतलें भी मिलीं

गयाजी, 9 जुलाई (एजेंसियां)। गयाजी में तेज रफ्तार कार और ट्रक की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद कार में आग लग गई। इस टक्कर के बाद कार में सवार दो लोग की जिंदा जलने से मौत हो गई। जबकि ड्राइवर गंभीर रूप से झुलस गया। मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। बताया जाता है कि कार सवार झारखंड से आ रहे थे। घटना बोधगया थाना क्षेत्र के सिजुआ गांव के पास बुधवार रात के करीब 1:30 बजे की है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा इतना भयानक था कि कार सवार को संभलने का मौका तक नहीं मिला। खाद लोडेड ट्रक सर्विस लेन से गलत दिशा (रॉन्ग साइड) में फोरलेन पर चढ़ने की कोशिश कर रहा था। उसी समय डोभी की तरफ से पटना जा रही कार अनियंत्रित हो गई और सीधे ट्रक के दाहिने हिस्से में बने डीजल टैंक से जा टकराई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक का डीजल टैंक तुरंत फट गया। टैंक फटते ही उसमें से डीजल बहने लगा और देखते ही देखते दोनों गाड़ियों में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कार सवार लोगों को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिल सका। कुछ ही मिनटों में पूरी गाड़ी आग का गोला बन गई। अंदर बैठे दो लोग उसी में जिंदा जल गए।

गाड़ी का ड्राइवर किसी तरह बाहर निकल पाया, लेकिन वह भी बुरी तरह झुलस गया है। घटना के तुरंत बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। हालत नाजुक बनी हुई है।

हादसे के बाद ट्रक का ड्राइवर और खलासी गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। आग इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह से जलकर राख के ढेर में तब्दील हो गई, जबकि ट्रक का अगला हिस्सा काफी हद तक क्षतिग्रस्त हो गया।

इस बीच, पुलिस जब जांच-पड़ताल के लिए कार के मलबे के पास पहुची, तो उन्हें वहां से शराब की कुछ खाली बोतलें भी मिली हैं। पुलिस इस बिंदु पर भी जाच कर रही है कि कहीं लोग नशे में तो नहीं थे।

# सीतामढ़ी में बारिश, 30 जिलों में ऑरेंज अलर्ट

पटना, 9 जुलाई (एजेंसियां)। बिहार के बगहा में बीती रात से बारिश हो रही है। वहीं, सीतामढ़ी में सुबह से बादल छाए थे, लेकिन दोपहर बाद तेज बारिश हुई। मौसम विभाग ने बिहार के 30 जिलों में आज तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीतामढ़ी, शिवहर, दरभंगा, में भारी बारिश की संभावना है। 40 किमी की रफ्तार से हवा चल सकती है।

पटना और उसके आस-पास के जिलों में बादल छाए रहेंगे। कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हो सकती है। विभाग के मुताबिक, अगले 24 घंटे में कई जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट है। अगले 7 दिन तक मौसम में बदलाव की उम्मीद नहीं है।

बिहार में मानसून की रफ्तार तेज तो हुई है, लेकिन ये असमान है। सीमांचल और कोसी के इलाके पानी-पानी हैं, वहीं राजधानी पटना समेत दक्षिण और पश्चिम बिहार के लोग अब भी अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

मौसम विभाग ने आज गुरुवार को सीमांचल के जिलों अररिया और सुपौल में अत्यधिक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। किशनगंज, पूर्णिया, मधेपुरा और मधुबनी में भारी बारिश की चेतावनी है।

उत्तर बिहार के कई जिलों में 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने, मेघगर्जन और वज्रपात की आशंका जताई गई है।

बुधवार को खगड़िया, भागलपुर, दरभंगा समेत प्रदेश के 9 जिलों में तेज बारिश हुई। गोपालगंज में बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई।



# दो दिन की गिरावट के बाद संभला शेयर बाजार, सेंसेक्स 238 अंक उछला

नई दिल्ली, 9 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय शेयर बाजार में बुधवार को भारी गिरावट आई थी लेकिन आज यह तेजी के साथ खुला। एशियाई बाजारों में तेजी का असर घरेलू शेयर बाजार पर देखने को मिला। कारोबार के दौरान बीएसई सेंसेक्स 600 अंक से अधिक उछला जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी50 इंडेक्स 24,000 अंक के पार पहुंचा। हालांकि अंतिम घंटे में बाजार ने अपनी कुछ बढ़त गंवा दी। सेंसेक्स अंत में 238.22 अंक यानी 0.31% ऊपर 76,741.82 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 80.75 अंक यानी 0.34% की तेजी के साथ 23,962.80 अंक पर क्लोज हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 20 शेयर तेजी के साथ बंद हुए। सन फार्मा में सबसे ज्यादा 2.65 फीसदी तेजी रही।

इसके अलावा बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल, इटरनल, इंडिगो, कोटक बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक और अडानी पोर्ट्स में भी उल्लेखनीय तेजी रही। दूसरी ओर, मारुति, इन्फोसिस, एनटीपीसी, टाइटन, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, ट्रेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो और बीईएल में गिरावट रही।

ब्रॉडर बाजार का हाल निफ्टी पर सन फार्मा, बजाज फिनसर्व और भारती एयरटेल में सबसे ज्यादा तेजी रही। ब्रॉडर मार्केट में निफ्टी मिडकैप में 1.38 फीसदी और निफ्टी स्मॉलकैप में 1.8 प्रतिशत तेजी रही। सेक्टर के हिसाब से, निफ्टी रियल्टी सबसे ज्यादा बढ़त वाला सेक्टर रहा। निफ्टी मीडिया, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और निफ्टी पीएसयू बैंक ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं, निफ्टी आईटी में सबसे ज्यादा गिरावट आई।

### कच्चे तेल की कीमत

कच्चे तेल की कीमत में आज भी तेजी आई है। ब्रेंट क्रूड फ्यूचर $79 प्रति बैरल के करीब पहुंच गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कल कहा कि ईरान के साथ अंतरिम समझौता खत्म हो गया है। इससे पश्चिम एशिया में तनाव फिर से बढ़ने की आशंका पैदा हो गई है। ब्रेंट क्रूड अभी 0.12 फीसदी तेजी के साथ 78.11 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है।

# तीन सरकारी कंपनियों को तीन महीने और 47,700 करोड़ की चपत!



नई दिल्ली, 9 जुलाई (एजेंसियां)। पश्चिम एशिया में संकट एक बार फिर गहरा गया है। इससे कच्चे तेल की कीमत में बुधवार को करीब 6 फीसदी तेजी आई और आज भी यह तेजी के साथ ट्रेड कर रहा है। अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान पर हमले शुरू किए थे। यह संघर्ष करीब 100 दिन से अधिक समय तक चला और इस दौरान कच्चे तेल की कीमत में काफी तेजी आई। इसका सबसे बुरा असर भारत की सरकारी तेल मार्केटिंग कंपनियों पर पड़ा है। एनालिस्ट्स का कहना है कि जून तिमाही में एचपीसीएल, बीपीसीएल और आईओसीएल को कुल मिलाकर 47,700 करोड़ तक का नुकसान हो सकता है।

जापानी ब्रोकरेज नोमुरा का अनुमान है कि एचपीसीएल को 13,900 करोड़ रुपये, बीपीसीएल को 15,800 करोड़ रुपये और आईओसीएल 17,300 करोड़ का एबिटा लॉस होगा। इसकी वजह यह है कि इन कंपनियों को पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की रिटेल बिक्री पर भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। हालांकि कंपनियों ने कीमतों में कुछ बढ़ोतरी की थी लेकिन वे कच्चे तेल की बढ़ी कीमतों का पूरा बोझ ग्राहकों पर नहीं डाल पाईं।

एलपीजी सिलेंडर पर घाटा

घरेलू ब्रोकरेज फर्म जेएम फाइनेंशियल का अनुमान है कि पहली तिमाही में तीन सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को कुल मिलाकर लगभग 47,700 करोड़ का नुकसान हो सकता है। उसके मुताबिक एचपीसीएल को 17,300 करोड़, आईओसीएल को 17,200 करोड़ और बीपीसीएल को 13,200 करोड़ का नुकसान होने की आशंका है। मोतीलाल ओसवाल ने तीनों कंपनियों को कुल मिलाकर 36,400 करोड़ रुपये का का नुकसान होने का अनुमान जताया है। नोमुरा का अनुमान है कि पहली तिमाही में एलपीजी से अंडर-रिकवरी 560 रुपये प्रति सिलेंडर होगी, जो पिछले साल की चौथी तिमाही में 77 रुपये प्रति सिलेंडर थी। जेएम फाइनेंशियल के मुताबिक पहली तिमाही में एलपीजी अंडर-रिकवरी लगभग 25,000 करोड़ रुपये पहुंच जाएगी जो पिछली तिमाही में 5,000 करोड़ रुपये थी।

# एयर इंडिया के सीईओ की नियुक्ति को लेकर फंसा पेच

नई दिल्ली, 9 जुलाई (एजेंसियां)। एयर इंडिया के नए सीईओ की नियुक्ति पर पेच फंस गया है। इसे देखते हुए टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन कंपनी को चलाने के लिए एक अंतरिम मैनेजमेंट कमिटी बना रहे हैं। कंपनी के विदेशी सीईओ कैंपबेल विल्सन ने इस्तीफा दे दिया है और वह कुछ ही दिनों में एयरलाइन छोड़ रहे हैं। लेकिन अगले सीईओ के तौर पर निपुण अग्रवाल की प्रस्तावित नियुक्ति का विरोध हो रहा है। विरोध करने वालों में टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा भी शामिल हैं।

एयर इंडिया की अंतरिम मैनेजमेंट कमिटी में चंद्रशेखरन, कंपनी के पूर्व सीएमडी प्रदीप सिंह खरोला और अन्य सीनियर एग्जीक्यूटिव शामिल होंगे। विल्सन सितंबर में एयरलाइन छोड़ेंगे। इस बीच एयरलाइन के अगले चीफ एग्जीक्यूटिव की अनौपचारिक तलाश जारी रहेगी। टाटा संस ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। अग्रवाल एयर इंडिया में सीईओ पद के लिए मजबूत दावेदार बने हुए हैं। वह 2022 से एयर इंडिया के चीफ कमर्शियल ऑफिसर हैं और कमर्शियल ऑपरेशन्स को देख रहे हैं। वह पहले टाटा संस, बैंक ऑफ अमेरिका मेरिल लिंच, स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक और बीपी में सीनियर पदों पर काम किया है। सूत्रों ने बताया कि खरोला को ऑपरेशन्स को सुव्यवस्थित करने और कामकाज को बेहतर बनाने में मदद के लिए लाया गया है।

खरोला को जून में चंद्रशेखरन का एग्जीक्यूटिव एडवाइजर नियुक्त किया गया था। एयरलाइन मैनेजमेंट में बदलाव से पहले अपनी लीडरशिप को मजबूत कर रही है। चंद्रशेखरन एयर इंडिया के ऑपरेशन्स को दुरुस्त करने, क्वालिटी कंट्रोल को मजबूत करने और एयरलाइन को जल्द से जल्द मुनाफे में लाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। उन्होंने एयर इंडिया के कामकाज की साप्ताहिक समीक्षा शुरू कर दी है। हाल ही में टाटा संस की बोर्ड मीटिंग्स में भी एयर इंडिया पर काफी चर्चा हुई है। इसमें नोएल टाटा ने कंपनी के लगातार बढ़ रहे घाटे का मुद्दा उठाया था।

एयर इंडिया की को-ओनर सिंगापुर एयरलाइंस की फाइनेंशियल ईयर 2026 की सालाना रिपोर्ट के अनुसार एयर इंडिया का घाटा 27,800 करोड़ हो गया जो पिछले साल 2,130 करोड़ था। एयर इंडिया में टाटा की हिस्सेदारी 74.9% है और सिंगापुर एयरलाइन की 25.1% है।

# सोना 1022 बढ़कर 1.43 लाख पर पहुंचा चांदी 1752 बढ़कर 2.23 लाख किलो हुई

नई दिल्ली सोने-चांदी के दाम में आज यानी 9 जुलाई को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,022 रुपए बढ़कर 1.43 लाख रुपए हो गया है। वहीं, 1 किलो चांदी का दाम 1,752 रुपए बढ़कर 2.27 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 10 हजार रुपए महंगा हुआ है। 31 दिसंबर 2025 को 10g सोना 1.33 लाख रुपए के ऊपर था, जो अब 1.43 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी की कीमत में 7 हजार रुपए की गिरावट है। चांदी 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.23 लाख रुपए पर है।

## दैनिक पंचांग

### गृह गोचर



श्री रौद्र /श्री दुर्मती नामके संवत्सरे-विक्रम संवत्- **2083**
शक संवत् **-1948,** सूर्य दक्षिणायने /उत्तर , ऋतु- वर्षा
महावीर निर्वाण संवत् **-2551** , राजा गुरु, मन्त्री भौम
कलियुग अवधि - **432000**
भोग्य कलि वर्ष. - **426873**
कलियुग संवत् - **5127** वर्ष,
कल्पारंभ संवत् - **1972949127**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् - **1955885127**
दिशाशूल - पश्चिम - दही खाकर घर से निकले
मास - आषाढ़ शुक्रवार **10 July 2026**
तिथि - कृष्ण पक्ष दशमीं **08-16** तक उपरान्त
नक्षत्र - भरणी **13-15** तक उप कृत्तिका
योग - धृति **07-14** तक उप शूल
करण - विष्टी (भद्रा) **08-16** तक उप बव

**विशेष:** योगिनी एकादशी व्रत स्मार्थ (गृहस्थ) क्षय तिथि

| गृह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन | मे | मिथुन | 04-08 बजे |
| चंद्र | मेष | मे | कर्क | 06-20 बजे |
| मंगल | वृष | मे | सिंह | 08-33 बजे |
| बुध | मिथुन | मे | कन्या | 10-40 बजे |
| गुरु | कर्क | मे | तुला | 12-45 बजे |
| शुक्र | सिंह | मे | वृश्चिक | 14-54 बजे |
| शनि | मीन | मे | धनु | 17-08 बजे |
| राहु | कुंभ | मे | मकर | 19-14 बजे |
| केतु | सिंह | मे | कुंभ | 21-05 बजे |
| | | | मीन | 22-44 बजे |
| | | | मेष | 00-20 बजे |
| | | | वृष | 02-04 बजे |

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका हमें दिखावे व पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति व दशान्तर्दशा को विशेष प्रभावित समझना चाहिए।

**राहुकाल 10-44 से 12-22 तक**

श्री पंचागुल्लि ज्योतिष केन्द्र अतापुर Ph 9247132654

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चंचल | 05 -51 - 07-28 | शुभ | रोग | 18-50 - 20-16 | अशुभ |
| लाभ | 07-28 - 09-06 | शुभ | काल | 20-16 - 21-38 | अशुभ |
| अमृत | 09-06 - 10-44 | शुभ | लाभ | 21-38 - 22-59 | शुभ |
| काल. | 19-44 - 12-22 | अशुभ | उत्पात | 22-59 - 00-22 | अशुभ |
| शुभ | 12-22 - 13-59 | शुभ | शुभ | 00-22 - 01-44 | शुभ |
| रोग | 13-59 - 15-38 | अशुभ | अमृत | 01-44 - 03-06 | शुभ |
| उत्पात | 15-38 - 17-16 | अशुभ | चंचल | 03-06 - 04-28 | शुभ |
| चंचल | 17-16 - 18-50 | शुभ | रोग | 05-28 - 05-51 | अशुभ |

### मुंबई के मशहूर आइसक्रीम पार्लर पर एफडीए का एक्शन, जांच में मिला

# चूहे, मक्खियां और एक्सपायर्ड फ्लेवर

मुंबई, 9 जुलाई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने मुंबई के चर्चगेट स्टेशन के पास स्थित प्रसिद्ध 'के रुस्तम' आइसक्रीम पार्लर का लाइसेंस निलंबित कर दिया है। आइसक्रीम पार्लर का लाइसेंस स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा मानदंडों के कथित उल्लंघन के आरोप में निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही इसमें एक्सपायर्ड कृत्रिम फ्लेवरिंग एजेंटों का भंडारण भी शामिल पाया गया है।

### निरीक्षण के दौरान क्या मिला?

एफडीए ने बुधवार को एक बयान में कहा कि लोकप्रिय आउटलेट पर अचानक निरीक्षण के दौरान परिसर में जीवित चूहों और मक्खियों की उपस्थिति सहित स्वच्छता संबंधी गंभीर खामियों की सूचना मिली। बयान के अनुसार, 'निरीक्षण के दौरान स्वच्छता संबंधी गंभीर कमियों और नियमों के उल्लंघन का पता चलने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत रुस्तम आइसक्रीम पार्लर का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। खाद्य नमूनों की रिपोर्ट प्राप्त होने तक प्रतिष्ठान को बंद रहने का निर्देश भी दिया गया है।'

किस अभियान के तहत हुई कार्रवाई?




एफडीए आयुक्त तुकाराम मुंधे के निर्देशों पर यह कार्रवाई विभाग के 'सुरक्षित भोजन, सुरक्षित महाराष्ट्र' अभियान के तहत की गई है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को सुरक्षित और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। इस अभियान के तहत मुंबई भर के भोजनालयों और खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण तेज कर दिया गया है।

राज्य द्वारा संचालित एजेंसी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान, एफडीए के अधिकारियों को बड़ी मात्रा में एक्सपायर्ड कृत्रिम फ्लेवरिंग एजेंट और एसेंस मिले, जिन्हें कथित तौर पर आइसक्रीम बनाने में इस्तेमाल के लिए स्टोर किया गया था। राज्य द्वारा संचालित एजेंसी ने बताया। अधिकारियों ने बताया कि पिस्ता, अनानास, मीठा संतरा, चेरी, बादाम, अमेरिकन आइसक्रीम सोडा, मिश्रित फल, स्ट्रॉबेरी, काला करंट, रम जमैका, नींबू और बेर जैसे एक्सपायर्ड फ्लेवरिंग एजेंटों को निरीक्षण दल की उपस्थिति में मौके पर ही नष्ट कर दिया गया ताकि उनका आगे उपयोग रोका जा सके।

एफडीए ने प्रयोगशाला विश्लेषण के लिए आइसक्रीम के नमूने एकत्र किए। एक बाहरी प्रयोगशाला की पिछली रिपोर्टों के अनुसार, आइसक्रीम में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मानकों के तहत निर्धारित न्यूनतम 10 प्रतिशत की तुलना में केवल 7.94 प्रतिशत दूध वसा पाई गई, जिससे उत्पाद की गुणवत्ता पर सवाल उठते हैं।

बयान में कहा गया है कि निरीक्षण में दुकान और भंडारण क्षेत्रों में जीवित चूहे और मक्खियां पाई गईं। इसके साथ ही अधिकारियों ने यह भी पाया कि आइसक्रीम के सुरक्षित भंडारण और प्रबंधन के लिए आवश्यक अनिवार्य कोल्ड चेन का पालन नहीं किया जा रहा था।

## आपका राशिफल

| राशि | फल |
|---|---|
| **मेष** चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ, | उद्यम पूंजीपतियों के लिए आज का दिन शुभ हो सकता हैं! लोग आपकी विचारधारा से प्रभावित होंगे लेकिन अपनी बातो को उनके ऊपर न थोपे । हालांकि आपको धन मिलने में देरी हो सकती है परन्तु ये धन आपको मिलने की उम्मीद है । |
| **वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो, | छोटी छोटी परेशानियां और असहमतियां दिन भर सामने आती रहेंगी । आपको इन छोटी छोटी बातों की उपेक्षा कर देनी है,नही तो आप अपनी मानसिक शांति को नष्ट कर लेंगे । अपनी समस्याएँ किसी के साथ बांटने की कोशिश करें,आपको अच्छा अनुभव होगा । एकांत की गतिविधियाँ आज बहुत अच्छी रहेंगी । |
| **मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह, | लम्बे समय के बाद आज आपको रहत महसूस होगी । किसी महत्वपूर्ण खबर से ख़ुशी मिलेगी । यदि माता-पिता हैं तो बेटे/बेटी के लिए सुयोग्य वर मिल सकता है । किसी लंबित अदालती मामले का फैसला आपके पक्ष में हो सकता है । करियर के मामले में छोटे से प्रयास से बड़ी सफलता मिलनी तय है । |
| **कर्क** ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो, | आज चलते हुए सावधान रहें । हलकी खरोचें आ सकती हैं । न चाहते हुए भी आप किसी करीबी को बातों-बातों में नाराज कर सकते हैं ।आज केवल अपने काम से ही मतलब रखना उपयुक्त रहेगा । सिनेमा या किसी और मनोरंजक कार्यकलाप में समय बिता सकते हैं । |
| **सिंह** मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे, | घर पर पवित्रता का वातावरण बना रहेगा और चिंताएं नही रहेंगी ।इसीलिए अपने परिवार के साथ रहें और खुशियाँ बाँटें । आपको जीवन में निराशा से दो दो हाथ करने का नया तरीका निकलना होगा ,जो आपके भीतर कई कारणों से भरी हुई है । आपकी भीतरी शक्ति समाधान तलाशने में मदद करेगी । |
| **कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो | काफी समय से जिन्दगी एक ही ढर्रे पर चल रही है,कुछ मजेदार भी नही हो रहा ।अपनी नीरस जिंदगी में कुछ साहसिक गतिविधि शामिल करें ।अपने पसंदीदा पर्यटन स्थल पर जा सकते हैं या कहीं भी बाहर घूम आयें । महत्वपूर्ण कामों को पूरा करने के लिए कुछ समय तक खुद को कुछ सामाजिक और निजी गतिविधियों से दूर कर लें ताकि एकाग्रता से काम कर पायें । |
| **तुला** रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, | आज आप खुद को उलझन में फंसा हुआ महसूस करेंगे । अपना भला चाहने वाले लोगों से उन चीजों के बारे में भी खुलकर बात करें,जो आपको परेशान कर रही हैं । अनिश्चितत्ता के बादल एक सप्ताह में छंट जायेंगे । किसी परिजन या अन्तरंग दोस्त का साथ मिलेगा । बोलते हुए सावधान रहें । किसी की आपके शब्दों से ग़लतफ़हमी हो सकती है । |
| **वृश्चिक** तो, ना, नी, ने, नू, नो, या, यी, यू, | अगर किसी के साथ इन दिनों आपके सम्बन्ध सही नही हैं तो आज उनसे इस बारे में बात कर सकते हैं । उनकी भी बात ध्यानपूर्वक सुनें । सामने वाले को ना तो इतनी छूट दें की आपको रोंदकर आगे बढ़ जाए,ना ही बहुत रुखा व्यवहार करना ठीक होगा । ऑफिस में आज किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति से मुलाकात सम्भव है,सतर्क और सक्रिय रहें । |
| **धनु** ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे | आपके मिलनसार स्वभाव के कारण आपके बहुत सारे दोस्त हैं लेकिन ये सभी विश्वसनीय नही हैं । आज किसी भी दोस्त पर विश्वास करने से पहले उसके बारे में अच्छी तरह से जान लें। आज आप बिलकुल स्पष्ट सोच रहे हैं और आप मुश्किल योजना बनायेंगे और उसे बहुत अच्छी तरह कार्यान्वित भी कर पायेंगे । अपने अधूरे काम आज पूरे कर दें और चिंतामुक्त हो जाएँ । |
| **मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी | आपको थोडा सा अधिक लचीला रुख अपनाना चाहिए ,लेकिन आज आप ना तो कोई अच्छी सलाह और ना ही अपने मन की आवाज सुनना चाहते हैं । आपका यह अड़ियल रवैया आपके लिये घर और कार्यस्थल दोनों ही जगह पर आपके लिए नुक्सान का कारण बनेगा । इसका एक ही समाधान है कि आप अपना दिमाग खुला रखें और दूसरों की भी बातें सुनें । |
| **कुंभ** गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा, | आज आप हर किसी पर विश्वास करने के मूड में रहेंगे । इसका नुक्सान यह है की आप किसी ऐसे आदमी के साथ भी अपनी बाते साझी कर सकते हैं जो दिल से आपका भला नही चाहता । इसीलिए पहले इस आदमियो के बारे सही से छानबीन कर लें । अगर आप पिछले कुछ समय से कार्यस्थल या घर पर किसी की बातो से असहमत हैं तो आज दोस्ती का हाथ बढाने के लिए अच्छा समय है। |
| **मीन** दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची | आज आप खुद को अधिक समर्पित अनुभव करेंगे और सारा लंबित काम निपटा लेंगे ।ये सारा काम ख़त्म करके आपको एक तरह की संतुष्टि मिलेगी जिसे आपके अन्य करीबी भी नोट करेंगे । इसका नतीजा यह होगा की आपको घर और कार्यस्थल ,दोनों ही जगह अधिक सराहना मिलेगी । |

पं महेशचन्द्र शर्मा फोन : 9167555710

# क्रिप्टोकरेंसी पर लग सकता है प्रतिबंध

## क्यों केवल 25 फीसदी लोगों ने दी निवेश की जानकारी?

नई दिल्ली, 9 जुलाई (एजेंसियां)। भारत में क्रिप्टोकरेंसी के भविष्य पर मंडरा रहे अनिश्चितता के बादल अब और गहरे हो गए हैं। दो सबसे बड़ी नीतिगत संस्थाओं आरबीआई और आयकर विभाग ने क्रिप्टोकरेंसी के खिलाफ तेवर और कड़े कर दिए हैं।

सरकारी दस्तावेजों से खुलासा हुआ है कि सीमित विनियामक स्पष्टता के पक्ष से हटकर सख्त प्रतिबंधों की तैयारी चल रही है। प्रमुख अधिकारी देश की वित्तीय स्थिरता के बढ़ते जोखिमों को लेकर चिंतित हैं, क्योंकि क्रिप्टो का व्यापार बिना स्पष्ट नियमों के लगातार जारी है।

क्रिप्टो से जुड़े जोखिमों पर बार-बार चेतावनी देने वाले आरबीआई ने फिर से कहा है कि इस पर प्रतिबंध वाली नीति ही अपनानी चाहिए। केंद्रीय बैंक ने कहा, बैंकों और वित्तीय संस्थानों को क्रिप्टो संपत्तियों एवं निजी तौर पर जारी किए गए स्टेबलकॉइन्स को रखने, व्यापार करने या उनमें एक्सपोजर लेने से रोका जाना चाहिए, ताकि इसके जोखिमों को सीमित किया जा सके।

वर्तमान में, भारतीय बैंकों को क्रिप्टो में लेनदेन से प्रतिबंधित नहीं किया गया है, लेकिन प्रमुख कर्जदाताओं ने इसे दूरी बनाई है। केंद्रीय बैंक का मानना है कि क्रिप्टो को वित्तीय तंत्र में प्रवेश मिला, तो यह बैंकिंग स्थिरता के लिए बड़ा जोखिम बन सकता है।

25% से कम लोगों ने दी क्रिप्टो में निवेश की सूचना

आयकर विभाग ने चौंकाने वाले आंकड़े पेश किए हैं। भारत में करीब 3.9 करोड़ क्रिप्टो निवेशक हैं, जिनके पास 2.1 अरब डॉलर की डिजिटल संपत्ति है। विभाग ने पाया कि मार्च, 2023 को समाप्त हुए वित्त वर्ष में जिन 6.45 लाख लोगों ने क्रिप्टो में लेनदेन किया। इनमें से 25 फीसदी से भी कम लोगों ने अपने टैक्स रिटर्न में इसकी सही जानकारी दी।

### स्टेबलकॉइन्स बन रहा है नया खतरा

आरबीआई के अनुसार, विदेशी मुद्राओं से समर्थित स्टेबलकॉइन्स, घरेलू संप्रभुता के लिए खतरा पैदा करते हैं। स्टेबलकॉइन्स को अनुमति देने से क्रिप्टो से होने वाले मुनाफे का पता लगाना और उन पर टैक्स लगाना अधिक कठिन हो सकता है, क्योंकि इससे होल्डिंग्स को फिएट करेंसी में बदलने की जरूरत कम हो जाएगी। भारत क्रिप्टोकरेंसी से होने वाले मुनाफे पर अभी 30 फीसदी की दर से टैक्स लगाता है।

# महंगे होते तेल के बीच भी भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत

नई दिल्ली, 9 जुलाई (एजेंसियां)। वॉशिंगटन इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे टकराव की वजह से दुनिया भर में तेल की कीमतें बढ़ने के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। हालांकि, वैश्विक आर्थिक संस्था ने भारत की 2026 की ग्रोथ का अनुमान थोड़ा घटाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया है, लेकिन साथ ही यह भी कहा है कि अगले साल ऊर्जा से जुड़ी दिक्कतों के कम होने पर देश की ग्रोथ और तेज होगी। आईएमएफ ने अपने ताजा 'वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक' रिपोर्ट में 2026 के लिए भारत की ग्रोथ का अनुमान अप्रैल के अनुमान से 0.1 प्रतिशत अंक घटा दिया, लेकिन 2027 के लिए अनुमान 0.2 प्रतिशत अंक बढ़ा दिया। आईएमएफ का कहना है कि उम्मीद से बेहतर आर्थिक गतिविधि और मजबूत घरेलू मांग देश के आउटलुक को सहारा दे रही है।


आईएमएफ अधिकारियों ने अपनी ताजा 'वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक' रिपोर्ट पेश करते हुए कहा कि भारत ने कई दूसरी अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले ग्लोबल अनिश्चितता का बेहतर ढंग से सामना किया है, हालांकि पश्चिम एशिया में चल रहे टकराव की वजह से ऊर्जा की बढ़ती कीमतें इस साल विकास दर पर असर डालेंगी। आईएमएफ रिसर्च विभाग की प्रमुख डेनिज इगन ने प्रेस ब्रीफिंग के दौरान पत्रकारों को बताया, 'भारत के लिए हमने इस साल के अनुमान को बहुत मामूली रूप से 0.1 प्रतिशत अंक घटाकर 6.4 कर दिया है। और अगले साल, यानी 2027 के लिए विकास दर के अनुमान को 0.2 प्रतिशत अंक बढ़ा दिया है।'

# भारत में अब दुबई से आएगी बिजली

नई दिल्ली, 9 जुलाई (एजेंसियां)। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच 1600 किलोमीटर लंबी बिजली केबल बिछाने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है. इसमें 40000 करोड़ रुपये का खर्च आना है. केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने 'इंडिया एनर्जी स्टोरेज वीक' के दौरान इसकी जानकारी दी. यह मेगा प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वन सन, वन वर्ल्ड वन ग्रिड' (OSOWOG) के विजन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका मकसद सीमा पार बिजली कनेक्टिविटी को बढ़ाना और दुनिया में क्लीन एनर्जी के सोर्सेज (सोलर एनर्जी, विंड एनर्जी) को मजबूत बनाना है. यह पावर केवल करीब 1600 किलोमीटर लंबी होगी और इसके जरिए 2 गीगावाट बिजली का आदान-प्रदान होगा. इस




केबल को अरब सागर से होते हुए भारत के गुजरात (भुज) से सीधे यूएई के तट से कनेक्ट किया जाएगा. इसमें समंदर में नीचे 3000-3500 मीटर की गहराई में हाई-वोल्टेज डायरेक्ट करंट केबल्स बिछाए जाएंगे. इस प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन पर है, जो इसे लगभग 5-6 साल में पूरा करेगी. ऊर्जा मंत्री का कहना है कि भारत सिर्फ यूएई के साथ नहीं, बल्कि इस क्षेत्र में कई दूसरे देशों के साथ भी इस विजन पर काम कर रहा है. इसमें सबसे पहला नाम सऊदी अरब का आता है, जिसके साथ भारत ने एक अंडरसी केबल प्रोजेक्ट के लिए 47000 करोड़ की डील की है. इसके अलावा, भारत का प्लान आगे आने वाले समय में श्रीलंका, सिंगापुर और यूरोप तक पावर ग्रिड नेटवर्क का विस्तार करने का है। इस प्रोजेक्ट के जरिए भारत अपनी जरूरतें पूरी के बाद सरप्लस रिन्यूऐबल एनर्जी को खाड़ी देशों में निर्यात कर सकेगा. इसके चलते अलग-अलग टाइम जोन में भी बिजली की सप्लाई भी आराम से हो सकेगी जैसे अगर भारत में रात का समय है, तो खाड़ी देशों से बिजली ली जा सकेगी और भात दिन के समय में उन्हें बिजली भेज सकेगा।



# मंत्री किरोड़ी लाल के आश्वासन के बाद धरना समाप्त

## जाम खुला, करौली-सवाई माधोपुर में इंटरनेट बंद

करौली, 9 जुलाई (एजेंसियां)। करौली में पांचना बांध के पानी को लेकर दो पक्षों में हुए मनमुटाव के बाद लगाए गए सड़क जाम को गुरुवार को खोल दिया गया. कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा की समझाइश के बाद कमांड क्षेत्र के किसान मान गए और धरने को समाप्त करने की घोषणा की. जिला प्रशासन ने सोशल मीडिया पर चल रही अनर्गल टिप्पणियों को लेकर करौली और सवाई माधोपुर में नेटबंदी कर दी है.

वार्ता में मंत्री डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि पांचना बांध का गेट खराब है, जो 7 से 10 दिन में दुरुस्त हो जाएगा और कमांड क्षेत्र की नहरों में सुचारू रूप से पानी आएगा. साथ ही सोशल मीडिया पर अनर्गल टिप्पणी करने वाले असमाजिक तत्वों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी. इसी के साथ



मौके पर समझाइश करते मंत्री किरोड़ी लाल मीणा

उन्होंने कहा कि 'अगर आप मेरी बात मानते हैं तो जाम को तुरंत खोल दें. इसके बाद कमांड क्षेत्र के प्रतिनिधिमंडल ने कुंसाय रायपुर गांव में धरना समाप्त करने के साथ जाम को खोलने की घोषणा की'. इसके बाद गुरुवार को जिले भर के सड़क मार्गों से जाम खोल दिया गया है.

करौली-सवाई माधोपुर में नेटबंदी : दोनों पक्षों में बड़े मनमुटाव के बाद सोशल मीडिया पर अनर्गल टिप्पणी की जा रही थी. टिप्पणियों को लेकर दोनों पक्षों में काफी आक्रोश व्याप्त था, जिसके बाद भरतपुर संभागीय आयुक्त ने 24 घंटे के लिए करौली और सवाई माधोपुर इलाके में नेटबंदी करने के आदेश जारी किए हैं.

गुर्जर समाज ने दी थी चेतावनी : गुड़ला गांव में हुई गुर्जर समाज की महापंचायत में गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला ने चेतावनी दी थी. उन्होंने कहा था सरकार और प्रशासन समय रहते सोशल मीडिया पर अनर्गल टिप्पणी करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करे. साथ ही रास्ते के जामों को खुलवाए, ऐसा नहीं हुआ तो गुर्जर समाज 24 घंटे में पूरे राजस्थान में जाम करेगा.

कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा जलसंसाधन मंत्री सुरेश रावत, पंचायती राज विभाग के एसीएस कृष्ण कृणाल, एडीजी बीजू जार्ज, भरतपुर संभागीय आयुक्त नलिनी कठोतिया, आईजी कैलाश चंद्र विश्नोई ने करौली सर्किट में पहुंचकर करौली कलेक्टर अक्षय गोदारा, एसपी लोकेश सोनवाल से कानून व्यवस्था सड़क मार्गों के जाम के बारे में जानकारी ली. इसके बाद सवाई माधोपुर जिले के गंगापुर सिटी में पहुंचकर कमांड क्षेत्र के प्रतिनिधिमंडल से देर रात तक वार्ता की.

# 'मेरे पास द्रौपदी की थाली है, मांगते-मांगते थक जाओगे'

## नितिन गडकरी ने सीएम भजनलाल से ऐसा क्यों कहा?

कोटा, 9 जुलाई (एजेंसियां)। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों के बाद केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दिल्ली से कोटा तक दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान बूंदी जिले के लबान के पास से राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी केंद्रीय मंत्री के साथ सड़क मार्ग से दरा टनल पहुंचे। वहीं, कोटा पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री का जोरदार स्वागत किया गया।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि एक्सप्रेस-वे केवल आवागमन का माध्यम नहीं, बल्कि क्षेत्र के बहुआयामी विकास का हाईवे है। यह एक्सप्रेस-वे जिन क्षेत्रों से होकर गुजर रहा है, वहां रोजगार, उद्योग और निवेश





के नए अवसर विकसित होंगे। उन्होंने कहा कि इस परियोजना का लगभग 80 प्रतिशत कार्य 1.10 लाख करोड़ रुपये की लागत से पूरा हो चुका है। अगले दो वर्षों में दिल्ली से मुंबई के नरीमन पॉइंट और जवाहरलाल नेहरू पोर्ट तक की यात्रा सड़क मार्ग से लगभग 12 घंटे में पूरी हो सकेगी।

मंडाना स्थित गोपालपुरा माता मंदिर के पास आयोजित आमसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे-52 से मुकुंदरा वाइल्डलाइफ सेंचुरी को बाईपास करते हुए 8-लेन दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से जोड़ने के लिए एक लिंक रोड बनाया जाएगा, जिसकी अनुमानित लागत करीब 550 करोड़ रुपये होगी। इसके अलावा कोटा को बालापुरा के रास्ते दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से जोड़ने के लिए 21 किलोमीटर लंबे चार-लेन ग्रीनफील्ड संपर्क मार्ग के निर्माण की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि इन दोनों परियोजनाओं का कार्य अगले तीन महीनों के भीतर शुरू करने का प्रयास किया जाएगा।

अपने संबोधन के दौरान नितिन गडकरी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से कहा, मेरे पास द्रौपदी की थाली है। आप मांगते-मांगते थक जाएंगे, लेकिन मैं देते-देते कभी नहीं थकूंगा। उन्होंने कहा कि उनके पास धन की कोई कमी नहीं है, लेकिन परियोजनाएं राष्ट्रीय राजमार्गों से संबंधित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बजट 10-20 करोड़ रुपये का हो या 1 लाख करोड़ रुपये का, घोषणाएं करने की क्षमता है, लेकिन हर घोषणा का एक उचित समय होता है।

अपने संबोधन में गडकरी ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि मेरे फिक्स डिपॉजिट में चेकबुक रखी है, जिस पर मैंने पहले से साइन कर रखे हैं। उसमें जितनी राशि चाहिए, आप भर लेना। उनके इस बयान पर सभा में मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर स्वागत किया।

### आधी रात बारिश बनी आफत

#### भरभराकर गिरा मकान; मलबे में दबा डेढ़ साल का मासूम समेत पूरा परिवार

अजमेर, 9 जुलाई (एजेंसियां)। अजमेर जिले के किशनगढ़ में लगातार बारिश के कारण एक कच्चा मकान ढह गया। हादसे के समय घर के अंदर मौजूद एक ही परिवार मलबे में दब गया। पुलिस और स्थानीय लोगों ने त्वरित रेस्क्यू कर मां, डेढ़ साल के मासूम और अन्य सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया। हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही मदनगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने तुरंत राहत एवं बचाव अभियान चलाया और मलबे में फंसी मां और उसके डेढ़ साल के मासूम बेटे सहित परिवार के सभी सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

# गहलोत ने सरकारी शिक्षा व्यवस्था पर उठाए सवाल

## बोले- 2 साल में ही 8 लाख से ज्यादा बच्चों का ड्रॉप आउट होना चिंताजनक

जयपुर, 9 जुलाई (एजेंसियां)। प्रदेश में सरकारी स्कूलों से बच्चों के ड्रॉप आउट होने के मामले ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है. वहीं, विपक्ष ने भी इस मामले में सरकार के एजुकेशन सिस्टम पर सवाल खड़े किए हैं. राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी इसे सरकार का कुप्रबंधन बताते हुए हमला बोला है. गहलोत ने कहा कि सरकार के कुप्रबंधन के चलते 9 लाख से ज्यादा बच्चे सरकारी स्कूलों से चले गए यह चिंताजनक है.

गहलोत ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि राजस्थान



की भाजपा सरकार के मात्र दो वर्षों में ही 8.4 लाख से अधिक स्कूल ड्रॉप आउट होना बेहद चिंताजनक है. इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है जब निजी स्कूलों में नामांकन सरकारी स्कूलों से आगे निकल गया है. यह प्रदेश के सरकारी विद्यालयों की गिरती साख का सीधा प्रमाण है. विडंबना देखिए, इस अवधि में शिक्षकों की संख्या 7.8 लाख से बढ़कर 7.9 लाख से अधिक हुई, फिर भी कुप्रबंधन के कारण सरकारी स्कूलों ने 9.3 लाख से अधिक छात्र खो दिए.

हमारे शिक्षा मॉडल को वर्तमान सरकार ने बर्बाद किया : उन्होंने कहा कि आज राजस्थान में सिर्फ स्कूलों की छतें ही नहीं गिर रहीं, बल्कि सरकारी शिक्षा तंत्र पर जनता का जो बरसों पुराना विश्वास था, वो भी गिर रहा है. शिक्षकों से गैर-शैक्षणिक कार्य करवाना, स्कूलों का इन्फ्रास्ट्रक्चर दरकना, रिपेयरिंग ठप होना और शिक्षा में सुधार के बजाय पाठ्यक्रम का लगातार राजनीतिकरण करना ही इस पतन का कारण है. जब शिक्षा मंत्री का ध्यान शिक्षा छोड़कर बाकी सब जगह रहेगा, तो यही स्थिति होनी थी. हमारी कांग्रेस सरकार ने अंग्रेजी मीडियम स्कूलों सहित जिस बेहतरीन सरकारी शिक्षा मॉडल को खड़ा किया था, उसे इस सरकार की अदूरदर्शिता ने पूरी तरह तबाह कर दिया है. राजस्थान के नौनिहालों के इस छिनते भविष्य का जिम्मेदार कौन है?

# रविन्द्र सिंह भाटी को हाईकोर्ट से राहत

## धमकी के मामले में केस पर आगे की कार्रवाई पर रोक

जोधपुर, 9 जुलाई (एजेंसियां)। बाड़मेर जिले के शिव विधासभा क्षेत्र से निर्दलीय विधायक रविन्द्र सिंह भाटी को राजस्थान हाईकोर्ट से राहत मिली है। राजस्थान हाईकोर्ट ने विधायक रविन्द्र सिंह भाटी के खिलाफ दर्ज धमकी देने के मामले में अंतरिम राहत देते हुए एफआइआर पर आगे की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। न्यायाधीश संजीत पुरोहित की एकल पीठ ने मामले में सुनवाई योग्य आधार पाते हुए राजस्थान सरकार और अन्य पक्षों से जवाब मांगा है। याचिका में विधायक रविन्द्र सिंह भाटी ने बाड़मेर के शिव थाना में दर्ज एफआइआर को चुनौती दी है।

शिकायतकर्ता छोटू सिंह ने आरोप लगाया था कि 27 मार्च, 2026 की



रात करीब 11 बजे विधायक ने उसे फोन कर धमकी दी। इसके बाद अलग-अलग मोबाइल नंबरों से कुछ अन्य लोगों ने भी उसे और उसके भाई को फोन कर जान-माल के नुकसान तथा बदनामी की धमकी दी।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता योगेन्द्र सिंह चारण ने दलील दी कि रविन्द्र सिंह भाटी निर्वाचित विधायक हैं और उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि एफआईआर में लगाए गए आरोपों से भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 351(2) और 351(3) के तहत आपराधिक धमकी का अपराध प्रथम दृष्टया नहीं बनता। याचिका में यह भी कहा गया कि घटना के पांच दिन बाद बिना किसी संतोषजनक कारण के रिपोर्ट दर्ज करवाई गई, जिससे शिकायत की सत्यता पर संदेह पैदा होता है। साथ ही, शिकायतकर्ता के बाद के आचरण से भी स्पष्ट है कि मामला राजनीतिक दबाव में दर्ज करावाया गया। दोनों पक्षों की प्रारंभिक दलीलें सुनने के बाद पीठ ने कहा कि मामला विचारणीय है।

## खाद्य तेल फैक्टरी पर छापा

# 12 हजार लीटर से अधिक तेल सील

नागौर, 9 जुलाई (एजेंसियां)। नागौर जिले के भडाणा गांव में नकली खाद्य तेल बनाए जाने की सूचना पर मूण्डवा पुलिस और खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए एक फैक्टरी



भडाणा में खाद्य तेल फैक्टरी पर छापा

पर छापा मारकर 12 हजार लीटर से अधिक संदिग्ध खाद्य तेल पकड़ा। कार्रवाई देर शाम तक चलने के कारण पूरे परिसर के कमरों को सील कर दिया गया। अब गुरुवार को खाद्य तेल के नमूने लेकर जांच की जाएगी जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई होगी। संयुक्त टीम ने रामझुंपड़ा आश्रम के सामने ऊंची चारदीवारी से घिरे परिसर में दबिश दी। यहां बड़ी मात्रा में विभिन्न ब्रांड के लेबल लगे तेल के टिन और प्लास्टिक ड्रम मिले। मौके से रिफाइंड पाम ऑयल के दो अलग-अलग ब्रांड के 23 टिन, एक अन्य ब्रांड के रिफाइंड तेल के लेबल लगे 137 टिन, रिफाइंड कॉटन सीड ऑयल के 180 टिन तथा 40 प्लास्टिक ड्रम तेल से भरे हुए मिले। बरामद तेल की कुल मात्रा 12 हजार लीटर से अधिक बताई जा रही है। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप अग्रवाल, सहायक कर्मचारी संतोष जोशी, मूण्डवा थानाधिकारी सुरेश चौधरी, एएसआई बेणीराम, हेड कांस्टेबल रामकिशोर, मुनीराम सहित पुलिस जाप्ता मौजूद रहा। अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# अमायरा की मौत के 8 महीने बाद चार्जशीट पेश

## पिता बोले-दोषियों को सजा मिलने तक न्याय अधूरा

जयपुर, 9 जुलाई (एजेंसियां)। नीरजा मोदी स्कूल में नौ वर्षीय छात्रा अमायरा की संदिग्ध मौत के करीब आठ महीने बाद पुलिस द्वारा न्यायालय में चार्जशीट पेश किए जाने के बाद परिजनों और संयुक्त अभिभावक संघ ने सभी जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। जयपुर के पिंकसिटी प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में अमायरा के पिता विजय मीणा, माता शिवानी, संयुक्त अभिभावक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल और प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक जैन 'बिट्टू' ने कहा कि मामले में स्कूल प्रबंधन, प्रिंसिपल और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय कर उनकी गिरफ्तारी की जाए। साथ ही एबेटमेंट (उकसावे) से जुड़ी धाराएं और जुवेनाइल जस्टिस



एक्ट की धारा-75 सहित अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाए।

अमायरा के पिता ने कहा कि चार्जशीट न्याय की दिशा में पहला कदम है, लेकिन दोषियों को सजा मिलने तक न्याय अधूरा रहेगा। वहीं, माता शिवानी ने आरोप लगाया कि बच्ची द्वारा दिए गए मदद के संकेतों को स्कूल प्रशासन ने गंभीरता से नहीं लिया। अभिभावक संघ ने निजी विद्यालयों में एंटी-बुलिंग सिस्टम, प्रशिक्षित काउंसलर, सीसीटीवी निगरानी और बाल सुरक्षा मानकों को कानूनी रूप से अनिवार्य बनाने की मांग करते हुए सरकार, न्यायपालिका और प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई की अपील की।

वहीं, अमारया की मां शिवानी ने कहा कि हम पुलिस की जांच से असंतुष्ट हैं, पुलिस ने बहुत प्रताड़ित किया। तरह-तरह के सवाल पूछे। नीरजा मोदी वाले बड़े लोग हैं, जहां हम जाते हैं उससे पहले इनके पैसे पहुंच जाते हैं। माता-पिता ने मीडिया के सामने घटना के दिन का एक वीडियो जारी किया जिसमें अमायरा की मौत से पहले का पूरा घटनाक्रम रिकॉर्ड है।

जयपुर के मानसरोवर इलाके की रहने वाली चौथी क्लास की छात्रा अमायरा ने पिछले साल 1 नवंबर को नीरजा मोदी स्कूल बिल्डिंग की चौथी मंजिल से कूदकर जान दे दी थी। इस दर्दनाक घटना का लाइव सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया था, जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। परिजनों का आरोप था कि उनकी बेटी अमायरा को स्कूल के कुछ बच्चे लगातार परेशान करते थे। इस बारे में क्लास टीचर से कई बार शिकायत भी की गई थी, लेकिन स्कूल प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं दिया। इसी प्रताड़ना और अनदेखी से दुखी होकर बेटी ने ऐसा कदम उठाया था। परिजनों का यह भी आरोप है कि जहां बच्ची गिरी, वहां से खून के धब्बे को स्कूल प्रशासन ने साफ करवा दिए थे। घटना के बाद मौके से सबूत सुरक्षित रखना कानूनन जरूरी होता है, लेकिन स्कूल प्रशासन ने सबूत मिटा दिए थे।

# नीमराना में 150 किलो संदिग्ध पनीर पकड़ा

## बाजार में पहुंचने से पहले किया नष्ट



मिलावटी पनीर की जांच करके नष्ट करते विभागीय अधिकारी

कोटपूतली-बहरोड़, 9 जुलाई (एजेंसियां)। जिले के नीमराना क्षेत्र में आम लोगों की सेहत से जुड़े बड़े खतरे को समय रहते टाल दिया गया। पुलिस और खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त कार्रवाई में बाजार में सप्लाई होने से पहले करीब 150 किलोग्राम संदिग्ध मिलावटी पनीर पकड़ा गया। जांच के दौरान पनीर की गुणवत्ता संदिग्ध मिलने पर उसका नमूना जांच के लिए सुरक्षित रखा गया, जबकि शेष पनीर को मौके पर ही गड्ढा खुदवाकर मिट्टी में दबाकर नष्ट कर दिया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक ईको वाहन में खराब गुणवत्ता का पनीर भरकर नीमराना क्षेत्र में बिक्री के लिए लाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने वाहन को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन में रखे तीन कोल्ड बॉक्सों से करीब 150 किलो पनीर बरामद हुआ। प्रथम दृष्टया पनीर की गुणवत्ता संदिग्ध लगने पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम को मौके पर बुलाया गया। पूछताछ में वाहन चालक उबैद ने बताया कि वह यह पनीर हरियाणा के पलवल से खरीदकर नीमराना क्षेत्र में बेचने के उद्देश्य से लेकर आया था। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मौके पर पनीर का भौतिक परीक्षण किया। रंग, गंध और गुणवत्ता में संदेह होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत विधिवत नमूने लेकर उन्हें सीलबंद किया गया। अब इन नमूनों को राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा जाएगा। प्रयोगशाला की रिपोर्ट के आधार पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पाकिस्तानी आईएसआई हैंडलर जीशान के घर एनआईए का छापा

## खंगाला गया घर का कोना-कोना, दस्तावेज किए गए जब्त

जोधपुर, 9 जुलाई (एजेंसियां)। पिछले दिनों जोधपुर में पकडे गए आईएसआई जासूस के घर पर एनआईए ने आज छापा मारा। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन आईएसआईएसके हैंडलर जीशान के जोधपुर स्थित घर पर 8 जुलाई को पहुंची।

छापेमारी के दौरान स्थानीय पुलिस के सहयोग से करीब दो घंटे तक चली इस सघन तलाशी चली। इ के बाद, एनआईए ने जीशान की एक मोटरसाइकिल जब्त कर सदर बाजार थाने में रखवाई है।

जीशान को मार्च 2026 में राजस्थान एटीएस और आंध्र प्रदेश पुलिस ने जोधपुर की नई सड़क के पास से गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल न्यायिक अभिरक्षा में है, जहां से एनआईए ने उसे एक मामले में फिर गिरफ्तार किया।





जीशान पर सोशल मीडिया के जरिए युवाओं का ब्रेनवॉश कर उन्हें आईएसआईएस से जोड़ने का गंभीर आरोप है। जांच में खुलासा हुआ है कि जीशान सोशल मीडिया पर अत्यधिक सक्रिय था।'बेनेक्स' नाम से एक ग्रुप चला रहा था। इस ग्रुप का एडमिन बनने के लिए उसने एक ऑनलाइन परीक्षा भी पास की थी। ग्रुप के जरिए वह युवाओं में कट्टरपंथी विचारधारा का प्रसार कर रहा था। गिरफ्तारी के वक्त उसके मोबाइल से कई आपत्तिजनक चैट और वीडियो बरामद किए गए थे।

नेटवर्क चलाने के लिए जीशान ने अलग-अलग नामों से कई मोबाइल सिम ले रखी थीं, जिनमें से दो सिम उसने अपने माता-पिता के नाम पर ली थीं। जीशान की गिरफ्तारी के तुरंत बाद उसके माता-पिता ने वे दोनों सिम ब्लॉक करवा दीं, जिससे एजेंसियों को पुरानी चैट रिकवर करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

इस रुकावट के बाद एनआईए ने जीशान के माता-पिता से सख्त पूछताछ की और उनकी हिदायत पर दोनों सिम दोबारा एक्टिवेट कराई गईं, ताकि डिलीट किए गए डेटा को रिकवर किया जा सके। हुई छापेमारी के दौरान एनआईए ने पूरी गोपनीयता बरतते हुए जीशान के बैंक खातों और आस-पड़ोस के लोगों से भी जानकारी जुटाई। स्थानीय पुलिस के अनुसार, आने वाले दिनों में इस नेटवर्क से जुड़े कुछ अन्य संदिग्धों से भी पूछताछ होने की संभावना है।

### चलती लक्जरी कार बनी आग का गोला

#### समय रहते बाहर निकले सवार

*शॉर्ट सर्किट की आशंका*

कोटपूतली-बहरोड़, 9 जुलाई (एजेंसियां)। जिले के नीमकाथाना शहर के नयाबास रोड पर एक चलती ऑडी कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई। कार में सवार दिल्ली निवासी तीन लोगों ने समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली। हालांकि आग की चपेट में आने से तीनों मामूली रूप से झुलस गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। घटना कोतवाली थाने से करीब 200 मीटर दूर शाम करीब 4:30 बजे हुई।

दिल्ली निवासी इरफान अपने दो साथियों के साथ ऑडी कार से दिल्ली से नीमकाथाना के बगोली गांव जा रहे थे। नयाबास रोड पर पहुंचते ही कार के बोनट से धुआं निकलने लगा। इससे पहले कि चालक कुछ समझ पाता, बोनट से तेज लपटें उठने लगीं और आग तेजी से पूरे वाहन में फैल गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कार में सवार तीनों लोगों ने तुरंत वाहन रोककर बाहर छलांग लगा दी। इस दौरान वे मामूली रूप से झुलस गए लेकिन समय रहते बाहर निकलने से उनकी जान बच गई। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए और दमकल विभाग तथा पुलिस को सूचना दी।

# ऑपरेशन नीलमणि: चरवाहा बनकर घने जंगलों में घुसी

## एएनटीएफ, इनामी ड्रग माफिया सुनील मीणा को दबोचा

जयपुर, 9 जुलाई (एजेंसियां)। राजस्थान और मध्य प्रदेश की सीमाओं पर सालों से नशे का साम्राज्य चलाने वाले, दो राज्यों की पुलिस के लिए सिरदर्द बने कुख्यात अंतरराज्यीय ड्रग माफिया सुनील मीणा को आखिरकार एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने दबोच लिया है. उसे पकड़ने के लिए एएनटीएफ टीम के जवान चरवाहा बनकर घने जंगलों में पहुंचे. आरोपी शातिर तस्कर है. जिसके खिलाफ 27 साल की उम्र में राजस्थान व मध्यप्रदेश पुलिस और सीएनबी में 19 मुकदमे दर्ज है. वह पहले कई बार पुलिस पर फायरिंग कर बच निकलने में सफल रहा था. आईजी (एएनटीएफ) विकास कुमार ने बताया कि 1.84 लाख रुपए के इनामी तस्कर सुनील को पकड़ने के लिए ऑपरेशन नीलमणि चलाया गया और एएनटीएफ की टीम आठ महीने से उसकी तलाश में जुटी थी. आखिरकार मध्यप्रदेश के जीरन (नीमच) में उसके दुर्गम ठिकाने पर पेशेवर तरीके से धावा



एएनटीएफ की गिरफ्त में आरोपी

बोलकर उसे गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई है.

15 साल की उम्र में लगा तस्करी का चस्काः उन्होंने बताया कि 27 साल के सुनील का आपराधिक रिकॉर्ड हैरान करने वाला है. वह महज 8वीं तक पढ़ा है और ईंट भट्ठा मजदूर से ड्रग्स किंगपिन बना है. वर्ष 2014 में मात्र 15 साल की उम्र में वह मोटी कमाई के लालच में डोडा-चूरा तस्करी की गाड़ियों को रात 10 से सुबह 3 बजे के बीच एस्कॉर्ट करने के धंधे में उतरा. शुरुआत में वह प्रति गाड़ी 500 रुपए लेता था, लेकिन मुनाफा बढ़ने पर उसने मध्य प्रदेश से राजस्थान में माल की सीधी सप्लाई शुरू कर दी और प्रति चक्कर 15 हजार रुपए कमाने लगा.

पुलिस से मुकाबला कर माल ठिकाने पहुंचता थाः धीरे-धीरे सुनील का दुस्साहस इतना बढ़ा कि उसने पुलिस से मुकाबला करके माल को सुरक्षित पहुंचाने का ठेका लेना शुरू कर दिया. प्रदेश की हर बड़ी तस्करी गैंग उसे अपने साथ रखने के लिए मोटी कीमत चुकाती. पुलिस के सामने आते ही वह तुरंत पिस्तौल निकालकर फायर ठोक देता. वह राजस्थान में पाली जिले के सांडेराव व देसूरी, प्रतापगढ़ के छोटी सादड़ी व एमपी के जीरन थाने की पुलिस पर सरेआम फायरिंग कर चुका है. उस पर राजस्थान, मध्यप्रदेश और एनसीबी में एनडीपीएस, आर्म्स एक्ट, हत्या का प्रयास और धोखाधड़ी जैसे गंभीर अपराधों के 19 से अधिक मामले दर्ज हैं.

# राज्यभर में आकस्मिक योजनाएं तैयार करने के निर्देश : उत्तम कुमार रेड्डी



हैदराबाद, 9 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। मानसून पर एल नीनो के प्रभाव की संभावना को देखते हुए सिंचाई एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री एन. उत्तम कुमार रेड्डी ने अधिकारियों को राज्यभर में व्यापक आकस्मिक योजनाएं तैयार करने के निर्देश दिए हैं, ताकि मौसम संबंधी किसी भी चुनौती का प्रभावी ढंग से सामना किया जा सके।

सचिवालय में गुरुवार को एल नीनो की तैयारियों को लेकर आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्री ने कहा कि यदि एल नीनो का प्रभाव देश के अन्य हिस्सों पर पड़ता है तो तेलंगाना भी इससे अछूता नहीं रह सकता। उन्होंने कृषि क्षेत्र और किसानों की आजीविका की सुरक्षा के लिए सिंचाई, कृषि और मौसम विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा कि सरकार मौसम की गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए हुए है और संबंधित विभागों तथा एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे घबराएं नहीं, क्योंकि किसी भी संभावित स्थिति से निपटने के लिए सरकार ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। मंत्री ने अधिकारियों को राज्य और जिला स्तर पर विस्तृत आकस्मिक योजनाएं तैयार करने के निर्देश दिए। इन योजनाओं में वर्षा के अनुमान, भूजल की उपलब्धता, जलाशयों में जल भंडारण, सिंचाई क्षमता और स्थानीय फसल प्रणाली को ध्यान में रखने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में कम वर्षा या लंबे समय तक सूखे जैसी स्थिति से निपटने के लिए स्पष्ट कार्ययोजना तैयार रहनी चाहिए। समीक्षा बैठक के बाद उन्होंने जिला कलेक्टरों तथा सिंचाई, कृषि और बागवानी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से चर्चा की और जिला स्तर पर तत्काल तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि भारतीय मौसम विभाग के पूर्वानुमान, सलाह और चेतावनियों पर लगातार नजर रखी जाए और उन्हें तुरंत किसानों के लिए उपयोगी दिशा-निर्देशों में बदला जाए। उन्होंने कहा कि मौसम विज्ञान, कृषि, बागवानी और सिंचाई विभागों के संयुक्त प्रयास से वैज्ञानिक जानकारी समय पर किसानों तक पहुंचनी चाहिए।

## नाश्ता करने से 30 छात्र बीमार

### जनजातीय विद्यालय के बच्चों की तबीयत बिगड़ी

नागरकर्नूल, 9 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के मन्नानूर स्थित जनजातीय कल्याण आवासीय विद्यालय में गुरुवार को नाश्ता करने के बाद करीब 30 छात्र बीमार पड़ गए।

छात्रों ने पेट दर्द और मतली की शिकायत की, जिसके बाद स्कूल प्रशासन ने उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार, नाश्ता करने के कुछ ही देर बाद छात्रों की तबीयत खराब होने लगी। स्कूल स्टाफ ने आनन-फानन में सभी बीमार छात्रों को ऑटो-रिक्शा से अचमपेट स्थित सरकारी जनरल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। छात्रों ने आरोप लगाया कि विद्यालय में पीने के लिए साफ पानी की भी पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर जांच की जा रही है।

# इस्पात और सीमेंट उद्योगों से इंदिराम्मा आवास योजना में साझेदारी का आग्रह

हैदराबाद, 9 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार ने इस्पात और सीमेंट उद्योगों से अपनी प्रमुख इंदिराम्मा आवास योजना में भागीदार बनने का आग्रह किया है, जिसका उद्देश्य महत्वपूर्ण निर्माण सामग्री की किफायती और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना है।

राजस्व एवं आवास मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी और सूचना एवं उद्योग मंत्री दुद्दिला श्रीधर बाबू ने गुरुवार को सचिवालय में शीर्ष उद्योग प्रतिनिधियों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। चर्चा मुख्य रूप से रसद को सुव्यवस्थित करने, बाजार मूल्यों को स्थिर करने और परियोजनाओं में देरी को रोकने के लिए इस्पात एवं सीमेंट की एक समर्पित आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करने पर केंद्रित थी। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई इस महत्वाकांक्षी आवास पहल का उद्देश्य निम्न आय वाले परिवारों को घर खरीदने के उनके सपने को पूरा करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। मंत्रियों ने कहा कि तेलंगाना सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही 'इंदिरम्मा हाउसेस' योजना मात्र एक आवास निर्माण कार्यक्रम नहीं है; बल्कि यह एक नेक मिशन है जिसका उद्देश्य गरीब परिवारों को गरिमापूर्ण जीवन, सामाजिक सुरक्षा और आत्मसम्मान प्रदान करना है। पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने कहा कि प्रारंभिक चरण में, सरकार ने हैदराबाद को छोड़कर पूरे राज्य में 4.50 लाख 'इंदिरम्मा' घरों के निर्माण को मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि इन घरों में से लगभग 85% घरों के लिए स्लैब का काम पूरा हो चुका है, और शेष 15% घरों का निर्माण कार्य विभिन्न चरणों में आगे बढ़ रहा है। मंत्री जी ने आगे बताया कि दूसरे चरण की योजना बनाई जा रही है, जिसके तहत अतिरिक्त 25 लाख घरों को मंजूरी दी जाएगी और प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र को 2000 इकाइयां आवंटित की जाएंगी। क्योर के अधिकार क्षेत्र में एक लाख घरों का लक्ष्य रखा गया है। श्रीनिवास रेड्डी ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि आदिवासी निर्वाचन क्षेत्रों को अतिरिक्त 1,000 से 1,500 घर मिलेंगे और आवंटन प्रक्रिया जारी है, जिसमें बाद के चरणों में और अधिक स्वीकृति मिलने की उम्मीद है। उन्होंने गर्वपूर्वक कहा कि भारत में कोई भी अन्य राज्य आवास निर्माण के प्रति तेलंगाना की प्रतिबद्धता की बराबरी नहीं कर रहा है, जिसमें प्रति यूनिट 5 लाख रुपये की पूर्ण 100% सब्सिडी प्रदान करना शामिल है, जिससे तेलंगाना सरकार इस क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर एक मिसाल कायम कर रही है।

# 'नाती' की मासूम जिद के आगे झुके सीएम रेवंत रेड्डी

> व्यस्तताओं के बीच बनाई प्यार से पूरी



हैदराबाद, 9 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी को अपने नाती की मासूम जिद के आगे झुकना पड़ा। सार्वजनिक जीवन की व्यस्तताओं के बीच उन्होंने नाती के लिए अपने हाथों से पूरी बनाई।

मुख्यमंत्री के इस स्नेह भरे अंदाज से नाती के चेहरे पर खुशी साफ झलक उठी। 'नाना'... आप अपने हाथों से पूरी बनाएंगे, तभी मैं खाऊंगा- नाती की इस मासूम जिद में भी रिश्तों की मिठास और अपनापन छिपा था। पास में खड़ा नन्हा नाती हाथों में आटे की लोई लिए हुए था। सीएम के पूरी तलने के बाद उसके चेहरे पर खिलखिलाती मुस्कान और आंखों में नाना के साथ बिताए अनमोल पलों की खुशी साफ दिख रही थी। हां, सामने रखी कुछ पूरियां भले ही पूरी तरह गोल न बनी हों, लेकिन उनमें नाना का प्यार, स्नेह और परिवार की गर्माहट समाई हुई थी। सार्वजनिक जीवन की भागदौड़ और जिम्मेदारियों के बीच परिवार के साथ बिताए गए ये छोटे-छोटे पल ही जीवन की सबसे खूबसूरत यादें बन जाते हैं। परिवार के साथ बिताया गया हर पल अनमोल होता है।

## दो सड़क हादसों में तीन की मौत

हैदराबाद, 9 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद और आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार को हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहला हादसा रंगारेड्डी जिले के शमशाबाद स्थित सत्तम राय के पास हुआ। पुलिस के अनुसार, बीन्स से लदी एक तेज रफ्तार बोलेरो वाहन दूसरे वाहन को ओवरटेक करने के दौरान अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे बस का इंतजार कर रहे यात्रियों को टक्कर मार दी। हादसे में दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान सत्तम राय निवासी सुमा और सुवर्णा के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए उस्मानिया जनरल अस्पताल भेज दिया। दूसरा हादसा सैदाबाद क्षेत्र में हुआ, जहां एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति की आरटीसी बस की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, चंद्रायांगुट्टा निवासी सैयद खादर अली की मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ने से वह सड़क पर गिर गए।

# तेलंगाना पुलिस खेल एवं क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन

## हैदराबाद पुलिस बनी ओवरऑल चैंपियन




हैदराबाद, 9 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। मल्काजगिरी पुलिस आयुक्तालय के तत्वावधान में आयोजित 5वीं तेलंगाना पुलिस खेल एवं क्रीड़ा प्रतियोगिता-2026 (क्लस्टर-ए) का गुरुवार को सरूरनगर इंडोर स्टेडियम में भव्य समापन हुआ। दो दिनों तक चली इन प्रतियोगिताओं में राज्यभर की 21 पुलिस इकाइयों के 831 पुलिस खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं में हैदराबाद पुलिस आयुक्तालय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप अपने नाम की। तेलंगाना स्पेशल पुलिस-द्वितीय (टीजीएसपी-द्वितीय) दूसरे स्थान पर रही, जबकि मल्काजगिरी पुलिस आयुक्तालय ने तीसरा स्थान हासिल किया। क्लस्टर-ए के अंतर्गत कुल 14 इंडोर खेल विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें कुश्ती, मुक्केबाजी, शरीर सौष्ठव, हाथ कुश्ती, भारोत्तोलन, शक्ति भारोत्तोलन, योग, जूडो, वुशु, ताइक्कांडो, कराटे, पेंचक सिलाट, तलवारबाजी और जिम्नास्टिक शामिल थे। इन प्रतियोगिताओं में 21 पुलिस इकाइयों के कुल 831 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें 683 पुरुष और 148 महिला पुलिसकर्मी शामिल थे। हैदराबाद, साइबराबाद, राचकोंडा, मल्काजगिरी पुलिस आयुक्तालयों के अलावा जिला पुलिस इकाइयां, तेलंगाना स्पेशल पुलिस, आरबीवीआरआर तेलंगाना पुलिस अकादमी, पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, ग्रेहाउंड्स, ऑक्टोपस, संचार विभाग, पुलिस कंप्यूटर सेवा एवं मानक इकाई, पुलिस परिवहन संगठन, खुफिया विभाग, साइबर सुरक्षा ब्यूरो, तेलंगाना एंटी नारकोटिक्स ब्यूरो, अपराध जांच विभाग और रेलवे पुलिस सहित विभिन्न इकाइयों ने भाग लिया। हैदराबाद पुलिस आयुक्तालय ने कुल 140 पदक जीतकर पहला स्थान प्राप्त किया। इसमें 64 स्वर्ण, 44 रजत और 32 कांस्य पदक शामिल हैं। तेलंगाना स्पेशल पुलिस-द्वितीय ने कुल 58 पदक जीतकर दूसरा स्थान हासिल किया, जिसमें 19 स्वर्ण, 16 रजत और 23 कांस्य पदक शामिल हैं। मल्काजगिरी पुलिस आयुक्तालय भी 58 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। इसमें 12 स्वर्ण, 20 रजत और 26 कांस्य पदक शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष से तेलंगाना पुलिस खेलों का आयोजन अखिल भारतीय पुलिस खेल कैलेंडर के अनुसार क्लस्टर प्रणाली में किया जा रहा है। इससे अधिक पुलिसकर्मियों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा और खेलों का आयोजन अधिक वैज्ञानिक एवं प्रभावी तरीके से किया जा सकेगा। क्लस्टर-सी प्रतियोगिताएं सितंबर 2026 में आरबीवीआरआर तेलंगाना पुलिस अकादमी में, क्लस्टर-बी नवंबर में फ्यूचर सिटी आयुक्तालय में, क्लस्टर-डी वरंगल आयुक्तालय में तथा क्लस्टर-ई और समापन समारोह निजामाबाद आयुक्तालय में आयोजित किए जाएंगे। विजेता खिलाड़ियों को उप्पल जोन के पुलिस उपायुक्त के. सुरेश कुमार, और सीएआर मल्काजगिरी के पुलिस उपायुक्त के. श्याम सुंदर सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने कोंडा सुरेखा से की मुलाकात, हुस्नाबाद विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा



हैदराबाद, 9 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने गुरुवार को हैदराबाद के जुबली हिल्स स्थित वन, पर्यावरण एवं देवस्थान धर्मादाय मंत्री कोंडा सुरेखा के आवास पर उनसे मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र हुस्नाबाद के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने वन एवं देवस्थान धर्मादाय विभागों से संबंधित कई लंबित मामलों और फाइलों की स्थिति से मंत्री कोंडा सुरेखा को अवगत कराया। उन्होंने इन विषयों पर आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध करते हुए एक ज्ञापन भी सौंपा। इस अवसर पर मंत्री कोंडा सुरेखा ने कहा कि हुस्नाबाद विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए उनके विभागों की ओर से पूरा सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि वन एवं देवस्थान धर्मादाय विभागों से संबंधित ज्ञापन में उल्लेखित विषयों की सकारात्मक रूप से समीक्षा कर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# कम बारिश से तेलंगाना में जल संकट का खतरा

## जलाशयों में घट रहा पानी, बढ़ी चिंता



हैदराबाद, 9 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। कमजोर मानसून के कारण तेलंगाना में पेयजल संकट की आशंका बढ़ गई है। राज्य के प्रमुख जलाशयों में पानी का स्तर लगातार घट रहा है और कृष्णा तथा गोदावरी नदियों में जल प्रवाह भी काफी कम हो गया है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जुलाई के अंत तक अच्छी बारिश नहीं हुई तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

बुधवार शाम तक राज्य के प्रमुख जलाशयों में कुल 1,059 टीएमसी फीट क्षमता के मुकाबले केवल 337.46 टीएमसी फीट पानी उपलब्ध था। पिछले वर्ष इसी अवधि में जल भंडार 522.31 टीएमसी फीट था। मानसून शुरू हुए एक महीने से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन राज्य में सामान्य से कम बारिश दर्ज की गई है। कृष्णा नदी क्षेत्र के जलाशयों की स्थिति सबसे ज्यादा चिंताजनक बताई जा रही है। श्रीशैलम जलाशय में इस समय करीब 42 टीएमसी फीट पानी है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह आंकड़ा 199 टीएमसी फीट था। वहीं नागार्जुन सागर में भी पानी का स्तर काफी कम है। कर्नाटक के ऊपरी जलाशयों से पर्याप्त पानी नहीं मिलने के कारण स्थिति और चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। गोदावरी बेसिन के प्रमुख जलाशयों श्रीरामसागर, येल्लमपल्ली, सिंगूर और निजामसागर में भी जल स्तर कम है। हालांकि प्राणहिता नदी में जल प्रवाह बेहतर है, लेकिन अधिकांश पानी बिना भंडारण के आगे बह रहा है। कम बारिश का असर खेती पर भी पड़ा है। इस मौसम में अब तक केवल 55.31 लाख एकड़ क्षेत्र में ही बुआई हो सकी है, जबकि सामान्य तौर पर यह क्षेत्र करीब 1.32 करोड़ एकड़ रहता है। जलाशयों में घटते भंडार से मिशन भागीरथा योजना की पेयजल आपूर्ति को लेकर भी चिंता बढ़ गई है, क्योंकि यह योजना कई प्रमुख जलाशयों पर निर्भर है। अधिकारियों ने स्थानीय प्रशासन को वैकल्पिक जल स्रोतों की पहचान करने, निजी बोरवेल का उपयोग करने और जरूरत पड़ने पर टैंकरों से पानी पहुंचाने की तैयारी रखने के निर्देश दिए हैं।

## सामुदायिक कुत्ते की हत्या पर एफआईआर पशु क्रूरता मामले में पांच पर आरोप

हैदराबाद, 9 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। नेल्लोर जिले के कोवूर क्षेत्र में एक सामुदायिक कुत्ते को कथित रूप से पीट-पीटकर मारने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई पीपल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (पेटा) इंडिया, स्ट्रे एनिमल फाउंडेशन ऑफ इंडिया और एक स्थानीय निवासी की शिकायत के आधार पर की गई। शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने 29 जून को कुत्ते को लाठियों से बुरी तरह पीटा था। इसके बाद 1 जुलाई को वे दो अन्य लोगों के साथ दोबारा आए और फिर से हमला किया, जिससे कुत्ते की मौत हो गई।

पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 325 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पेटा इंडिया ने कहा कि किसी जानवर को मारना या गंभीर रूप से घायल करना संज्ञेय अपराध है, जिसमें दोषी पाए जाने पर पांच वर्ष तक की कैद, जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। पेटा इंडिया के प्रतिनिधि वामसी कृष्णा ने कहा कि जानवरों के प्रति क्रूरता करने वाले लोग भविष्य में अन्य जानवरों या इंसानों के लिए भी खतरा बन सकते हैं। उन्होंने लोगों से ऐसे मामलों की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।

# 44 साल इंतजार, पति का शव लौटा

> दुबई गए पति की मौत से टूटी उम्मीद



मेदक, 9 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। मेदक जिले के दुब्बक मंडल के चेल्लापुर गांव की 65 वर्षीय लक्ष्मी ने अपने पति के लौटने का 44 वर्षों तक इंतजार किया, लेकिन आखिरकार उन्हें उनका शव ही देखने को मिला। दुबई में रह रहे उनके पति बोद्दू चंद्रैया की मृत्यु के बाद भारतीय दूतावास की सूचना पर उनका पार्थिव शरीर भारत लाया गया। जानकारी के अनुसार, करीब 46 वर्ष पहले चंद्रैया रोजी-रोटी की तलाश में दुबई गए थे।

आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उन्होंने कुछ वर्ष काम कर वापस लौटने की योजना बनाई थी, लेकिन कुछ समय बाद परिवार का उनसे संपर्क पूरी तरह टूट गया। उस समय दंपति की कोई संतान नहीं थी। पति के विदेश में रहने के दौरान लक्ष्मी ने अपने सास-ससुर की सेवा की और उनके निधन के बाद अंतिम संस्कार भी कराया। बाद में पति के छोटे भाई और बहन के निधन पर भी उन्होंने सभी जिम्मेदारियां निभाईं। दिहाड़ी मजदूरी कर उन्होंने अपना जीवन चलाया, लेकिन पति के लौटने की उम्मीद कभी नहीं छोड़ी। उन्हें इन वर्षों में पति की ओर से कोई आर्थिक सहायता भी नहीं मिली। करीब एक सप्ताह पहले भारतीय दूतावास ने लक्ष्मी को सूचना दी कि चंद्रैया का निधन 27 मई को हो गया था और उनका शव स्थानीय अस्पताल में रखा गया है। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद बुधवार को पार्थिव शरीर हैदराबाद पहुंचा।

पति का शव देखकर लक्ष्मी फूट-फूटकर रो पड़ीं। ग्रामीणों और परिजनों ने अंतिम संस्कार कराया तथा लक्ष्मी की निष्ठा और धैर्य की सराहना की। वर्तमान में वह 2,000 रुपये मासिक वृद्धावस्था पेंशन के सहारे जीवन यापन कर रही हैं।

## टास्क फोर्स ने किशोरी को बचाया


### अपहरण मामले में दो संदिग्ध हिरासत में

हैदराबाद, 9 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद पुलिस की कमिश्नर टास्क फोर्स ने कार्रवाई करते हुए 14 वर्षीय एक किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया, जिसे कथित रूप से लालच देकर घर से ले जाने के बाद एक मकान में बंधक बनाकर रखा गया था। मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, किशोरी 1 जून को कुछ युवकों के बहकावे में आकर घर से चली गई थी। आरोप है कि युवकों ने उसे महंगा मोबाइल फोन और नकदी देने का लालच दिया था। बाद में उसे बंडलागुडा के गौसनगर स्थित एक मकान में रखा गया। इस बीच 3 जून को फलकनुमा थाने में अपहरण का मामला दर्ज होने के बाद पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी।

सूचना मिलने पर टास्क फोर्स ने बुधवार शाम छापा मारकर किशोरी को सुरक्षित बाहर निकाला। पुलिस का कहना है कि कुछ महिलाओं पर भी किशोरी को बंधक बनाए रखने और उसके ठिकाने की जानकारी छिपाने का आरोप है। उनकी तलाश भी की जा रही है। बरामद किशोरी को आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए भरोसा केंद्र भेजा गया है, जहां उसका बयान दर्ज किया जाएगा। पुलिस इस मामले में मानव तस्करी की आशंका को भी ध्यान में रखते हुए सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

## हैदराबाद में 14 जुलाई से 'कौसल्यम 2026'

### हस्तशिल्प और वस्त्र परंपरा का होगा संगम



हैदराबाद, 9 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना शिल्प परिषद 14 से 16 जुलाई तक वित्तीय जिले स्थित अन्वया कन्वेंशन में 'कौसल्यम 2026' का आयोजन करेगी। तीन दिवसीय इस आयोजन का उद्घाटन 14 जुलाई की शाम होगा। आम लोगों के लिए प्रवेश निःशुल्क रहेगा और प्रदर्शनी प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक खुली रहेगी।

इस आयोजन में देश की समृद्ध वस्त्र परंपरा, हस्तशिल्प और कारीगरों की कला को एक ही स्थान पर प्रदर्शित किया जाएगा। देशभर से 75 से अधिक वस्त्र स्टूडियो और शिल्प प्रदर्शक भाग लेंगे, जबकि 120 से अधिक स्टॉल पर हस्तनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

कार्यक्रम में 'सीता अन्वेषणा' नामक तेलुगु-अंग्रेजी चमड़े की कठपुतली प्रस्तुति और संवर्धित वास्तविकता पर आधारित 'विराट पर्वम' चेरियल स्क्रॉल कहानी जैसी विशेष प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। आगंतुकों को वस्त्र संग्रहालय देखने के साथ ही 40 विशेष हस्तनिर्मित संग्रहों का अवलोकन करने और शिल्पकारों, डिजाइनरों तथा रचनात्मक उद्यमियों से सीधे संवाद करने का अवसर मिलेगा।

आयोजकों के अनुसार, इस आयोजन से प्राप्त धनराशि का उपयोग भारून कढ़ाई क्लस्टर के पुनरुद्धार और अन्य शिल्प विकास परियोजनाओं के लिए किया जाएगा।

## सबरी एक्सप्रेस में जहर खाने वाली महिला की मौत, प्रेम संबंध के चलते उठाया था कदम

हैदराबाद, 9 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। सबरी एक्सप्रेस में कथित रूप से जहरीला पदार्थ खाने वाली 36 वर्षीय महिला की गांधी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने मामले में जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान मूसापेट निवासी गुलिवेंदुला नीलावेनी के रूप में हुई है, जो मूल रूप से श्रीकाकुलम जिले के चपरा गांव की रहने वाली थी। बताया गया कि 7 जुलाई को नीलावेनी और श्रीराम सिरिश कुमार कोयंबटूर से सिकंदराबाद आ रही सबरी एक्सप्रेस के सामान्य डिब्बे में यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान दोनों ने कथित रूप से कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन के पास पहुंचने पर दोनों बेहोश हो गए, जिसके बाद रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि विवाहित और दो बच्चों के पिता सिरिश कुमार का पिछले दो महीनों से नीलावेनी के साथ संबंध था। दोनों कोयंबटूर में रह रहे थे। बाद में सिरिश कुमार की पत्नी उन्हें वापस हैदराबाद आने के लिए राजी कर लाई और सभी लोग एक साथ ट्रेन से लौट रहे थे। पुलिस का संदेह है कि सामाजिक बदनामी के डर से दोनों ने यात्रा के दौरान यह कदम उठाया। उपचार के दौरान नीलावेनी की मौत हो गई, जबकि सिरिश कुमार का इलाज जारी है। नीलावेनी के भाई की शिकायत पर जीआरपी ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतका अपने पीछे पति और दो बेटों को छोड़ गई है।

## दूसरे शनिवार को खुलेंगे स्कूल, 11 जुलाई को नहीं रहेगी छुट्टी

हैदराबाद, 9 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में इस महीने दूसरे शनिवार, 11 जुलाई को स्कूलों में अवकाश नहीं रहेगा। शिक्षा विभाग ने इस दिन को कार्य दिवस घोषित किया है और राज्य के सभी सरकारी स्कूल सामान्य रूप से संचालित होंगे। विभाग के अनुसार, ग्रीष्मकालीन अवकाश बढ़ाए जाने के कारण शैक्षणिक सत्र निर्धारित समय से तीन दिन बाद शुरू हुआ था। पहले स्कूल 12 जून से खुलने थे, लेकिन विभिन्न पक्षों के अनुरोध पर उन्हें 15 जून से खोला गया। इस दौरान 13 जून को दूसरा शनिवार और 14 जून को रविवार होने के कारण अतिरिक्त अवकाश हो गया था। शिक्षा विभाग का कहना है कि छूटी हुई पढ़ाई की भरपाई करने और शैक्षणिक कैलेंडर 2026-27 के अनुसार निर्धारित शिक्षण दिवस पूरे करने के उद्देश्य से 11 जुलाई को दूसरे शनिवार की छुट्टी रद्द कर दी गई है। इसलिए इस दिन राज्य के सभी स्कूलों में नियमित रूप से कक्षाएं संचालित होंगी।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# सौरव गांगुली आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होंगे

## भारत के 12वें क्रिकेटर बनेंगे; कल होगा ऐलान




कोलकाता, 9 जुलाई (एजेंसियां)। भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसकी घोषणा 11 जुलाई को स्कॉटलैंड के एडिनबर्ग में आईसीसी की सालाना कॉन्फ्रेंस में होगी। गांगुली हॉल ऑफ फेम में जगह बनाने वाले भारत के 12वें क्रिकेटर होंगे।

54वें जन्मदिन पर गांगुली को यह बड़ी उपलब्धि मिलने जा रही है। इसी दिन उनकी बायोपिक 'दादा- द सौरव गांगुली स्टोरी' का फर्स्ट लुक भी जारी किया गया, जिसमें एक्टर राजकुमार राव 2002 नेटवेस्ट ट्रॉफी जीत के बाद लॉर्ड्स की बालकनी में जर्सी लहराते नजर आए। पोस्टर शेयर करते हुए गांगुली ने इसे अपने लिए सबसे बेहतरीन गिफ्ट बताया।

मैच फिक्सिंग विवाद के बाद 2000 में गांगुली ने भारतीय टीम की कप्तानी संभाली। उन्होंने वीरेंद्र सहवाग, हरभजन सिंह, युवराज सिंह, जहीर खान, मोहम्मद कैफ और बाद में महेंद्र सिंह धोनी जैसे खिलाड़ियों पर भरोसा जताया।

उनकी कप्तानी में भारत ने 2002 चैंपियंस ट्रॉफी जीती, 2003 वनडे वर्ल्ड कप का फाइनल खेला, इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज ड्रॉ की, 2004 में पाकिस्तान में ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज जीती और ऑस्ट्रेलिया की 16 मैचों की टेस्ट जीत की लय भी तोड़ी।

गांगुली ने भारत के लिए 113 टेस्ट में 7212 रन बनाए, जिसमें 16 शतक शामिल हैं। 311 वनडे में उनके नाम 11363 रन और 22 शतक दर्ज हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 132 विकेट भी लिए। बल्लेबाजी के बाद वे बीसीसीआई अध्यक्ष और वर्तमान में क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल के अध्यक्ष भी रहे हैं।

कपिल देव, सचिन पहले शामिल हो चुके

गांगुली के शामिल होने के बाद आईसीसी हॉल ऑफ फेम में भारत के खिलाड़ियों की संख्या 12 हो जाएगी। उनसे पहले बिशन सिंह बेदी, कपिल देव, सुनील गावस्कर, अनिल कुंबले, राहुल द्रविड़, सचिन तेंदुलकर, वीनू मांकड़, वीरेंद्र सहवाग, डायना एडुल्जी, नीतू डेविड और महेंद्र सिंह धोनी यह सम्मान हासिल कर चुके हैं।

# एलएसजी के स्टार तेज गेंदबाज ने रिटेन होने से किया मना! मिनी ऑक्शन में जाने का किया फैसला



लखनऊ, 9 जुलाई (एजेंसियां)। आईपीएल खत्म हो चुका है और घरेलू टी20 लीग का दौर लगातार जारी है. आने वाले दिनों में यूपी टी20 लीग एक बड़ा इवेंट होने जा रही है. लखनऊ सुपर जायंट्स के स्टार तेज गेंदबाज मोहसिन खान ने इस लीग के मिनी ऑक्शन में जाने का फैसला किया है, वो भी रिटेंशन को ठुकराते हुए. पिछले सीजन में वो कानपुर सुपरस्टार्स के खेल रहे थे लेकिन इस बार उनकी टीम में बदलाव हो सकता है. मिनी ऑक्शन में सभी टीमें उनके पीछे भागती हुई नजर आने वाली हैं. पिछले सीजन में उन्होंने कमाल का प्रदर्शन करते हुए कानपुर की टीम को फाइनल तक का सफर तय करवाया था.

टाइम्स ऑफ इंडिया के हवाले से सामने आ रही जानकारी के अनुसार समीर रिजवी, आदर्श सिंह, शुभ, आकिब खान, पंकज, विनीत पंवार और मोहसिन खान को रिटेन करने का प्लान बना रहे थे लेकिन मोहसिन ने मिनी ऑक्शन में उतरने का फैसला किया है. उनके मुताबिक वो नई चीजें आजमाना चाहते हैं और आगे बढ़ते रहना चाहते हैं. इस सीजन वो पूरी तरह फिट होकर लीग में उतरने वाले हैं. मोहसिन का करियर चोटों से भरा रहा है, जिसके चलते वो बहुत कम क्रिकेट ही अभी तक खेल पाए हैं.

कानपुर सुपरस्टार्स के लिए खेलते हुए मोहसिन खान की गेंदबाजी लाजवाब रही है. उन्होंने पिछले सीजन में 11 मैच खेलते हुए 15 विकेट चटकाए थे. इस दौरान उनका इकॉनमी रेट 6.94 का रहा था.

इस साल उनके आईपीएल प्रदर्शन पर नजर डालें तो उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेलते हुए 7 मैचों में 11 विकेट अपने नाम किए थे. आईपीएल 2025 में भी वो टीम का हिस्सा थे लेकिन चोट के चलते एक भी मुकाबला नहीं खेल पाए थे. आईपीएल में मोहसिन केवल लखनऊ का ही हिस्सा रहे हैं और अब तक 38 विकेट झटक चुके हैं.

# कौन हैं अर्नव पापरकर ? विंबलडन में भारत का सपना जिंदा रखने वाले टेनिस सितारे की कहानी




लंदन9 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय टेनिस को एक नया सितारा मिल गया है। 18 वर्षीय अर्नव पापरकर ने विंबलडन जूनियर्स बॉयज़ सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाकर इतिहास रच दिया है। जापान के रियो तबाता को 6-2, 6-1 से हराकर अर्नव 36 साल बाद इस मुकाम तक पहुंचने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने। उनसे पहले 1990 में लिएंडर पेस ने यह उपलब्धि हासिल की थी। इस शानदार प्रदर्शन ने अर्नव को भारतीय टेनिस के दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में ला खड़ा किया है। आइए जानते हैं आखिर कौन हैं अर्नव पापरकर और कैसे उन्होंने इस ऐतिहासिक मुकाम तक का सफर तय किया।


अर्नव ने सिर्फ क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर ही नहीं, बल्कि पूरे टूर्नामेंट में अपने खेल से सभी को प्रभावित किया है। उन्होंने दूसरे दौर में अमेरिका के जूनियर विश्व नंबर-तीन कीटन हैंस को 6-2, 6-3 से हराया था। इसके बाद प्री-क्वार्टर फाइनल में जापान के रियो तबाता को एकतरफा मुकाबले में 6-2, 6-1 से शिकस्त देकर अंतिम-आठ में जगह बनाई। आईटीएफ जूनियर विश्व रैंकिंग में 19वें स्थान पर मौजूद अर्नव का यह अब तक के करियर का सबसे बड़ा प्रदर्शन माना जा रहा है।

करीब छह फीट लंबे अर्नव पापरकर की सबसे बड़ी ताकत उनकी पहली सर्विस मानी जाती है। कीटन हैंस के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने छह ऐस लगाए और पूरे मैच में एक भी ब्रेक प्वाइंट नहीं गंवाया। उन्होंने अपनी सर्विस पर सिर्फ 18 अंक खोए, जिसने उनके दमदार खेल की झलक दिखाई। अर्नव पहले भी कह चुके हैं कि उनकी पहली सर्विस ही उनका सबसे बड़ा हथियार है और बड़े मुकाबलों में यही उनकी सबसे बड़ी ताकत बनती है। अर्नव हेमंत बेंद्रे टेनिस अकादमी में कोच प्रसोनजीत पॉल की देखरेख में प्रशिक्षण लेते हैं। बड़े टूर्नामेंटों की तैयारी के लिए वह अपने विरोधियों के खेल का गहराई से अध्ययन करते हैं और उनकी कमजोरियों पर खास रणनीति बनाते हैं। उन्हें महाराष्ट्र स्टेट लॉन टेनिस एसोसिएशन, महाटेनिस फाउंडेशन और महाराष्ट्र सरकार की 'मिशन लक्ष्यवेध' योजना का भी सहयोग मिला है। इसके अलावा उन्हें कॉरपोरेट स्पॉन्सर आर्यन पंप्स का दीर्घकालिक समर्थन भी प्राप्त है। अर्नव ऐसे परिवार से आते हैं, जहां खेलों की कोई खास पृष्ठभूमि नहीं थी। लेकिन बचपन से ही उन्हें हर खेल से लगाव था। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया, 'मुझे खेलों से बहुत प्यार था। मैं टेबल टेनिस, तैराकी, क्रिकेट और फुटबॉल, जो भी खेल सकता था, खेलता था। जहां मैं तैराकी करने जाता था, उसके पास ही एक टेनिस कोर्ट था। मैं वहां रुककर खिलाड़ियों को देखता था। जब मैं छह साल का था, तब वहां के कोच ने मुझे टेनिस खेलने के लिए कहा और वहीं से मेरी इस खेल की शुरुआत हुई।' उनके माता-पिता ने भी उनकी प्रतिभा को पहचानते हुए हर कदम पर साथ दिया। उन्होंने अर्नव के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों का खर्च उठाया और बेहतर तैयारी के लिए स्पेन में ट्रेनिंग की व्यवस्था भी कराई।

अर्नव सिर्फ टेनिस ही नहीं, बल्कि फुटबॉल के भी बड़े प्रशंसक हैं। वह अपने हर प्रतिद्वंद्वी के मैच देखते हैं, उनके खेल से जुड़े नोट्स तैयार करते हैं और मुकाबले से पहले उनकी कमजोरियों पर काम करते हैं। यही आदत उन्हें कोर्ट पर रणनीतिक बढ़त दिलाती है।

अर्नव का पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय ब्रेकथ्रू 2023 में ऑस्ट्रेलियन ओपन अंडर-14 एशिया-पैसिफिक एलीट ट्रॉफी में मिला। इसके बाद उसी साल कोल्हापुर में वाइल्ड कार्ड एंट्री के साथ उन्होंने राष्ट्रीय अंडर-16 चैंपियनशिप अपने नाम की। साल 2024 में अपने 16वें जन्मदिन पर उन्होंने वाइल्ड कार्ड के जरिए एटीपी चैलेंजर स्तर पर पदार्पण किया। 2025 में उन्होंने बहरीन के आईटीएफ जे60 मनामा और मलेशिया के J200 कुआलालंपुर जैसे प्रतिष्ठित जूनियर खिताब जीते। जनवरी 2026 में वह एआईटीए अंडर-18 राष्ट्रीय नंबर-1 खिलाड़ी बने और लगातार 21 सप्ताह तक शीर्ष स्थान पर बने रहे। इसके बाद रोलां गैरो जूनियर चैंपियनशिप 2026 के तीसरे दौर में पहुंचने के साथ वह विश्व जूनियर रैंकिंग के टॉप-20 में शामिल हो गए।

# ब्रिटेन के आर्थर फेरी पहली बार विंबलडन सेमीफाइनल में पहुंचे



लंदन, 9 जुलाई (एजेंसियां)। ब्रिटेन के वाइल्डकार्ड आर्थर फेरी ने विंबलडन 2026 में उलटफेर करते हुए पहली बार ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचे। 114वीं रैंक वाले फेरी ने इटली के 9वीं सीड फ्लावियो कोबोली को 6-4, 7-6 (7-4), 6-0 से हराया।

23 साल के फेरी विंबलडन पुरुष एकल के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले सिर्फ दूसरे वाइल्डकार्ड खिलाड़ी बने हैं। उनसे पहले 2001 में गोरान इवानिसेविच ने यह उपलब्धि हासिल की थी। उन्होंने उसी साल खिताब भी जीता था। फेरी का सेमीफाइनल में फ्रेंच ओपन चैंपियन और दूसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव से सामना होगा।

सेंटर कोर्ट पर खेले गए मुकाबले में फेरी ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया। उन्होंने पहला सेट 6-4 से जीता। इसके बाद दूसरे सेट का टाई-ब्रेक 7-4 से अपने नाम किया। फिर तीसरा सेट में 6-0 से हराकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। यह फेरी के करियर का पहला ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल था।

2026 में यह दूसरी बार है जब आर्थर फेरी ने किसी ग्रैंड स्लैम में फ्लावियो कोबोली को हराया है। इससे पहले उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले राउंड में कोबोली को 7-6, 6-4, 6-1 से शिकस्त दी थी। फ्रेंच ओपन में कोबोली की भिड़ंत फेरी से नहीं हुई थी, जहां वे फ्रेंच ओपन के फाइनल तक पहुंचे थे।

फेरी ओपन एरा में विंबलडन पुरुष एकल के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पांचवे ब्रिटिश खिलाड़ी बने। उनसे पहले एंडी मरे (7 बार), टिम हेनमैन (4 बार), रोजर टेलर (2 बार) और कैमरून नॉरी (1 बार) एक बार सेमीफाइल में पहुंचे थे।

मैच के बाद फेरी ने कहा- 'हर मैच के साथ सब कुछ और बेहतर होता जा रहा है। मुझे अब भी यकीन नहीं हो रहा कि मैं विंबलडन के सेमीफाइनल में हूं।' उन्होंने कहा कि मैच से पहले वह काफी घबराए हुए थे, लेकिन अंत तक खुद पर भरोसा बनाए रखा।

# एक ही शॉट से शतक और जीत, वैभव सूर्यवंशी के आईपीएल टीममेट लुआन ड्रे ने जड़ी पहली सेंचुरी

ठोके 15 छक्के-चौके



टेक्सास, 9 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का इंटरनेशनल डेब्यू हो चुका है और उन्होंने अपने टैलेंट की कुछ झलकियां दिखाई हैं. हालांकि वो अभी तक ऐसी कोई भी बड़ी पारी नहीं खेल सके हैं, जो उन्होंने IPL में खेली थीं. मगर जल्द ही उनके बल्ले से ऐसा धमाका होने की उम्मीद हर किसी को है. मगर इस बीच IPL में राजस्थान रॉयल्स में उनके टीममेट लुआन ड्रे प्रिटोरियस ने जरूर अपनी बैटिंग से कहर बरपा दिया है. अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट में खेल रहे प्रिटोरियस ने सिर्फ 52 गेंदों में धुआंधार शतक जमाते हुए टीम को जिता दिया.

साउथ अफ्रीका के 20 साल के विकेटकीपर-बल्लेबाज लुआन ड्रे प्रिटोरियस अमेरिका की इस टी20 लीग में सेन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के लिए खेल रहे हैं. इसी टीम के लिए खेलते हुए उन्होंने एमआई न्यूयॉर्क के खिलाफ एक आतिशी पारी खेली, जिसमें जमकर चौके-छक्कों की बारिश हुई. बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने सिर्फ 52 गेंदों में ये शतक जमाया, जिसमें उन्होंने 10 चौके और 5 छक्के ठोके. उन्होंने 16वें ओवर की तीसरी गेंद पर छक्का जमाया और फिर चौथी गेंद पर चौका जमाते हुए शतक पूरा किया और साथ ही टीम को जीत भी दिलाई. प्रिटोरियस की पारी इसलिए खास थी क्योंकि टी20 क्रिकेट में उनका ये पहला ही शतक था. इसके अलावा न्यूयॉर्क की ओर से टीम को सिर्फ 144 रन का लक्ष्य मिला था और यूनिकॉर्न्स ने 146 रन बनाकर इसे हासिल कर लिया. टीम के इन 146 रन में से 102 रन अकेले प्रिटोरियस ने ठोके. यानि इस युवा बल्लेबाज ने टीम के स्कोर के लगभग 70 फीसदी रन अकेले ही बना दिए. जाहिर तौर पर ये पारी खास होनी ही थी और इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया.

इससे पहले सेन फ्रांसिस्को के कप्तान और अनुभवी ऑलराउंडर मैथ्यू शॉर्ट ने फिर अपनी स्पिन के जाल में एमआई न्यूयॉर्क के बल्लेबाजों को फंसाया. दोनों टीमों के बीच खेले गए पिछले ही मैच में शॉर्ट ने 4 विकेट लिए थे. वैसी ही बॉलिंग जारी रखते हुए यूनिकॉर्न्स के कप्तान ने इस मैच में भी 3 विकेट हासिल किए. न्यूयॉर्क के लिए ओपनर रायन रिकलटन (35) और सन्नी पटेल (32) ही कुछ देर टिककर खेल सके. इस जीत के साथ ही यूनिकॉर्न्स ने इस सीजन में 8 मैच में 10 पॉइंट्स हासिल कर लिए हैं और टेबल में पहला स्थान हासिल कर लिया है.

# 5 वर्ल्डकप खेलने वाले राफेल मार्केज मैक्सिको के नए हेड कोच बने

तोलुका (मैक्सिको), 9 जुलाई (एजेंसियां)। मैक्सिको फुटबॉल महासंघ ने बार्सिलोना के स्टार डिफेंडर रहे राफेल मार्केज को अपनी नेशनल टीम का हेड कोच बनाया है। 47 साल के मार्केज 2030 फुटबॉल वर्ल्ड कप तक टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे। वे जेवियर अगिरे की जगह लेंगे। मार्केज अब तक अगिरे के साथ असिस्टेंट कोच के रूप में काम कर रहे थे।

FMF ने कहा कि मार्केज की नियुक्ति पहले से तय उत्तराधिकार योजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य टीम में निरंतरता बनाए रखना, खिलाड़ियों का विकास करना और भविष्य की चुनौतियों के लिए मजबूत तैयारी करना है।

पूर्व कोच जेवियर अगिरे ने कहा, राफा ने कोच के रूप में लगातार विकास किया है। मैं उन्हें खिलाड़ी और साथी दोनों के रूप में जानता हूं। वह इस जिम्मेदारी के लिए पूरी तरह योग्य हैं।

# क्या फ्रांस को फीफा विश्वकप से बाहर करने की साजिश ?

## मैच में अर्जेंटीना के पांच रेफरी पर बोले कोच डेशॉ


एमबाप्पे और डेशॉ

बोस्टन, 9 जुलाई (एजेंसियां)। फीफा विश्व कप 2026 के क्वार्टर फाइनल में फ्रांस और मोरक्को के मुकाबले के लिए सभी मैच अधिकारियों के अर्जेंटीना से होने पर चर्चा तेज है। हालांकि फ्रांस के कोच डिडिएर डेशॉ ने कहा कि उन्हें रेफरी पर पूरा भरोसा है और उनकी टीम का मुकाबला मोरक्को से है, अधिकारियों से नहीं।

फीफा विश्व कप 2026 के क्वार्टर फाइनल में फ्रांस और मोरक्को के बीच होने वाले मुकाबले से पहले एक नया विवाद चर्चा में है। इस मैच के लिए मुख्य रेफरी समेत सभी मैच अधिकारियों की नियुक्ति अर्जेंटीना से की गई है। हालांकि फ्रांस के मुख्य कोच डिडिएर डेशॉ ने इस मुद्दे को तूल देने से इनकार करते हुए कहा कि उन्हें रेफरिंग टीम पर पूरा भरोसा है।

फ्रांस और मोरक्को के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल में मुख्य रेफरी फाकुंडो टेलो होंगे। उनके अलावा सहायक रेफरी, रिजर्व असिस्टेंट और चौथे अधिकारी समेत पूरी ऑफिशिएटिंग टीम अर्जेंटीना की है। 2022 विश्व कप फाइनल में अर्जेंटीना से हारने के बाद से फ्रांस और अर्जेंटीना के बीच प्रतिद्वंद्विता और बढ़ी है। ऐसे में इस नियुक्ति को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं।

मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में डेशॉ ने साफ कहा कि उनकी टीम का पूरा ध्यान सिर्फ मुकाबले पर है। उन्होंने कहा, 'हमें इस स्थिति को स्वीकार करना होगा। मुझे रेफरियों पर पूरा भरोसा है। हमारा मुकाबला मोरक्को से है, रेफरी से नहीं।' उन्होंने रेफरिंग को लेकर किसी भी तरह की चिंता जताने से इनकार किया। फ्रांस के बैकअप गोलकीपर रॉबिन रिसेर ने भी अधिकारियों का समर्थन किया। उन्होंने कहा, 'पिछले विश्व कप फाइनल के बाद से फ्रांस और अर्जेंटीना के बीच थोड़ी कड़वाहट जरूर रही है, लेकिन यह खेल का हिस्सा है।' उन्होंने आगे कहा, 'अगर इन रेफरियों को यह जिम्मेदारी मिली है तो इसका मतलब है कि वे इस स्तर की प्रतियोगिता के योग्य हैं।'

इस विश्व कप में रेफरिंग कई बार विवादों में रही है। सबसे बड़ा विवाद अर्जेंटीना और मिस्र के राउंड ऑफ-16 मुकाबले में देखने को मिला था। उस मैच में VAR की मदद से मिस्र का एक गोल रद्द कर दिया गया था। इसके बाद अर्जेंटीना ने वापसी करते हुए मुकाबला जीत लिया। मिस्र के खिलाड़ी मोस्तफा जिको और मुख्य कोच होसम हसन ने रेफरी पर ₹नाइंसाफी₹ का आरोप लगाया था और यहां तक कहा था कि टूर्नामेंट 'फिक्स' है।

डेशॉ ने रेफरिंग पर उठ रहे सवालों पर हल्के अंदाज में प्रतिक्रिया दी और कहा, 'उम्मीद है कि हमारे मैच के अधिकारी भी उतना ही अच्छा प्रदर्शन करेंगे, जितना मॉन्स्यूर लेटेक्सिए ने किया था।'

फ्रांस इस टूर्नामेंट में अब तक 14 गोल कर चुका है, जो किसी भी टीम से सबसे ज्यादा हैं। किलियन एमबाप्पे, उस्मान डेम्बेले, माइकल ओलिसे और ब्रैडली बारकोला की आक्रामक चौकड़ी शानदार फॉर्म में है। वहीं, अशरफ हकीमी की अगुआई में मोरक्को भी आत्मविश्वास से भरा है। 2022 विश्व कप में सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली अफ्रीकी टीम अब फ्रांस को हराकर नया इतिहास रचने की कोशिश करेगी। ऐसे में क्वार्टर फाइनल का यह मुकाबला जितना खिलाड़ियों के प्रदर्शन के लिए याद रखा जाएगा, उतनी ही नजरें रेफरिंग पर भी टिकी रहेंगी।

# वर्ल्डकप फाइनल में परफॉर्म करेंगे जस्टिन बीबर और शकीरा



न्यूयॉर्क, 9 जुलाई (एजेंसियां)। फुटबॉल वर्ल्ड कप के फाइनल मैच में जस्टिन बीबर, बीटीएस, मैडोना और शकीरा जैसे स्टार्स परफॉर्म करेंगे। फीफा प्रेसिडेंट जियानी इन्फैन्टिनो ने हाफटाइम शो में परफॉर्म करने वाले कलाकारों की जानकारी दी। इसके अनुसार फीफा वर्ल्ड कप के इतिहास में पहली बार करीब 11 मिनट का हाफटाइम शो आयोजित किया जा रहा है। इसका आयोजन कोल्डप्ले के फ्रंटमैन क्रिस मार्टिन की देखरेख में ग्लोबल सिटिजन के सहयोग से होगा।

फुटबॉल वर्ल्ड कप का फाइनल मैच 19 जुलाई को न्यूयॉर्क-न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में होगा।

# महिला क्रिकेटर ब्यूमोंट ने संन्यास लिया

## इंग्लैंड के लिए 13 वनडे शतक लगाए



लंदन, 9 जुलाई (एजेंसियां)। इंग्लैंड की स्टार बैटर टैमी ब्यूमोंट ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। 35 वर्षीय ब्यूमोंट शुक्रवार से भारत के खिलाफ लॉर्ड्स में होने वाले ऐतिहासिक टेस्ट मैच के बाद विदाई लेंगी।

2009 में डेब्यू करने वाली ब्यूमोंट ने अपने 17 साल लंबे करियर में 11 टेस्ट, 140 वनडे और 109 टी20 मैच खेले हैं। उनके नाम वनडे में इंग्लैंड के लिए सर्वाधिक 12 शतक दर्ज हैं। हालांकि, वे आगे भी घरेलू क्रिकेट खेलती रहेंगी।

# मेजर लीग बेसबॉल ने सूर्यकुमार को एंबेसडर बनाया



लॉस एंजिल्स, 9 जुलाई (एजेंसियां)। मेजर लीग बेसबॉल ने भारत में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए क्रिकेटर सूर्यकुमार यादव को अपना एंबेसडर नियुक्त किया है। टी-20 वर्ल्ड 2026 के विश्व विजेता कप्तान सूर्या भारतीय फैंस को बेसबॉल से जोड़ने के लिए कई कार्यक्रम और कंटेंट्स का हिस्सा बनेंगे। वे जुलाई में फिलाडेल्फिया में होने वाले एमएलबी ऑल-स्टार वीक में भी शामिल होंगे। जियो-हॉटस्टार भारत में लीग के मैचों और 'वर्ल्ड सीरीज' का ऑफिशियल ब्रॉडकास्ट पार्टनर बना रहेगा। रिलायंस की राइज वर्ल्डवाइड के सहयोग से होने वाली इस डील का मकसद भारत में बेसबॉल के फैंस बढ़ाना है।

# ओलिंपिक कमेटी ने रूस से निलंबन हटाया

## राष्ट्रगान और झंडे पर फैसला नहीं



लॉज़ेन (स्विट्जरलैंड), 9 जुलाई (एजेंसियां)। इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी (आईओसी) ने रूस की ओलिंपिक समिति पर लगा निलंबन अस्थायी रूप से हटा दिया। इससे रूस के खिलाड़ियों की 2028 लॉस एंजिलिस ओलिंपिक के क्वालिफायर और कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में वापसी का रास्ता खुल गया है। हालांकि, अभी यह तय नहीं हुआ है कि रूस अपने झंडे, राष्ट्रीय गान और आधिकारिक पहचान के साथ ओलिंपिक में हिस्सा ले सकेगा या नहीं। आईओसी ने अक्टूबर 2023 में यूक्रेन के कब्जे वाले लुहान्स्क, दोनेत्स्क, खेरसोन और जापोरिज्जिया के क्षेत्रीय ओलिंपिक परिषदों को मान्यता देने पर रूस ओलिंपिक समिति को निलंबित किया था।

आईओसी अध्यक्ष किर्स्टी कोवेंट्री ने कहा कि खिलाड़ियों को उनकी सरकार के फैसलों की सजा नहीं मिलनी चाहिए। वहीं, यूक्रेन ने इस फैसले को चिंताजनक बताया, जबकि कई खिलाड़ी संगठनों ने इसकी आलोचना की।

# राजनीति केवल चुनावों के समय तक सीमित रहनी चाहिए : रेवंत रेड्डी

## > भारत की अत्याधुनिक सौर मॉड्यूल विनिर्माण इकाई का उद्घाटन



हैदराबाद, 9 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने कहा कि राजनीति केवल चुनाव के समय तक सीमित रहनी चाहिए और बाकी समय सभी को तेलंगाना के विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विपक्ष सत्ता खोने के कारण पीड़ा में है, लेकिन अब राज्य के विकास के लिए सभी को मिलकर काम करना चाहिए। रंगारेड्डी जिले के शाबाद मंडल के सीतारामपुर में भारत की अत्याधुनिक सौर मॉड्यूल विनिर्माण इकाई के उद्घाटन के बाद आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अनेक राजनीतिक आरोपों का सामना करने के बावजूद राज्य सरकार तेलंगाना को राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में 10 प्रतिशत योगदान देने वाले अग्रणी राज्य के रूप में विकसित करने के लक्ष्य के साथ काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक तेलंगाना को तीन लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था (3 ट्रिलियन डॉलर) बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए वर्तमान निवेश पर्याप्त नहीं है और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ने के लिए राज्य के आधारभूत ढांचे को और मजबूत करना होगा। सरकार का उद्देश्य तेलंगाना को देश का नंबर एक राज्य बनाना है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण और बेंगलुरू तथा चेन्नई जैसे महानगरों में गंभीर यातायात समस्याओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हैदराबाद को प्रदूषण मुक्त और सुनियोजित शहर बनाने के लिए सरकार पहले से ही कई कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि बाह्य वलय मार्ग के भीतर 2,100 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को सेवा क्षेत्र के विकास के लिए क्योर क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। राज्य को क्योर, प्योर और रेयर क्षेत्रों में विभाजित कर सतत विकास की योजना लागू की जा रही है। रेवंत रेड्डी ने सीतारामपुर में सौर मॉड्यूल निर्माण इकाई के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला कलेक्टर को निर्देश दिया कि जिन परिवारों ने इस परियोजना के लिए अपनी भूमि दी है, उन्हें आवास उपलब्ध कराया जाए तथा उनकी आजीविका सुनिश्चित करने के लिए वाणिज्यिक परिसरों का निर्माण कराया जाए। उन्होंने रंगारेड्डी जिले के किसानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से ही यह परियोजना संभव हो सकी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि चेवेल्ला विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए विशेष धनराशि पहले ही स्वीकृत की जा चुकी है। बुडवेल से कोडंगल तक 100 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह शीघ्र ही मंदिर के उद्घाटन के लिए पुनः इस क्षेत्र का दौरा करेंगे। कार्यक्रम में प्रीमियर एनर्जीज लिमिटेड के अध्यक्ष सुरेंद्र पाल सिंह सलूजा, प्रबंध निदेशक चिरंजीवी सलूजा, कार्यकारी निदेशक रेवती रोहिणी बुरगड्डा तथा निदेशक सुधीर रेड्डी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## भारी बारिश और भूस्खलन के कारण मुंबई जाने वाली कई ट्रेनें रद्द

हैदराबाद, 9 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। मुंबई मंडल के कर्जत-लोनावला रेलखंड में भारी बारिश और भूस्खलन के कारण रेलवे ने कुछ ट्रेनों का परिचालन रद्द करने का निर्णय लिया है।

दक्षिण मध्य रेलवे के अनुसार, इन ट्रेनों को 22732 छत्रपति शिवाजी टर्मिनस मुंबई-हैदराबाद एक्सप्रेस, 22731 हैदराबाद-छत्रपति शिवाजी टर्मिनस मुंबई एक्सप्रेस, 22157 छत्रपति शिवाजी टर्मिनस मुंबई-चेन्नई एक्सप्रेस, 22158 चेन्नई-छत्रपति शिवाजी टर्मिनस मुंबई एक्सप्रेस 10 जुलाई से 17 जुलाई तक रद्द किया गया है। रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि यात्रा शुरू करने से पहले अपनी ट्रेन की स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें। भारी बारिश और भूस्खलन के कारण रेल यातायात को सुरक्षित बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है।

# पुलिस का 'ऑपरेशन थंडरबोल्ट', मंगनरी बस्ती में व्यापक तलाशी अभियान

## > बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित सामग्री बरामद, 65 अपराधी हिरासत में



हैदराबाद, 9 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से हैदराबाद शहर पुलिस ने गुरुवार तड़के हबीब नगर थाना क्षेत्र की मंगनरी बस्ती में बड़े स्तर पर घेराबंदी एवं तलाशी अभियान 'ऑपरेशन थंडरबोल्ट' चलाया। पुलिस आयुक्त वी.सी. सज्जनार के मार्गदर्शन में चलाए गए इस अभियान में सशस्त्र बलों और विशेष टीमों को तैनात किया गया।

अभियान की निगरानी अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं विशेष जांच दल) एस.एम. श्रीनिवास और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) तफसीर इकबाल ने की। पुलिस उपायुक्त, टास्क फोर्स गायकवाड़ वैभव रघुनाथ ने मौके पर पहुंचकर अभियान की निगरानी की। यह विशेष अभियान सुबह 3:30 बजे शुरू हुआ। इसमें हैदराबाद मादक पदार्थ निरोधक शाखा, टास्क फोर्स, एच-फास्ट टीम, केंद्रीय अपराध स्टेशन, सीएआर सशस्त्र बल तथा स्थानीय नगर पुलिस के कुल 1,100 पुलिसकर्मियों ने भाग लिया। तलाशी अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने कई संदिग्ध अपराधियों को हिरासत में लिया। इनमें संपत्ति अपराधी, चेन झपटमार, आदतन अपराधी और गैर-जमानती वारंट वाले आरोपी शामिल हैं।

अभियान के दौरान पुलिस ने बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित सामग्री बरामद की। इसमें गांजा के 150 पाउच, 32 कफ सिरप की बोतलें, 1 किलोग्राम गांजा और शराब की बोतलें शामिल हैं। इसके अलावा 15 मादक पदार्थ अपराधियों तथा 50 संदिग्ध संपत्ति अपराधियों को हिरासत में लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने कहा कि शहर में मादक पदार्थों की तस्करी और आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ पुलिस की शून्य सहनशीलता नीति जारी रहेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि नशीले पदार्थों के कारोबार या सार्वजनिक शांति भंग करने वाली गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शहर में अपराध नियंत्रण और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# भारत डायनेमिक्स लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक बने शैलेश वागेरवाल



हैदराबाद, 9 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) के नए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में शैलेश वागेरवाल ने गुरुवार को पदभार ग्रहण कर लिया। भारतीय आयुध निर्माणी सेवा के वरिष्ठ अधिकारी शैलेश वागेरवाल रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में लगभग तीन दशक का व्यापक और विविध अनुभव रखते हैं।

शैलेश वागेरवाल ने जोधपुर के एमबीएम अभियांत्रिकी महाविद्यालय से यांत्रिक अभियांत्रिकी में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है। इसके बाद उन्होंने यूनाइटेड किंगडम के क्रैनफ़ील्ड विश्वविद्यालय से विस्फोटक आयुध अभियांत्रिकी में विज्ञान स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की। अपने लंबे सेवाकाल के दौरान उन्होंने आयुध निर्माणी डमडम, आयुध निर्माणी इटारसी, आयुध निर्माणी खमरिया तथा रक्षा सार्वजनिक उपक्रम म्यूनिशन्स इंडिया लिमिटेड के पुणे स्थित निगम मुख्यालय में अनेक महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में उन्होंने गोला-बारूद एवं विस्फोटकों के उत्पादन, प्रशासन, रणनीतिक योजना, सामग्री प्रबंधन, गुणवत्ता आश्वासन, संयंत्र एवं मशीनरी की खरीद, परियोजना प्रबंधन, सिविल कार्य, अनुसंधान एवं विकास, निर्यात एवं व्यवसाय विकास, मानव संसाधन प्रबंधन तथा औद्योगिक संबंधों जैसे विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय विशेषज्ञता अर्जित की है।

भारत डायनेमिक्स लिमिटेड में नई जिम्मेदारी संभालने से पहले शैलेश वागेरवाल म्यूनिशन्स इंडिया लिमिटेड की खमरिया आयुध निर्माणी, जबलपुर में मुख्य महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। रक्षा उत्पादन क्षेत्र में उनके लंबे अनुभव से भारत डायनेमिक्स लिमिटेड की कार्यक्षमता और स्वदेशी रक्षा उत्पादन को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## हत्या के आरोपियों की रिमांड मांगेगी पुलिस

हैदराबाद, 9 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। बालापुर पुलिस फहद बिन अब्दुल रहमान बलखाशर की हत्या के मामले में गिरफ्तार दो आरोपियों की पुलिस रिमांड लेने की तैयारी कर रही है। पुलिस जल्द ही अदालत में याचिका दायर कर सईद बिन फैसल बाओम और सलमान बिन अब्दुल रहीम बाओम उर्फ सलाम बाओम से आगे पूछताछ के लिए हिरासत की मांग करेगी। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों को दो दिन पहले गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। अब जांच को आगे बढ़ाने और मामले के विभिन्न पहलुओं की जानकारी जुटाने के लिए पुलिस उनकी रिमांड चाहती है।

# मुख्य सचिव ने मूसी रिवरफ्रंट विकास परियोजना के प्रथम चरण का किया निरीक्षण



हैदराबाद, 9 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के मुख्य सचिव संजय जाजू ने गुरुवार को मूसी रिवरफ्रंट विकास परियोजना के प्रथम चरण के तहत विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का दौरा कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने उस्मानसागर, नरसिंगी स्थित सीवेज शोधन संयंत्र (एसटीपी) और गांधी सरोवर परियोजना क्षेत्र का निरीक्षण किया।

ये सभी राज्य की समग्र नदी पुनर्जीवन एवं शहरी विकास योजना के महत्वपूर्ण हिस्से हैं। मैदानी निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने मूसी रिवरफ्रंट विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, संयुक्त प्रबंध निदेशक, हैदराबाद महानगर जलापूर्ति एवं सीवरेज बोर्ड के प्रबंध निदेशक तथा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में बाढ़ नियंत्रण उपायों, सीवेज शोधन प्रणाली के एकीकरण, भूमि विकास की तैयारियों तथा नदी तटीय गलियारे से संबंधित आधारभूत संरचना की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। संजय जाजू ने परियोजना को दीर्घकालिक रूप से टिकाऊ, पर्यावरण संतुलित और हैदराबाद के शहरी विकास के लिए परिवर्तनकारी बनाने के उद्देश्य से कई दूरदर्शी और रणनीतिक सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय, वैज्ञानिक योजना तथा पर्यावरणीय एवं तकनीकी मानकों का कड़ाई से पालन आवश्यक है, ताकि शहर के नागरिकों को स्थायी लाभ मिल सके। मुख्य सचिव ने मूसी रिवरफ्रंट विकास निगम लिमिटेड और हैदराबाद महानगर विकास प्राधिकरण को मूसा और ईसा नदियों के बीच गांधी सरोवर तक के क्षेत्र के लिए अलग से समग्र मास्टर प्लान तैयार करने का सुझाव दिया।

इससे नदी तट के साथ बेहतर संपर्क व्यवस्था और सतत शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा। अधिकारियों ने बताया कि मुख्य सचिव के सुझावों को परियोजना के प्रथम चरण में शामिल करते हुए कार्यों में और तेजी लाई जाएगी।

# पुलिसकर्मियों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



हैदराबाद, 9 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। कुलसुमपुरा पुलिस की ओर से मैत्री अस्पताल के सहयोग से गुरुवार को पुलिसकर्मियों के कल्याण के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर का निरीक्षण एवं संचालन कुलसुमपुरा मंडल के सहायक पुलिस आयुक्त वी. तिरुपति ने किया। इस अवसर पर मंगलहाट थाना प्रभारी राघवेंद्र एस., गुडीमलकापुर थाना प्रभारी रामय्या सीएच., टप्पाचबूतरा थाना प्रभारी बालकृष्ण जी., कुलसुमपुरा थाना प्रभारी रामुलु ए. सहित विभिन्न थानों के निरीक्षक, गुप्तचर निरीक्षक, उपनिरीक्षक तथा अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में मंगलहाट, कुलसुमपुरा, टप्पाचबूतरा और गुडीमलकापुर थानों के 200 पुलिसकर्मियों का मैत्री अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा व्यापक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकों ने रक्तचाप, मधुमेह तथा अन्य सामान्य स्वास्थ्य संबंधी जांच की और आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी दिया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने कहा कि पुलिसकर्मी अत्यधिक व्यस्त और तनावपूर्ण परिस्थितियों में कार्य करते हैं। ऐसे में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने पुलिसकर्मियों से समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया।

## मंत्री कोंडा सुरेखा ने टीपीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ से की मुलाकात

### विधायक कडियम श्रीहरि की शिकायत की

हैदराबाद, 9 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना की वन, पर्यावरण एवं देवस्थान धर्मादाय विभाग की मंत्री कोंडा सुरेखा ने गुरुवार को नारसिंगी स्थित तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ के आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मंत्री सुरेखा ने स्टेशन घनपुर के विधायक कडियम श्रीहरि से उत्पन्न हो रही समस्याओं और हाल ही में उनके द्वारा देवस्थान धर्मादाय मंत्री के रूप में उनके अधिकार क्षेत्र पर सवाल उठाने वाले व्यवहार के संबंध में महेश कुमार गौड़ को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इस संबंध में अपनी शिकायत भी उन्हें सौंपी। महेश कुमार गौड़ ने मंत्री सुरेखा की बातों को सकारात्मक रूप से सुना और आश्वासन दिया कि पूरे मामले की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि संबंधित विषयों पर उचित स्तर पर चर्चा कर निष्पक्ष और न्यायसंगत समाधान निकालने के लिए प्रयास किए जाएंगे।


बीएचईएल BHEL भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
रामचंद्रपुरम हैदराबाद-502032 मानव संसाधन प्रबंधन

**Advertisement No: Apprentices/2026/03**

बीएचईएल, एचपीईपी, हैदराबाद सभी योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों को अप्रेंटिस अधिनियम, 1961 के तहत एक वर्ष की अवधि के लिए ट्रेड अप्रेंटिस के रूप में नीचे दिये गए ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु आमंत्रित करता है

| ट्रेड | इलेक्ट्रीशियन | फिटर | मशीनिस्ट | टर्नर | वेल्डर |
|---|---|---|---|---|---|
| रिक्ति | 25 | 85 | 70 | 42 | 37 |

| कारपेंटर | इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक | फाउंड्री मैन |
|---|---|---|
| 3 | 9 | 9 |

चयनित अभियर्थीयों को मासिक वृत्तिका अप्रेंटिसशिप दिशा-निर्देशों के अनुसार दिया जाएगा। योग्य एवं इच्छुक अभियार्थी (उत्तीर्ण होने का वर्ष 2023 या आगे, नियमित कर्मचारियों (सेवारत/सेवानिवृत्त/मृत) के आश्रितों के अलावा) आवेदन जमा करने और अन्य जानकारी हेतु हमारे वेबसाइट **https://hpep.bhel.com** पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन देखें।


## अवैध शराब बनाने की इकाई का भंडाफोड़

हैदराबाद, 9 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने कापरा क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित घरेलू शराब बनाने की इकाई का भंडाफोड़ करते हुए एक 68 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से बड़ी मात्रा में अवैध शराब और तैयार बोतलें बरामद की गई हैं।






# यंग इंडिया शारीरिक शिक्षा एवं खेल विश्वविद्यालय का शुभारंभ



हैदराबाद, 9 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद के गच्चीबावली स्टेडियम में गुरुवार को गच्चीबावली स्पोर्ट्स डिस्ट्रिक्ट तथा यंग इंडिया शारीरिक शिक्षा एवं खेल विश्वविद्यालय के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी, भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य पी.टी. उषा, मंत्री वाकिटि श्रीहरि, विधान परिषद के मुख्य सचेतक पट्टनम महेंद्र रेड्डी, मुख्यमंत्री के सलाहकार जितेंद्र रेड्डी, प्रसिद्ध बैडमिंटन प्रशिक्षक पुलेला गोपीचंद, खेल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.जी. किशोर, खेल प्राधिकरण के अध्यक्ष शिवसेना रेड्डी, देश के अनेक प्रख्यात खिलाड़ी, द्रोणाचार्य और अर्जुन पुरस्कार विजेता, विभिन्न निगमों के अध्यक्ष तथा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर राज्य में खेल अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने, अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं विकसित करने तथा युवाओं को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गच्चीबावली स्पोर्ट्स डिस्ट्रिक्ट और यंग इंडिया शारीरिक शिक्षा एवं खेल विश्वविद्यालय की शुरूआत की गई। सरकार ने इसे तेलंगाना को खेलों के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।






Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.